सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 31.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,758 |
| निफ्टी | 24,968 |
| सोना | 98,243 |
| चांदी | 1,12,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




रवि शास्त्री बोले-बतौर बल्लेबाज चौथा टेस्ट न खेलें ऋषभ पंत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 19 जुलाई 2025 | 4 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 201, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मौसम खराब, किन्नर कैलाश यात्रा स्थगित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** किन्नौर जिला प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए किन्नर कैलाश यात्रा को स्थगित कर दिया है। अब यह यात्रा मौसम अनुकूल होने और रास्ते ठीक होने के बाद पुन: शुरू की जाएगी। अभी इस यात्रा को असुरक्षित घोषित कर रोक दिया गया है। किन्नर कैलाश की यह यात्रा बीते मंगलवार को ही शुरू की गई थी और यह 30 अगस्त तक चलनी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा मामले पर सुनवाई टाली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया



मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 14 अगस्त तक टाल दी है। शुक्रवार को इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वे निमिषा प्रिया मामले में हरसंभव मदद कर रहे हैं। यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई है। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा मिलनी थी। हालांकि सरकार के प्रयासों और केरल के एक मुस्लिम धर्मगुरु की मदद से निमिषा प्रिया की फांसी की सजा फिलहाल टाल दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### केंद्र को 521.68 करोड़ के फंड की जांच के आदेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आवंटित 521.68 करोड़ के फंड के उपयोग पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने स्वास्थ्य सचिव द्वारा दिए गए खर्च के विवरण को अस्पष्ट मानते हुए केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत सभी वित्तीय विवरणों का सत्यापन करे और चार सप्ताह के भीतर एक विस्तृत शपथपत्र दायर करे। यह निर्देश दिसंबर 2024 में 93 चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी से जुड़ी एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया गया है।

### बंद नहीं हुए बिजली महादेव मंदिर के कपाट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सावन महीने में बिजली महादेव मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद नहीं है, बल्कि मुख्य द्वार से श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन कर सकते हैं। यह बात बिजली महादेव के कारदार विनेंद्र जंबाल ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रांति फैलाई जा रही है कि मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। मंदिर के मुख्य द्वार सेश्रद्धालुओं को दर्शन करने की अनुमति रहेगी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शोंगटोंग परियोजना का निर्माण दिसंबर 2026 तक होगा पूरा -पेज 3
- धर्मशाला शहर में हर दिन कट रहे करीब 30 चालान -पेज 4
- भाखड़ा विस्थापितों की आवाज बनी भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति -पेज 6
- प्रधान ने सचिव के हस्ताक्षर लिए बिना ही निकाले 63 हजार रुपए -पेज 9
- 8 करोड़ रुपए से सुधरेगी शहर की पेयजल व्यवस्था -पेज 12


### मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा–आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता

# गृह मंत्री शाह के दौरे से आपदा राहत पैकेज मिलने की उम्मीद

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान भूस्खलन, अचानक आई बाढ़ और सड़क अवरोधों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। इस प्राकृतिक आपदा के बीच, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावितों को राहत और पुनर्वास प्रदान करने को अपनी शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश को हुए नुकसान से अवगत कराया और सहायता की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हिमाचल प्रदेश के दौरे से राज्य को आपदा राहत पैकेज मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी अपने सीमित संसाधनों से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए अलग राहत पैकेज जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने स्थिति का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की और सभी जिलों के उपायुक्तों को त्वरित राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं, जो फंसे हुए लोगों को निकालने और राहत सामग्री पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपदा प्रभावितों के लिए अस्थायी आश्रय स्थल बनाए गए हैं और भोजन व चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

**राज्य सरकार भी अलग से राहत पैकेज जारी करेगी**

### कहा- जाखू मंदिर में स्थापित होगी प्रभु श्रीराम की प्रतिमा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में 108 फुट ऊंची भगवा पताका स्थापना समारोह में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाखू मंदिर के प्रति प्रदेशवासियों की विशेष आस्था है और यहां भगवान हनुमान की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित है। मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा लगाने का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसके लिए वन संरक्षण अधिनियम से संबंधित कुछ प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।



जाखू मंदिर में हनुमान की ध्वजा के साथ सीएम सुक्खू, उनकी पत्नी व अन्य।

# घुसपैठियों के खिलाफ होकर रहेगी कार्रवाई : पीएम मोदी

### कहा- टीएमसी ने अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया

**एजेंसी, दुर्गापुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कहा कि बंगाल में टीएमसी ने अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इसके लिए इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। यह राज्य–देश और बांग्ला संस्कृति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी ने घुसपैठियों के पक्ष में नई मुहिम शुरू की। मैं साफ कहता हूं, 'जो भारत का नागरिक नहीं है और घुसपैठ करके आया है, उस पर संविधान के तहत कार्रवाई होकर रहेगी। बंगाल के खिलाफ साजिश को भाजपा कामयाब नहीं होने देगी, यह मोदी की गारंटी है।'

मोदी ने शुक्रवार को दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें ऑयल, गैस, बिजली, सड़क और रेल से जुड़ी कई अन्य विकास परियोजनाएं शामिल हैं। गौर रहे कि अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2025 में मोदी की यह दूसरी पश्चिम बंगाल यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 29 और 30 मई को अलिपुरद्वार और कूच विहार में परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। (अनंत ज्ञान)

**भाजपा किसी भी साजिश को नहीं होने देगी कामयाब**

### प. बंगाल में 'गुंडा टैक्स' की वजह से रुका विकास

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने ने कहा कि बंगाल में कोई निवेशक नहीं आ रहे हैं। यहां



का विकास रुक गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी के 'गुंडा टैक्स' की वजह से राज्य में निवेशक आने से डरते हैं। इस तरह की भ्रष्ट और भय की राजनीति ने बंगाल की आर्थिक प्रगति को रोक दिया है और युवाओं को रोजगार से वंचित किया है। पीएम ने आगे कहा कि हम बंगाल में अवसर मांग रहे हैं। असम में भाजपा को अवसर मिला, त्रिपुरा में अवसर मिला तो विकास की नई रफ्तार मिली। अब ओडिशा में भी भाजपा सरकार बन गई है, वह भी बहुत जल्द तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में जगह बना लेगा।

# प्रदेश में 21 से 23 जुलाई तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, हिमाचल में 24 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। 19



और 20 जुलाई को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। हालांकि, 21, 22, 23 और 24 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। विशेष रूप से 21 से 23 जुलाई तक कई भागों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 20 और 24 जुलाई के लिए येलो अलर्ट है।

### मानसून में अब तक 116 लोगों की मौत

**इस** मानसून सीजन में 20 जून से अब तक हिमाचल प्रदेश में 116 लोगों की जान जा चुकी है। शुक्रवार तक भूस्खलन के कारण 250 सड़कें बाधित हो चुकी थीं, जिससे आवागमन ठप पड़ गया है। इसके साथ ही, 81 बिजली ट्रांसफार्मर और 61 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली और पानी की भारी किल्लत हो गई है। आपदा प्रभावित मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 182 सड़कें और 50 जल आपूर्ति योजनाएं ठप पड़ी हैं। यह आंकड़ा मानसून के कहर की गंभीरता को दर्शाता है। इसके अलावा, 199 लोग घायल हुए हैं और 35 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। सड़क हादसों में भी 45 लोगों की मौत हुई है। बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं ने अब तक 1356 कच्चे-पक्के घरों और दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जबकि 915 गौशालाएं भी तबाह हुई हैं। 1272 पालतू पशुओं की मौत हुई है, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में कुल नुकसान का आंकड़ा 1,22,038.37 लाख रुपये पहुंच गया है।

**भूस्खलन से 250 सड़कें ठप बिजली और पानी की किल्लत**

## अब आरक्षण रोस्टर की अंतिम तिथि 22 जुलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग ने सभी उपायुक्तों को 22 जुलाई तक नगर निकायों में आरक्षण रोस्टर हर हाल में लगाने के ताजा आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार, इलेक्शन कमीशन ने इस बाबत सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखा है। यह पत्र नूरपूर नगर परिषद डिलिमिटेशन पर हाईकोर्ट का स्टे हटने के बाद लिखा गया है। यह तीसरी बार है जब आरक्षण रोस्टर तय करने की समयसीमा बढ़ाई गई है। इससे पहले यह तारीख 11 जुलाई और फिर 15 जुलाई निर्धारित की गई थी।

यह कदम हिमाचल में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच आया है। आरक्षण रोस्टर तय करना चुनाव प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि यह विभिन्न वार्डों और पदों के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण करता है। बार–बार समयसीमा में बदलाव से चुनाव की तैयारियों में देरी की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन आयोग के इन ताजा आदेशों से प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

**हाईकोर्ट का स्टे हटने पर मिली 7 दिन की मोहलत**

# अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचेगा सेब के पेड़ों के कटान का मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर हुए अतिक्रमण के चलते फलों से लदे सेब के पेड़ों को काटने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अब प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का मन बना लिया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के नेतृत्व में इसके लिए पूरा मसौदा तैयार कर लिया गया है और अगले ही सप्ताह महाधिवक्ता तथा वन विभाग सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

सरकार का तर्क है कि इस बड़े पैमाने पर होने वाले पेड़ कटान से न केवल हिमाचल के नाजुक पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान होगा।

सरकार सुप्रीम कोर्ट में यह दलील देगी कि मानसून के इस संवेदनशील मौसम में पेड़ों की कटाई से पहाड़ी ढलानों पर भूस्खलन का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। हिमाचल पहले ही प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है, ऐसे में यह पेड़ों का कटान भारी तबाही मचा सकता है।

दरअसल, प्रदेश उच्च न्यायालय ने वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं, जिसके अनुपालन में इन दिनों बड़े पैमाने पर सेब के पेड़ काटे जा रहे हैं।

**राजस्व मंत्री नेगी के नेतृत्व में मसौदा तैयार**

### घेराव की घोषणा से डरी सरकार

**हाईकोर्ट** के आदेशों पर चल रही इस कार्रवाई का व्यापक विरोध भी हो रहा है। हिमाचल किसान सभा ने इस मुद्दे पर 29 जुलाई को प्रदेश सचिवालय का घेराव करने की भी घोषणा की है, जो सरकार पर बढ़ते दबाव को दर्शाता है।

# जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव सांसद लाएंगे : अर्जुन राम मेघवाल

### केंद्र सरकार का इस मामले से कोई संबंध नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में



महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का मामला है और केंद्र सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की तरफ से गठित आंतरिक समिति ने अपनी रिपोर्ट पहले ही सौंप दी है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि पार्टी जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लोकसभा में लाए जा रहे प्रस्ताव का समर्थन करेगी और कांग्रेस सांसद भी उसमें हस्ताक्षर करेंगे। मानसून सत्र में प्रस्ताव लाए जाने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिस वर्मा ने की जांच समिति की रिपोर्ट रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



खटखटाया है। उन्होंने कैश कांड केस में खुद को दोषी ठहराने वाली जांच रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की है। जस्टिस वर्मा ने कोर्ट में दायर अपील में कहा, 'उनके खिलाफ जो कार्रवाई की गई, वह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। मुझे खुद को साबित करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। कार्रवाई में एक व्यक्ति और एक संवैधानिक अधिकारी दोनों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है।' यह याचिका संसद का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ दिन पहले आई है। सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।

## अमेरिका ने टीआरएफ को घोषित किया आतंकी संगठन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की लिस्ट में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, 'लश्कर–ए–तैयबा के एक मुखौटा और प्रॉक्सी टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था।' इसने भारतीय सुरक्षा बलों पर कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 का हमला भी शामिल है। अमेरिकी सरकार का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पहलगाम हमले के लिए न्याय दिलाने की कोशिश है। यह कदम दिखाता है कि ट्रंप सरकार देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ी है।' (अनंत ज्ञान)

**इसने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी**

**ट्रंप सरकार भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर**

# शराब घोटाले में भूपेश बघेल का बेटा अरेस्ट

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत की कार्रवाई



**एजेंसी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई वाले घर पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा था। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में की है। ईडी ने कोर्ट से चैतन्य बघेल को लेकर पांच दिन का रिमांड मांगा है। (अनंत ज्ञान)

### हम न डरेंगे और न ही झुकेंगे : भूपेश बघेल

**बेटे** की गिरफ्तारी पर भूपेश बघेल ने कहा, 'अडानी द्वारा जो पेड़ कटाई चल रही है, इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ रही है। दबाव पूरे सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर है। विपक्ष को दबाने के लिए यह रणनीति अपनाई गई है। इससे 'हम न डरेंगे, न झुकेंगे।' वह मेरे बेटे को निशाना बना रहे हैं, ताकि कोई भी अडानी के खिलाफ आवाज न उठा सके। आज मेरे बेटे को उसके जन्मदिन पर गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल मेरे जन्मदिन पर मेरे सलाहकार को निशाना बनाया गया था।'

### आखिर क्या है छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामला ?

**छत्तीसगढ़** में 2018 में कांग्रेस ने चुनाव जीता और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने। बताया जाता है कि शराब घोटाले की शुरुआत अगले ही साल 2019 में हो गई। इससे 2022 तक छत्तीसगढ़ में शराब के जरिए काली कमाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि यह सब भूपेश बघेल सरकार की नाक के नीचे हुआ। इस मामले में वर्तमान राज्य सरकार ने कई अफसरों का गिरफ्तार किया है।

### सलाह तेज सुनवाई के लिए अलग विशेष अदालतें जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

# एनआईए मामलों की सुनवाई के लिए बने स्पेशल कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की तेज सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट और अलग इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। इसे जल्द नहीं बनाया गया, तो अदालतें आरोपियों को जमानत देने पर मजबूर होंगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को कहा, 'अगर केंद्र और राज्य सरकारें टाइम से सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट नहीं बनातीं, तो अदालतों के पास अंडर ट्रायल आरोपियों को जमानत देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।' कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोपी सालों से जेल में बंद है, जबकि अभी तक मुकदमे की सुनवाई शुरू भी नहीं हुई थी। कोर्ट ने कहा कि यूएपीए और मकोका जैसे गंभीर मामलों में तेज सुनवाई के लिए अलग विशेष अदालतें जरूरी हैं। कोर्ट ने एनआईए सचिव के हलफनामे पर भी नाराजगी जताई और कहा कि उसमें कहीं यह नहीं बताया गया कि ट्रायल में तेजी लाने के लिए सरकार ने क्या ठोस कदम उठाए। (अनंत ज्ञान)



**कहा, ऐसा नहीं हुआ तो अंडर ट्रायल आरोपियों को देनी पड़ेगी जमानत**

### गंभीर बीमार कैदियों की रिहाई के लिए समान नियम बनाएं राज्य

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जेल नियम हर राज्य के लिए अलग-अलग होते हैं, लेकिन गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई को लेकर सभी राज्यों को समान नियम बनाने चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा, जिसमें गंभीर रूप से बीमार या 70 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई की मांग की गई थी।




## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भी एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अवैध खनन माफिया के विरुद्ध पिछले 24 घंटों के दौरान कार्रवाई करते हुए एक वाहन को पकड़ कर चालान माननीय न्यायालय को प्रेषित किए गए है। जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

### अपहरण मामले में नाबालिगा 24 घंटे में बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना नादौन में 17 जुलाई को अपहरण का मामला पंजीकृत हुआ था जिसमें बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस अधीक्षक, जिला हमीरपुर के दिशा निर्देशानुसार टीम गठित करके कार्रवाई करते हुए विभिन्न तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से शुक्रवार को उक्त लड़की को पुलिस की टीम द्वारा सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया। बरामद की गई लड़की को नियमानुसार कार्रवाई करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को सकुशल सौंप दिया गया है।

### बजूर नाले की लोनिवि ने की साफ-सफाई

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा कस्बे से सटे बजूर नाले के पुराने पुल के नीचे वर्षों से जमा मलबे को अंततः लोक निर्माण विभाग द्वारा साफ किया गया है। स्थानीय लोगों की ओर से शिकायत मिलने और समाचार पत्र में मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए लोक निर्माण विभाग को मलबा हटाने के निर्देश दिए। इस ब्लॉकेज के कारण आसपास के रिहायशी इलाकों के लोगों को जलभराव व दुर्गंध की समस्या झेलनी पड़ रही थी। लोगों ने कार्य के लिए आभार जताया।

### विकास खंड के कर्मचारियों ने राहत कोष में दिया योगदान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मंडी जिले के ऊपरी क्षेत्रों में भारी बारिश और बादल फटने के कारण हुई तबाही के बाद राहत कार्यों में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा सभी राहत कार्यों का कुशलता से प्रबंधन किया गया है। विकास खंड नादौन के कर्मचारियों ने भी राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और 5 गाड़ियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सामग्री आपदा प्रभावित लोगों तक पहुंचाई क्योंकि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से निवेदन किया गया है कि वे मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दें। इसी कड़ी में विकास खंड नादौन के सभी पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक और ब्लॉक ऑफिस में कार्यरत सभी कर्मचारियों, अधिकारियों ने मिलकर 53,100 रुपए की राशि आज मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवाई है। यह जानकारी देते हुए बीडीओ निशांत शर्मा ने लोगों से निवेदन किया है कि वे आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहें और मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं।

### गोरक्षक दल भरेड़ी ने सराज भेजीं तीन गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत गोरक्षक दल भरेड़ी ने एक बार फिर मानव सेवा और सहयोग की अनूठी मिसाल पेश की है। सराज क्षेत्र में आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए दल ने दूसरी बार तीन गाड़ियों में राहत सामग्री रवाना की। इस पुनीत कार्य में प्रिंस शर्मा, शुभम, सुमित, भूमित, मीतू, अभिमन्यु, दीपक, विक्की, आशीष, बिट्टू, मनीष, मोहित, रोहित, सुनील, निर्मल कुमार, बनटी, सुरेंद्र जरियाल, अजय सोनी, प्रेमी देवी, सिमरो देवी, बिट्टू, अमर, अंकू, पंकज और देव राज ने तन-मन-धन से विशेष सहयोग दिया। दल द्वारा एकत्रित की गई राहत सामग्री में दैनिक आवश्यक की वस्तुएं राशन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान शामिल थे। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने इस योगदान की प्रशंसा की है। गोरक्षक दल भरेड़ी का यह सेवा भाव न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### 'आप' अब इंडी अलायंस का हिस्सा नहीं : गोल्डी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** देश की शिक्षा एवं स्वास्थ्य को नई दिशा देने वाली आम आदमी पार्टी अब इंडी अलायंस का हिस्सा नहीं रही। पार्टी ने इंडी अलायंस से अलग होने का ऐलान कर दिया है। यह जानकारी देते हुए 'आप' हिमाचल के प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार गोल्डी ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए पार्टी इंडी अलायंस का हिस्सा बनी थी उस उद्देश्य पर इंडी अलायंस की प्रमुख कांग्रेस पार्टी की मुख्यधारा से कोई लेना देना नहीं था तथा कांग्रेस इंडी अलायंस की बैठक में भी कभी कोई साकारात्मक चर्चा के लिए तैयार नहीं रही। उन्होंने कहा कि 'आप' ने हमेशा से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य व बिना धर्म जाति के, बिना भेदभाव के, गरीब हित जैसी कल्याणकारी उद्देश्यों हेतु कांग्रेस के विचार जनता की कोशिश की परंतु कांग्रेस का इस मुख्यधारा पर, इन विषयों पर कोई स्टैंड नहीं रहा। कांग्रेस हमेशा से इंडी अलायंस में 'आप' के कंधों का सहारा लेकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाशती रही। प्रदेश में भी कांग्रेस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण पर जनता को ठगने का काम किया तथा आपदा में मात्र घोषणाएं कर आपदा प्रभावितों को कोई सरकारी लाभ तथा सहायता प्रदान नहीं की। इस कारण गोल्डी ने कहा कि 'आप' अकेले चुनाव लड़ेगी फिर चाहे वह विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का, कहीं भी किसी भी प्रकार से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कांग्रेस का साथ नहीं देगी।



### समाजसेवी ने सरेड़ी पंचायत को दान किया वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की सरेड़ी पंचायत को क्षेत्र के समाजसेवी कृष्ण चंद सोनी ने अपने माता-पिता की याद में वाटर कूलर भेंट किया। इस वाटर कूलर के लगने से पंचायत घर और आधार पंजीकरण केंद्र में आने वाले लोगों को अब गर्मियों में ठंडे और स्वच्छ पानी की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर कृष्ण चंद सोनी ने विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद लोगों को हलवा और दलिया भी बांटा। पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने पंचायत में लोगों की सुविधा के लिए लगाए गए कूलर के लिए कृष्ण चंद सोनी का धन्यवाद किया।



### हमीरपुर शहर के क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 20 जुलाई को लाइनों और खंभों को बदलने तथा पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते उपायुक्त कार्यालय परिसर, पीडब्ल्यूडी ऑफिस एवं कॉलोनी, पुलिस लाइन, गांधी चौक, अपर बाजार, लोअर बाजार, पुलिस स्टेशन, प्रताप गली, नादौन चौक, बस स्टैंड, प्रतापनगर, अणू कलां, अणू पंचायत घर, घनाल और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बीटेक-बी फार्मेसी की काउंसलिंग फिलहाल स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक और बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री की काउंसलिंग ऑफलाइन का शैड्यूल तकनीकी कारणों से फिलहाल स्थगित किया है। जल्द ही काउंसलिंग को लेकर नया शैड्यूल जारी किया जाएगा। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि बीटेक व बी फार्मेसी की काउंसलिंग फिलहाल स्थगित की है, जल्द नई तिथियां जारी की जाएंगी।

### रविंद्र चंदेल के घर जाकर परिवार को ढांढस बंधाया

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पत्रकारिता के क्षेत्र में एक स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार रविंद्र कुमार चंदेल की पत्नी सुनीता चंदेल का पिछले दिनों स्वर्गवास हो गया था। लगभग दो वर्ष से उनकी पत्नी बीमारी के चलते अस्वस्थ चल रही थी जो कि 11 जुलाई की देर रात प्रभु के श्री चरणों में समा गई थीं। नेताओं, राजनेताओं, अधिकारियों, समाजसेवी पत्रकार बंधुओं का हर रोज उनके निवास स्थान टिहरी में संवेदनाएं करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को उनके निवास स्थान पर हजारों की संख्या में लोग संवेदनाएं देने पहुंच रहे थे। कांग्रेस पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष सुमन भारती एवं वन निगम के निदेशक कृष्ण कुमार ने भी वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र चंदेल के निवास पर ढांढस बंधाने पहुंचे थे।

### नारायण सेवा संस्थान ने बुजुर्ग को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नारायण सेवा संस्थान शाखा हमीरपुर द्वारा भारी गांव की चिड़ी देवी को अपने जीवन के 95 बसंत पूरे करने पर शाखा अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया द्वारा उनके घर पर जाकर शॉल, टोपी एवं 500 रुपए देकर सम्मानित किया। चिड़ी देवी बिल्कुल अनपढ़ है, जिसने अपना पूरा जीवन समाज सेविका के रूप में बिता दिया है। उन्होंने अपने जीवन काल में गांव में दाई के रूप में भी अपनी सेवाएं देकर 200 से भी ज्यादा गर्भवती महिलों से सफलतापूर्वक बच्चों का जन्म कराया। लोग उनको प्यार से डॉक्टरनी भी कहते हैं। नारायण सेवा संस्थान उनके सुखमय जीवन की कामना करता है। इस अवसर पर गांववासी ओम प्रकाश घुघाल, सतपाल, प्रेमी देवी व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# डंगे की गुणवत्ता की जांच हुई शुरू

## चीफ ऑफिस 'क्वालिटी कंट्रोल' ने लिए सैंपल; सवालों के घेरे में ठेकेदार, विभाग और नेता

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान हमीरपुर**

**हमीरपुर।** लिंक रोड के निर्माण में हो रही कोताही पर पीडब्ल्यूडी का अमला हरकत में आया है। चीफ ऑफिस हमीरपुर में मौजूद क्वालिटी कंट्रोल विंग ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता को ठेंगा दिखा रहे उस डंगे के सैंपल लेकर जांचने को हमीरपुर लाए हैं, जिस पर दो दिनों से खूब हो हल्ला हो रहा है। इस निर्माण के साथ क्षेत्र के नेता भी कटघरे में खड़े हुए हैं। सरकार पर भी इन नेताओं की करनी-भरनी की वजह से सवालों की 'बौछार' हो रही है।

विभाग के एक्सईएन दीपक कपिल ने भी शुक्रवार को मौके का दौरा किया। उन्होंने भी इसके निर्माण में हो रही इस कोताही और सवालों की बौछार पर हकीकत जानने का प्रयास किया है, लेकिन एक बात है कि विभाग की इस सारे मामले में जितनी 'किरकिरी' हो रही है, उसमें क्षेत्र के कांग्रेस के नेता भी अच्छे खासे लपेटे में आ चुके हैं। कारण साफ है कि निर्माण की गुणवत्ता मकम्मल तौर पर खराब दिख रही है। तकनीकी तौर पर तो जो भी रिजल्ट जांच के बाद आएगा, लेकिन साधारण व्यक्ति भी इस निर्माण



डंगे में दरारें आ रहीं नजर।

को लेकर गुणवत्ता पर सवाल उठा रहा है क्योंकि इसमें हाथ लगाने से यदि कोई चीज बाहर निकल रही है, तो फिर यह कार्य सीमेंट का नहीं हो सकता, लेकिन दुर्भाग्य यह है इस डंगे का निर्माण सीमेंट से ही हुआ है।

सीमेंट कहां गायब हो गया? यहां उसने अपनी गुणवत्ता क्यों नहीं बनाई? अब जवाब तो आला अधिकारियों को तो देना ही है, सरकार को भी देना पड़ेगा क्योंकि उसी के समर्थक ठेकेदारों की वजह से यह सारी स्थिति हंसी का पात्र बनी हुई है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**विरोधियों के लिए बना मुद्दा :** क्योंकि हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का गृह जिला है, इसलिए विरोधियों के लिए यह मुद्दा अब काफी हवा दे चुका है। स्थानीय विधायक आशीष शर्मा ने भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि साफ तौर पर इसमें गड़बड़ी लग रही है, बड़ा घोटाला हो रहा है। सड़क की कटिंग का जो पदार्थ दूसरी जगह जाना चाहिए था, उसे डंगे में प्रयोग कर लिया गया। ऐसा ही मालूम पड़ रहा है, फिर गुणवत्ता कहां से आएगी।

**जागरूक व्यक्ति के आरोप :** नंदन इलाके के जागरूक व्यक्ति मोनू ठाकुर ने आरोप लगाया है कि इस मामले की जांच की जाए और इसमें जो भी गड़बड़झाला हुआ है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो, क्योंकि इसके पीछे जो ठेकेदार सौरव पठानिया काम कर रहे हैं, उनके पिता एक बैंक के अध्यक्ष भी हैं अब ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ विभाग कहीं लीपापोती तो नहीं करेगा। इस डंगे में बड़े क्रैकस भी आ गए हैं।

### पैदा हो रहे कई सवाल

पीडब्ल्यूडी के छोटे अधिकारी जेई और सर्वेयर आखिर कहां थे? जिनकी देखरेख में यह कार्य हुआ है। क्या उन्हें नहीं लगा कि डंगे में सही मटेरियल डाला जाना चाहिए था। अब सीमेंट यदि यहां पर नहीं डाला गया है तो विभाग ने तो संबंधित ठेकेदार को सप्लाई किया है, उसका वकायदा अटेंड कटा हुआ है फिर मौके पर उसकी मौजूदगी क्यों नहीं है। सवाल तो कई हैं, लेकिन अब जवाब किस अंदाज में मिलेगा, इसका इंतजार शुरू हो गया है। क्या मुख्यमंत्री कार्यालय इस तरह के विभागों को पुनर्जीवित न होने दे। इस पर कोई ठोस कार्रवाई अमल में लाएगा, इसकी भी इंतजार है।

**गुणवत्ता के मुताबिक नहीं लग रहा काम :** अब क्योंकि संबंधित ठेकेदार सौरभ पठानिया पहले ही कह चुके हैं कि यदि कोई गड़बड़ी हुई है या फिर गुणवत्ता में कहीं कमी रही है तो उसे दुरुस्त किया जाएगा, लेकिन हमीरपुर के एक्सईएन दीपक कपिल ने मौके का दौरा करने के बाद बताया कि काम गुणवत्ता के मुताबिक नहीं लग रहा है। जांच रिपोर्ट के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# विधायक आशीष ने किया महिला मंडल उखली के भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा के विधायक आशीष शर्मा ने शुक्रवार को उखली पंचायत में विधायक निधि से नवनिर्मित महिला मंडल भवन उखली का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। इस महिला मंडल भवन को बनाने के लिए विधायक आशीष शर्मा ने विधायक निधि से तीन लाख रुपए की राशि जारी की है, जबकि इस भवन को बनवाने के लिए पंचायत के पूर्व उपप्रधान एवं वर्तमान प्रधान के पति स्व. रमन शर्मा ने अपनी मलकीयत भूमि दान दी है।

इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने समस्त महिला मंडल एवं क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि अब गांव के सामाजिक कार्यक्रम यहां आयोजित किए जा सकते हैं एवं सामाजिक कार्यक्रम में प्रयोग होने वाले सामान को महिला मंडल के इस भवन में रख सकते हैं। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक ने भूमि दानकर्ता स्व. रमन एवं समस्त परिवार का भी इस महादान के लिए आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधायक निधि से लगातार काम पूरे विधानसभा क्षेत्र में चले हुए हैं। कुछ कार्य पूरे कर जनता को समर्पित कर दिए हैं, जबकि कुछ का कार्य अभी चला हुआ है।

इस मौके पर उन्होंने जनता की समस्याएं सुनीं व मौके पर निपटारा किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह, स्थानीय पंचायत प्रधान भोली शर्मा, उपप्रधान सुशील शर्मा, स्वाति जार, अमित शर्मा, बूथ अध्यक्ष विद्यासागर, संजय, विनोद कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



महिला मंडल भवन उखली के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद विधायक आशीष शर्मा व अन्य।

## सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले 5 लोगों के चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर पुलिस द्वारा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के दौरान आज भी समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आसपास के सभी क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थलों में औचक निरीक्षण किए गए तथा निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कु ल 5 लोगों के चालान कर 500 जुर्माना वसूला गया।

जिला पुलिस हमीरपुर सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान से परहेज करें एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

## बाल मजदूरी को लेकर संयुक्त टीम ने नादौन में किया विभिन्न जगहों का निरीक्षण



बाल मजदूरी को लेकर दुकानों, ढाबों और होटलों की टीम ने जांच की।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** पैनइंडिया रेस्क्यू × रिहैबिलिटेशन ऑफ चाइल्ड इन स्ट्रीट सिचुएशन की संयुक्त टीम ने नादौन के दुकानों, ढाबों और होटलों का औचक निरीक्षण किया एवं बाल-मजदूरी व बाल-शोषण की रोकथाम के लिए स्थानीय लोगों, संचालकों व बच्चों को जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति से मीना कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन से सौरभ मेहरा एवं शबाना और जिला बाल संरक्षण इकाई से आउटरीच वर्कर अंजु कुमार एवं एसजेपीयू स्टाफ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों और ढाबा संचालकों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि छोटे बच्चों को दुकान या घर में काम पर नहीं रखा जाए, साथ ही लोगों को यह भी सूचित किया गया कि बाल श्रम से संबंधित किसी भी सूचना के लिए वे जिला बाल संरक्षण इकाई हमीरपुर अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1098 पर या आपातकालीन सेवा नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# अब रोजगार मेले के विरोध में उतरी भोरंज युवा कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज युवा कांग्रेस ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन।

भोरंज में रोजगार मेले के नाम पर ठगने के प्रयास पर भोरंज युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर की अध्यक्षता में भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। इसमें युवाओं ने कहा कि कुछ दिन पहले भोरंज में फर्जी रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा था, जो कि 18 जुलाई को प्रस्तावित था, इस रोजगार मेले के माध्यम से भोरंज के युवाओं को बड़ी-बड़ी कंपनियों का प्रलोभन देकर ठगने का प्रयास किया जा रहा था, इससे पहले भी ऐसे रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को ठगने का प्रयास किया जा चुका है।

इस रोजगार मेले के बारे में जब युवा कांग्रेस को पता चला तो उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस रोजगार मेले की जांच की जाए, जांच में यह पाया गया कि इस रोजगार मेले की प्रशासन को कोई जानकारी नहीं थी। इस मेले को लेकर और जांच की गई तो पता चला कि जिन कंपनियों के नाम रोजगार मेले में रखा गया था, उन कंपनियों ने लिखित रूप में जारी करते हुए स्पष्ट किया कि हमें इस रोजगार मेले में आने की कोई सूचना नहीं थी, जब प्रशासन को पता चला तो प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मेले को रद्द किया।

युवा कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस रोजगार मेले के आयोजनकर्ताओं के विरुद्ध जांच की जाए और जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा, उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। भोरंज में रोजगार मेलों का आयोजन तो प्रशासन और रोजगार कार्यालय के माध्यम से किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और भविष्य में ऐसी ठगी से बचा जा सके। इस मौके पर भोरंज युवा कांग्रेस के पदाधिकारी हर्ष शर्मा, रजत, मोहित कुमार, प्रिंस, निखिल, विशाल, मोहित, अभिषेक, चंदन ठाकुर, बिमिल सोनी, अभय, ओशिन आदि मौजूद रहे।

# भोरंज उपमंडल में खाद की किल्लत से खतरे में मक्की व धान की फसल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के किसान इन दिनों खाद की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में मक्की और धान की फसल खेतों में खड़ी है जिसे उर्वरक की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन सरकारी डिपो व सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध न होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। खेतों में समय पर खाद न मिलने से फसलें पीली पड़ने लगी हैं और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

किसानों ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से विभिन्न वितरण केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि खाद स्टॉक में नहीं है। इससे किसानों में भारी निराशा और आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर समय रहते खाद नहीं मिली, तो फसलें खराब हो जाएंगी और उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। हिमफेड के एरिया मैनेजर कमलेश चंदेल ने बताया कि न केवल भोरंज बल्कि पूरे ऊना और हमीरपुर जिलों में खाद की कमी चल रही है। उन्होंने बताया कि विभाग ने खाद की आपूर्ति के लिए पहले ही मांग भेज दी है और उम्मीद है कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर खाद के ट्रक पहुंच जाएंगे।

एरिया मैनेजर, हिमफेड कमलेश चंदेल ने बताया कि हमने उर्वरक की मांग भेज दी है। ऊना व हमीरपुर दोनों जिलों में सप्लाई बाधित हुई है। दो-तीन दिन में खाद उपलब्ध हो जाएगी। किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद की आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों की मेहनत बर्बाद न हो। उन्होंने यह भी कहा कि खाद वितरण की निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पंचायत स्तर पर व्यवस्था की जानी चाहिए।

# टीजीटी कला संघ ने उठाई शिक्षकों की मांगें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**





शिक्षकों की मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया।

राजकीय टीजीटी कला संघ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा निदेशक को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर सहित जिलाध्यक्ष मंडी विजय बरवाल, सुरजीत पाल, संजय कुमार, ऋषभ और अन्य सदस्यों ने शिक्षकों की मांगों पर ज्वाइंट बैठक आयोजित करने की अपील की है।

संघ ने स्कूल शिक्षा निदेशक से मांग की है कि सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संघों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाए और वित्तीय तथा गैर वित्तीय श्रेणी में विभाजित कर प्रस्तुति ली जाए। संघ ने तिमाही, छमाही, नौमाही और वार्षिक परीक्षा सिस्टम अपनाते हुए एफ ए 3 और 4 को समाप्त करने की अपील की जिस पर निदेशक ने रिव्यू करने के आदेश दिए। कक्षा छठी स्व कोडिंग और वोकेशनल शिक्षा शुरू करने के संघ के प्रस्ताव को शिक्षा निदेशक ने सराहनीय बताते हुए इस पर कार्रवाई के आदेश दिए।

इसके अलावा 2019 से 2025 के मध्य नियुक्त और प्रमोट होकर टीजीटी बने शिक्षकों की वरिष्ठता सूची और सर्विस कनफर्म करने, टीजीटी से प्रवक्ता और टीजीटी से हेडमास्टर पदोन्नति में सीट्स बढ़ाने की अपील पर संयुक्त निदेशक बसंत नेगी ने भी आश्वासन दिया। डीपीसी पदोन्नति हेतु पदों की संख्या बढ़ाने पर विचार करेगी। संघ ने बीआरसीसी भर्ती के परिणाम को जारी करने के लिए जरूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने हेतु लीगल सैल से अपील की। इसके अलावा नई शिक्षा नीति अनुसार शिक्षकों को स्पर्धा और एनपीएसटी के लिए एनसीटीई द्वारा तय मानक अनुरूप नए प्रमोशन अवसर देने पर सार्थक कार्रवाई का आश्वासन संघ को मिला है।

### सीएम ने दिया आश्वासन

टीजीटी कला संघ ने सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 16 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पेंशनर्स सीएम राहत कोष में देंगे एक दिन की पेंशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देश अनुसार हमीरपुर जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एसके कोड़ा व महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने कहा कि अभी हाल ही में हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी जानमाल की क्षति हुई है। अत: इस आपदा की घड़ी में पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन हमीरपुर से जुड़े जिले के पेंशनर्स भी मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन की बेसिक पेंशन देने के लिए सहमत है ताकि प्रदेश के प्रभावित लोगों को अविलंब राहत पहुंचाई जा सके, ताकि उनका कुछ दुख-दर्द कम हो, और उनकी जीवन दोबारा पटरी पर आ जाए।

**सहायता** — राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर ने की अनोखी पहल

# बाढ़ प्रभावित छात्रों की पढ़ाई अब नहीं होगी बाधित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर की जिला इकाई की जिला स्तरीय बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्यातिथि राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव होशियार सिंह तथा महिला मोर्चा की ओर से प्रदेश महासचिव सुमन लता ने संयुक्त रूप से शिरकत की।

बैठक में सर्वप्रथम भारी बरसात के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रही त्रासदी पर संवेदना प्रकट करते हुए मृतक लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया तथा बाकी प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए संगठन की ओर से प्रभावित शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं तक पठन-पाठन सामग्री पहुंचाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया ताकि प्रभावित छात्र बिना किसी बाधा के अपनी अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। इसके साथ इस बैठक में अभी हाल ही में राज्य स्तरीय त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया में हमीरपुर जिले को राज्य स्तर पर दो महत्वपूर्ण पद क्रमश: होशियार सिंह राज्य



राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर की जिला इकाई ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित।

**छात्रों तक पठन-पाठन सामग्री पहुंचाने का लिया निर्णय**

महासचिव तथा महिला मोर्चा राज्य महासचिव सुमन लता को विशेष रूप से संगठन द्वारा भव्य स्वागत करने के पश्चात संगठन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर संगठन के लिए समर्पित अन्य साथियों में विशेष सहयोग हेतु इंदु गौतम व मैडम रीना बन्याल, स्वामी लाल को संस्कृत शिक्षक परिषद का जिला महासचिव बनने पर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में कला संकाय जमा दो की वार्षिक परीक्षा में राज्य स्तर पर तीसरे स्थान लेने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जलाड़ी की छात्रा ज्योति को भी संगठन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। स्थानीय पाठशाला के संस्कृत ज्योति प्रकाश को भी संगठन में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

संगठन ने प्रदेश सरकार से डीए की किस्त अविलंब जारी करने हेतु भी मांग उठाई तथा इसके साथ माध्यमिक विद्यालयों में बिना छात्र संख्या के सभी माध्यमिक विद्यालयों में कलाध्यापक और शारीरिक शिक्षक के पद छात्र हित तथा शिक्षा में गुणवत्ता के आधार पर अविलंब भरने की भी मांग दोहराई ताकि प्रदेश के सभी विद्यालयों के सभी छात्रों को एक समान शिक्षा मिल सके। बैठक में अश्वनी भारद्वाज भूतपूर्व प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सभी खंडों के सम्मानित खंड प्रधान अपनी अपनी खंड कार्यकारिणी सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर मैडम विजना डोगरा महिला मोर्चा प्रधान नादौन, सुषमा कुमारी महासचिव मोर्चा हमीरपुर, इंदु गौतम महिला मोर्चा उपप्रधान, सुमन लता महासचिव महिला मोर्चा नादौन, जिला वरिष्ठ उपप्रधान पवन परमार, नादौन खंड के प्रधान आचार्य अजय, बिझड़ी खंड के प्रधान आचार्य पवन, भोरंज खंड के प्रधान लेखराज, सुजानपुर खंड के प्रधान सुनील, हमीरपुर खंड के महासचिव सुरजीत, भोरंज खंड के भूतपूर्व प्रधान राज कुमार, जिला मुख्यालय सचिव आचार्य ज्योति प्रकाश, नादौन खंड के महासचिव विजय कुमार एवं जिला प्रभारी विजय कुमार, बिझड़ी खंड के राकेश वित्त महासचिव, ध्रुव राज्य कार्यकारिणी सदस्य, खड भोरंज से खंड प्रधान लेखराज, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, संगठन मुख्य संयोजक कमलेश व रजनी बाला आदि अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जमानत याचिका रद्द होने पर आरोपी जितेंद्र को किया जाएगा गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

थाना सदर हमीरपुर में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामले में आरोपी जितेंद्र कुमार पुत्र कुलबीर सिंह निवासी गांव मौखन खांवाला नजदीक एसडीएस कॉलेज तहसील व जिला फिरोजपुर (पंजाब) वांछित है, जो कि भूमिगत हो गया है।

उक्त अभियोग में आरोपी की जमानत याचिका पहले माननीय उच्च न्यायालय शिमला द्वारा खारिज की जा चुकी है। इसके उपरांत आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका अब माननीय सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार द्वारा भी निरस्त कर दी गई है, साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरोपी जितेंद्र कुमार को जांच में सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मजबूत पक्ष रखते हुए उपरोक्त अभियुक्त की जमानत याचिकाएं खारिज करवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की गई है, जो कि जिला पुलिस हमीरपुर की प्रभावी पैरवी व जांच की कार्य प्रणाली का परिणाम है।

जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी एवं जांच में सम्मिलित कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आमजन से भी अपील है कि यदि उक्त आरोपी के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो निकटतम पुलिस थाना, पुलिस थाना हमीरपुर अथवा टोल फ्री नंबर 112 पर तुरंत सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

### वृद्ध महिला की तलाश के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** टौणी देवी के साथ लगते उहल ककक्ड़ की निवासी एक 85 वर्षीय वृद्ध महिला संध्या देवी 9 जुलाई से लापता है। उक्त महिला की तलाश हेतु शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर के दिशा-निर्देश पर प्रभारी महिला थाना हमीरपुर के नेतृत्व में पुलिस एवं होम गार्ड्स की टीमों द्वारा व्यापक व सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस सर्च ऑपरेशन के दौरान आसपास के क्षेत्र में कॉबिंग की गई तथा ड्रोन की सहायता से भी जंगल व आस-पास के सभी संभावित क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया परंतु अभी तक उक्त महिला का कोई भी सुराग नहीं मिल सका है। यदि किसी को उक्त महिला के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो नजदीकी पुलिस थाना, महिला पुलिस थाना हमीरपुर में सूचित करें।

# सीएम सुक्खू ने शिमला में सुनी लोगों की शिकायतें



शिमला में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में लोगों की शिकायतें सुनीं और उनसे सीधा संवाद किया। इस पहल के माध्यम से मुख्यमंत्री ने आम जनता की समस्याओं को करीब से समझा और मौके पर ही अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### तीस साल पुराने खरयालता पंचायत भवन की बाउंड्री वॉल गिरी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** विकास खंड बंगाणा की ग्राम पंचायत खरयालता के पंचायत भवन की शुक्रवार सुबह बाउंड्री वॉल गिर गई। इसकी जानकारी प्रधान अशोक कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य 30 वर्ष पहले स्वर्गीय प्रधान किशन लाल शर्मा गांव बडोआ द्वारा करवाया गया था। अशोक ने राजस्व विभाग तलमेहड़ा के पटवारी को चारदीवारी गिरने का मौका दिखाया गया। उन्होंने दीवारी गिरने के नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारीयों को भेज दी गई।



बाउंड्री वॉल दिखाते पंचायत सदस्य

### पानी गांव में 50 मीटर धंसी सड़क समेज-सरपारा संपर्क मार्ग बंद

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के रामपुर बुशहर मंडल के अंतर्गत आने वाली समेज-सरपारा सड़क का पानी गांव का लगभग 50 मीटर भाग बारिश के कारण अचानक धंस गया, जिससे इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। गौरतलब है कि यह मार्ग समेज, सरपारा सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ता है, और बरसात में यह क्षेत्र अक्सर भूस्खलन की चपेट में रहता है। इस सड़क पर आए इस भू-स्खलन से न केवल स्कूली बच्चों, मरीजों व कामकाजी लोगों को दिक्कत हो रही है। यह सड़क पहले भी कई बार धंसी है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। मंडल के अधिशाषी अभियंता ई शक्ति नेगी ने बताया की यह मार्ग पिछले वर्ष समेज बाढ़ त्रासदी के दौरान भी छतिग्रस्त हो गयी थी। नेगी ने बताया की इस सड़क के बंद होने बारे विधायक और प्रशासन को सूचित कर दिया है। इस यातायात चालू करने के लिए कदम बातचीत जारी है कल तक निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी रूप से मरम्मत कार्य आरंभ किया जाए, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। उधर सेब सीजन भी दरवाजे पर है।

# शोंगटोंग परियोजना का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक होगा पूरा

## लोक निर्माण विभाग की सड़कों व सरकारी संपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। राजधानी शिमला में आयोजित मंत्रिमंडलीय उप-समितियों की दो अहम बैठकों में कई बड़े फैसले लिए गए। इन बैठकों में जहां एक ओर महत्वाकांक्षी शोंगटोंग जल विद्युत परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। वहीं, दूसरी ओर, दशकों से लंबित पड़े लोक निर्माण विभाग की सड़कों और अन्य सरकारी संपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के मुद्दे पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

आज की महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। पहली बैठक न्यायालयों के मुआवजे के दावों पर गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की थी। इस दौरान पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और समस्त सरकारी संपत्तियों सहित लोक निर्माण विभाग की सड़कों को राजस्व रिकॉर्ड में कब्जा दर्ज करने के बारे में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। राजस्व मंत्री ने लोक निर्माण और राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे प्रदेश में 20 वर्ष से अधिक समय से निर्मित सभी सरकारी संपत्तियों, विशेषकर लोक निर्माण विभाग की सड़कों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए तुरंत गिरदावरी करें। उन्होंने उपायुक्तों और अन्य राजस्व अधिकारियों को इस संबंध में अगस्त 2025 तक कार्रवाई पूरी करने और अनुपालन रिपोर्ट मंत्रिमंडलीय उप-समिति को सौंपने का आदेश दिया।

नेगी ने सड़कों के बेहतर रखरखाव के लिए उनके लोक निर्माण विभाग के अधीन होना अत्यंत आवश्यक बताया और सभी संबंधित विभागों को इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एचपीपीसीएल की 450 मेगावाट की शोंगटोंग जल विद्युत परियोजना से संबंधित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की भी अध्यक्षता की।



मंत्रिमंडलीय उप समितियों की बैठकों की अध्यक्षता करते जगत सिंह नेगी।

### बैराज का कार्य अंतिम चरण में

**उन्होंने** अधिकारियों से दिसंबर 2026 की निर्धारित समय-सीमा से पहले परियोजना को पूरा करने का आह्वान किया। मंत्री ने बताया कि परियोजना का नदी अपवर्तन कार्य पूरा हो चुका है और बैराज का कार्य अंतिम चरण में है।

### ठेकेदारों व श्रमिकों को समय पर हो भुगतान

**उन्होंने** यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परियोजना में कार्यरत निजी कंपनियों द्वारा श्रमिकों को और एचपीपीसीएल द्वारा ठेकेदारों को समय पर भुगतान किया जाए। बैठक में पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड और एडीएचएल कंपनी के प्रतिनिधियों ने परियोजना से संबंधित चल रहे कार्यों की जानकारी दी।

# सराज में परिवहन निगम की मिनी बस सेवाएं बहाल : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शुक्रवार से आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के कई मार्गों पर मिनी बस सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह घोषणा करते हुए बताया कि इससे सराज के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य होने लगा है।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला से जारी बयान में कहा कि इन मिनी बस सेवाओं की बहाली से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जो लंबे समय से यातायात सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे थे। उन्होंने बताया कि अब निगम द्वारा बगस्याड़, जंजैहली, छतरी, सराची, थुनाग और चियूणी चेत सहित विभिन्न दुर्गम मार्गों पर टेम्पो ट्रैवलर सेवाएं चलाई जा रही हैं। यह पहल उन इलाकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहाँ आपदा के कारण पहुंच मुश्किल हो गई थी।



**लोगों को मिली बड़ी राहत, दुर्गम मार्गों पर कनेक्टिविटी बहाल**

### मंडी सहित अन्य गंतव्यों तक सुगम होगा सफर

**अग्निहोत्री** ने बताया कि बगस्याड़ में इन टैम्पो ट्रैवलर सेवाओं को निगम की अन्य बस सेवाओं से जोड़ा गया है। इससे यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडी सहित अन्य गंतव्यों तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी। निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि परिवहन व्यवस्था सुचारु और समयबद्ध हो ताकि स्थानीय लोगों को तुरंत राहत मिल

### सरकार आवश्यक सेवाओं पर कर रही फोकस

**उप-मुख्यमंत्री** ने जोर देकर कहा कि सराज क्षेत्र के लोगों को आपदा के बाद यातायात अवरुद्ध होने के कारण काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, और सरकार सभी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीएम ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री ने छोटा शिमला में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इस भवन में 4.15 करोड़ रुपए के व्यय से 9 विशेष कक्षों का निर्माण किया गया है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस भवन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया है।



छोटा शिमला में विश्राम गृह का लोकार्पण करते सीएम।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्राम गृहों को आम जनता के लिए ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है। सभी विश्राम गृहों को जल्द ही ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था से जोड़ जाएगा। प्रदेश सरकार ने हिमाचल भवन और हिमाचल सदन में आम लोगों और अति विशिष्ट के लिए एक सामान किराया दर तय की है।

# बसदेहड़ा के रोहित ने जीता बॉडी बिल्डिंग खिताब

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हाल ही में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित प्रतियोगिता में बसदेहड़ा (मैहतपुर) के बॉडी बिल्डर रोहित बाली (31) ने मिस्टर हिमाचल व उत्तर भारत का खिताब जीत कर ऊना जिला व हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है। रोहित इससे पहले भी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई खिताब अपने नाम कर चुके हैं। इसी जनून को युवाओं में प्रेरित करने के लिए उन्होंनें ऊना-मैहतपुर के बीच बहडाला में आरबी फिटनेस जिम को भी स्थापित कर युवाओं को प्रेरित करने के साथ प्रशिक्षण का भी संचालन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियों के लिए कई संस्थाओं द्वारा उनको सम्मानित भी किया जा चुका है।



# प्रतिभा ने फिर उठाई संगठन पुनर्गठन की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने केंद्रीय आलाकमान से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जल्द गठन को मंजूरी देने का आग्रह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले लंबे समय से पीसीसी कार्यकारिणी के भंग होने से प्रदेश में संगठनात्मक कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रतिभा सिंह ने आगामी नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जानी हैं, जिसके लिए जल्द अनुमोदन आवश्यक है।



**संगठन की सुस्ती पर चिंता, चुनावों से पहले सक्रियता की मांग**

प्रतिभा ने प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा से हुए व्यापक नुकसान पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस आपदा ने प्रदेश की आर्थिकी को बुरी तरह प्रभावित किया है। विशेष रूप से मंडी संसदीय क्षेत्र में सौ से अधिक लोगों की असमय मृत्यु हुई है, जबकि कई लोग बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से अभी भी लापता हैं। हजारों करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा सीमित संसाधनों के बावजूद दिन-रात राहत कार्यों में जुटने की सराहना की और प्रदेश व अन्य राज्यों से मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्राकृतिक आपदा से निपटने और राहत व पुनर्वास कार्यों को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक मदद की पुरजोर मांग की। प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने उनसे प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश के लिए विशेष आर्थिक सहायता की मांग करने का आग्रह किया।

# रास्ते खोलने में हमारी मदद करें जेसीबी मालिक, तेल के खर्चे पर दें मशीनें : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों की मदद की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें अभी नहीं बहाल हुई हैं और सेब का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में आपदा से जो बाग-बगीचे बच गए हैं उनके उत्पाद को बाजार तक पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती हो गई है। इसके लिए मुख्य मार्ग ही नहीं लिंक रोड भी समय से खोलना पड़ेगा। सड़के खोलने के लिए सरकार के प्रयास अभी भी नाकाफी हैं। इस काम में तेजी लाने के लिए नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश के जेसीबी मशीन मालिकों से मदद करने का अनुरोध किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिनके पास भी मशीन हैं, वह हमारी मदद करें और आपदा प्रभावित क्षेत्र में सड़कें खोलने में उन्हें लगाएं। मशीनों के तेल आदि पर होने वाला खर्च हम वहन करेंगे।



सहायता प्रदान करने वालों के साथ पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि वर्तमान स्थिति देखते हुए बहुत सारे लोगों ने हमसे अपने स्तर पर रास्ता खोलने में मदद की बात भी की है। ऐसे लोगों का भी मैं खुले दिल से स्वागत करता हूं जो अपने पूरे खर्चे पर मशीनें लगाना चाहते हैं। मुसीबत के वक्त हमारे साथ खड़े होने के लिए उनका आभार भी प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि यदि हमें मशीनें मिल जाएंगी तो भी हम तेल डालकर सड़कें खोलने में जी जान से जुट जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें सेब के सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी सड़कें बहुत जल्द खोलनी है और अगर लोगों का सहयोग हमें इस प्रकार मिल जाए तो बहुत जल्दी सभी सड़कें बहाल हो सकती हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रभावितों के नाम पर दानी सज्जनों की उदारता का कुछ लोग फायदा उठा रहे हैं, इसलिए दानी सज्जनों से आग्रह है कि आपदा राहत सही मायनों में प्रभावितों तक पहुंचे इसलिए लिए वेरिफिकेशन भी करें। इसके लिए प्रशासन या हमारी मदद ले सकते हैं। बहुत से दानी सज्जनों ने हमसे संपर्क किया और प्रभावितों के पुनर्वासन हेतु आर्थिक मदद करने की इच्छा जताई। उन्होंने सभी दानी देवदूतों का आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि दान प्रभावित तक पहुंचे, इसके लिए दानी सज्जन वेरिफिकेशन अवश्य करें।

# हिमाचल में खोले जाएंगे नवाचार केंद्र : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में नवाचार आधारित संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य भर में नवाचार केंद्र खोले जाएंगे। तकनीकी शिक्षा संबंधी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को न्यू एज कोर्सिज का प्रशिक्षण देने और वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने को प्रतिबद्ध है।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री राजेश धर्माणी।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं के नवीन विचारों को प्रोत्साहन देना और उन्हें सूक्ष्म व लघु उद्यम स्थापित करने में मदद करना है, जिससे राज्य में एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सके। राज्य सरकार ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक पहल के लिए 2 करोड़ रुपए के इनोवेशन फंड की स्थापना की है।

धर्माणी ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्किल गैप विश्लेषण का कार्य किया जा रहा है। इस विश्लेषण के बाद जिलावार कौशल विकास योजना को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक राज्य कौशल विकास योजना तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक संस्थानों के प्रशिक्षुओं में नवाचार कार्यशैली को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी विभाग अपनी चुनौतीपूर्ण परियोजनाएं और समस्याएं प्रशिक्षुओं के साथ साझा करेंगे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य में सूक्ष्म, लघु उद्यमों और स्टार्ट-अप इको सिस्टम का सक्रिय रूप से निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्ट डिग्री और पोस्ट डिप्लोमा प्रशिक्षुओं के लिए विशेष रूप से नवाचार केंद्र खोले जाएंगे, ताकि उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा सके। धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उद्योग जगत से संबंधित विभिन्न संघों के साथ समन्वय स्थापित करें।

# नेताओं की लड़ाई में भोरंज की राजनीति में उफान

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** रोजगार मेले के रद्द होने के मसले के बाद सड़क निर्माण के काम में हुए गड़बड़ झाले के उजागर होते ही अचानक भोरंज की कांग्रेस राजनीति में उफान आ गया है। नेताओं की करनी और कथनी आपस में उलझने लगी है। एक-दूसरे के खिलाफ अंदरूनी तौर पर जिस तरीके से पर्दे के पीछे नेता मोर्चे पर डट गए हैं, उससे यही लग रहा है कि क्षेत्र की राजनीति में आने वाले दिनों में और गर्माहट आएगी।

इस क्षेत्र में पिछले कुछ समय से सब कुछ शांत चल रहा था। क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार अपने हिसाब की राजनीति यहां पर चलाए हुए थे, लेकिन राजीव राणा के रोजगार मेले के रद्द होने का मतलब जिस तरीके से राजनीति के गलियारों में निकाला जा रहा है, उसके पीछे वजह एक नहीं दो नहीं कई हैं। राजनीति की समझ रखने वाले इसका आंकलन अपने हिसाब से कर रहे हैं, लेकिन सीधे रूप से कौन जुड़ा है? किसकी वजह से यह सारा विवाद खड़ा हुआ? इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं हैं।

अब डंगे की राजनीति भी खूब गर्मा गई है। करे कोई और भरे कोई,

**रोजगार मेला हुआ रद्द, अब सड़क निर्माण गड़बड़ी चर्चा में**



सुरेश कुमार



राजीव राणा

मुद्दा यह नहीं है। मुद्दा साफ-सुथरा है कि काम में गिरावट आई है, गुणवत्ता नहीं है, गड़बड़ झाला है। तो फिर विभाग कहां सोया हुआ था। सीमेंट यदि वहां इस्तेमाल नहीं हुआ, तो कारण क्या रहे। अब जो नेता सत्ता की सवारी पर आसीन है, सवाल तो उन्हीं से पूछे जाएंगे। मगर अब पीडब्ल्यूडी के अधिकारी क्या करेंगे? वैसे अधिकारियों को एक्सटेंशन देकर इस जिले में कई विवाद पहले से ही जुड़े हुए हैं। अब नए विवाद जिस तरीके से माला वनकर गले में फंस गए हैं, वह आसानी से छूटने वाले नहीं है।

कारण यह है कि रोजगार मेले के आयोजक राजीव राणा का मेला रद्द हो चुका है। पर्दे के पीछे उनकी भी बहुत सारे कांग्रेसी जो सत्ता से मुख्य धारा से थोड़े अलग चल रहे होंगे, वे भी मदद तो कर ही रहे होंगे, लेकिन स्थानीय विधायक सुरेश कुमार भी अब माहिर हो चुके हैं। इसलिए उनकी राजनीति भी क्षेत्र में किस करवट बैठेगी? इस माहौल में उसका भी पता चलेगा। फिलहाल युवा कांग्रेस ने राजीव राणा के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नया माहौल तैयार करने का प्रयास जरूर किया है।

### नेताओं की करनी और भरनी अब कई दिनों तक रहेगी चर्चा में

**भोरंज** की कांग्रेस राजनीति में नेताओं की करनी और भरनी अब कई दिनों तक चर्चा में रहेगी, कौन नेता किस पर भारी पड़ेगा, किसकी पैठ मुख्यमंत्री के दरबार में और बढ़ेगी, किसकी घटेगी। राजनीति के चक्कर में किस पर गाज गिरेगी? इन सवालों का जवाब अब जल्दी तो मिलेगा नहीं लेकिन मिलेगा जरूर, क्योंकि कांग्रेस की राजनीति का वहां माहौल गर्म हो चुका है। चौतरफा हमले भी होने लगे हैं। एक दूसरे के पक्ष में अंदर खाते काम जारी है। और विरोधी अपने-अपने हिसाब से तंज कस रहे हैं।

**बदलाव** एनएच-03 के निर्माण कार्य में गड़बड़ी का मामला, दिक्कतें झेल रहे लोग, परेशानी में जनप्रतिनिधि

# सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को किया किनारे, अब गावर करेगी शेष निर्माण कार्य

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/टौणीदेवी**

अटारी-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग वाया हमीरपुर-मंडी के निर्माण कार्य में आखिर गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण कार्य से साइडलाइन कर दिया है। एनएचएआई मार्थ ने भी इस बात की पुष्टि की है। शेष काम को गावर कंपनी स्वयं करेगी। इस सड़क का निर्माण पिछले काफी समय से विवादों से घिरा हुआ है लोग कई तरह की परेशानियों से दो-चार हैं। स्थानीय सांसद से भी मिलकर दुखड़ा रो चुके हैं। इसी पर अब कार्रवाई हुई है।



हालांकि, यह प्रक्रिया दो माह पूर्व शुरू हो चुकी थी, लेकिन अब सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को सबलेट किया, ठेका गावर ने रद्द कर स्वयं काम करने का निर्णय लिया है। 40 किलोमीटर का पहला पैकेज हमीरपुर से सरकाघाट के समीप करनोल तक का टेंडर गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी को अवार्ड हुआ था, लेकिन इसे सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को सबलेट करने पर सवाल उठाए गए थे।


करीब तीन साल से बन रहे नेशनल हाइवे नंबर-3 की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। हमीरपुर से लेकर आवाहदेवी तक बरसात में जगह जगह कीचड़ फैल गया है। कई जगह पानी के तालाब बने हुए हैं। लापरवाह निर्माण कंपनी पर नकेल कसने वाला कोई नहीं दिखा। लोग पिछले तीन साल से परेशान हैं, लेकिन सड़क निर्माण को लेकर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। लोगों ने तो लोकल जन प्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर भी अंगुलियां उठाना शुरू कर दी थी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इस** बारे गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण विक्की ने बताया कि अब गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी स्वयं कार्य देख रही है। डेंजर साइट्स को जल्दी ठीक किया जा रहा है। हाई-वे इंजीनियर अंकित सिंह ने पुष्टि की है कि सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी से काम वापस लेकर गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्वयं एनएच-03 का कार्य अपने हाथ ले लिया है। उन्होंने कहा कि काम को तेजी से पूरा करने का प्रयास रहेगा।

### गावर को ठेका सूर्य कर रही निर्माण

**नेशनल** हाइवे नंबर 03 के खंड 141 किलोमीटर से लेकर 181 किलोमीटर तक का कुल 40 किलोमीटर, जो कि हमीरपुर से करनोहल तक है, का ठेका मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी को 22 जून, 2022 को अवार्ड हुआ जिसकी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस 223.272 करोड़ रुपए है। ईपीसी पद्धति से विश्व बैंक की ऋण सहायता से हरित राजमार्ग गलियारा परियोजना तहत यह कार्य 20 दिसंबर, 2024 को पूरा होना था तथा इसके अगले 5 साल तक सड़क का रखरखाव कंपनी ने करना था। यह ठेका सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को सबलेट हुआ जिस पर पहले से ही कई सवाल उठ रहे थे। इस निर्माणाधीन नेशनल हाई-वे की ऑथोरिटी इंजीनियर एजेंसी जो कि एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है पिछले तीन साल से कहीं नजर नहीं आई।



## न्यूज ब्रीफ

### विश्वकर्मा यूथ क्लब मेहड़ा ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गांव बतवाड़ मे क्रिकेट क्रेजी ट्रॉफी बीसीसीआई क्लब बतवाड़ द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ जिसमें विश्वकर्मा यूथ क्लब मेहड़ा ने यह ट्रॉफी अपने नाम दर्ज की । क्रिकेट का फाइनल मुकाबला बतवाड़ टीम बनाम विश्वकर्मा यूथ क्लब मेहड़ा के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बता दें विश्वकर्मा यूथ क्लब मेहड़ा ने इस रोचक फाइनल मुकाबले में शानदार जीत हासिल की। टीम के कप्तान सुशील ठाकुर व टीम के अन्य खिलाड़ियों को आयोजकों ने ट्रॉफी व 11000 इनाम राशि देकर सम्मानित किया। वहीं कप्तान सुशील ने कहा कि कि ऐसे टूर्नामेंट होते रहने चाहिए जिससे हमारा यूथ स्पोर्टस की ओर ज्यादा ध्यान दें जिस तरह से आज कल युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं उन्हें ऐसे कामों से रोकने के लिए यह बहुत अच्छा प्रयास है ।

### ब्याडा से पंचरुखी सड़क की खस्ता हालत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** ब्याडा से पंचरुखी वाया छत्र सड़क इन दिनों बेहद खराब स्थिति में है। जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़ जाने के कारण वाहनों की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन को न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई बार बाइक सवार और छोटे वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से उनका अंदाज़ा लगाना मुश्किल हो जाता है। जनता ने प्रशासन से बार-बार अपील की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोग अब आंदोलन की राह पर जाने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर लोगों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग पंचरुखी ने कहा कि बरसात के कारण सड़क ज्यादा खराब हो गई है। बरसात के बाद सड़क को रिपेयर कर दिया जाएगा।



### 13 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव बाली ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों व अधीनस्थ न्यायालयों में 13 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक से संबंधित, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, चैक बाऊंसिंग, पूर्व मुकद्दमेबाजी व लंबित मामले सुने जाएंगे। यदि कोई व्यक्ति मुकद्दमे से पहले संबंधित व्यक्ति या विभाग से समझौता करने का इच्छुक है तो वह संबंधित कोर्ट में आवेदन कर सकता है। अगर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या ऑनलाइन भेजना चाहता है तो वह राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण न्यू दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है या हेल्पलाईन के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर सकता है।

### 17 दिनों में यातायात नियमों की अवहेलना 552 पर पड़ी भारी

# धर्मशाला शहर में हर दिन कट रहे करीब 30 चालान

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** प्रदेश के दूसरे महत्वपूर्ण शहर धर्मशाला में हर दिन करीब 30 चालान कट रहे हैं। यह चालान उन वाहन चालकों के काटे जा रहे हैं, जो कि यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। पुलिस द्वारा लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया है, इसके बावजूद अवहेलना करने वालों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जुलाई माह में 17 दिनों में 552 चालान काटे जा चुके हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक बिना हेल्मेट व ट्रिपलिंग करने वालों के ही चालान काटे जा रहे हैं। गौरतलब है कि शहर में सीसीटीवी कैमरा व इंटेलीमेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस ) स्थापित किए गए हैं। यह चालान की प्रक्रिया आईटीएमएस के माध्यम से अमल में लाई जा रही है।

**आईटीएमएस कस रहा शिकंजा कट रहे चालान**

#### नाके लगाकर कार्रवाई से राहत

धर्मशाला शहर में पूर्व में पुलिस को नाके लगाकर बिगड़ैल व यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसने को मजबूर होना पड़ रहा था, लेकिन स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लगाए गए कैमरों के चलते पुलिस को नाके लगाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई से राहत मिली है। यही नहीं सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों को लेकर पुलिस द्वारा लोगों को समस-समय पर जागरूक भी किया जाता है, इसके बावजूद जो नहीं मानते, उन पर अब आईटीएमएस चालान के माध्यम से नकेल कस रहा है।

"नगर निगम एरिया में 229 कैमरा लगाए गए हैं, जिनमें सात इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लगाए गए हैं। इस माह में 17 दिनों में 552 चालान बिना हेल्मेट व ट्रिप्पलिंग करने वाले चालकों के काटे गए हैं।
-अदिति सिंह, एएसपी, कांगड़ा



### क्लेम राशि न देने पर इंश्योरेंस कंपनी को जुर्माना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** क्लेम राशि न देने पर निजी लाइफ इंश्योरेंस को 10 हजार जुर्माना और 10 हजार मुकद्मेबाजी के शिकायतकर्ता को देने होंगे। इसके अलावा शिकायकर्ता को 9 फीसदी ब्याज के साथ 1,55, 620 रुपए क्लेम की राशि देने को भी कहा है। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने जारी किए हैं।

नीलम पत्नी स्वर्गीय दर्शन कुमार निवासी सिद्धबाड़ी तहसील धर्मशाला ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दी थी कि उनके पति ने ग्रुप क्रेडिट प्रोडक्ट प्लस प्लान के तहत 1, 55, 62 की बीमा पॉलिसी ली थी। उनके पति की 28 मार्च, 2022 को मृत्यु हो गई। शिकायकर्ता ने क्लेम के लिए आवेदन किया, लेकिन इंश्योरेंस कंपनी ने कई तरह की आपत्तियां दर्शा कर क्लेम राशि देने से इनकार कर दिया। वहीं शिकायत को मंजूर करते हुए उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को 9 फीसदी ब्याज के साथ 1,55, 620 रुपए देने के निर्देश दिए।

# भरियाल गांव में बाघ का आतंक भेड़-बकरियों को बनाया शिकार

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**ग्रामीणों ने वन विभाग से कार्रवाई की उठाई मांग**

**शाहपुर।** हरनेरा पंचायत स्थित भरियाल गांव में इन दिनों भय और दहशत का माहौल है। घने जंगलों से सटा यह शांतिपूर्ण गांव अब बाघ के हमलों का केंद्र बनता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

पिछले कुछ हफ्तों में गांव में कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पांच से अधिक पालतू कुत्ते और कई बकरियां, भेड़ें और यहां तक कि मवेशी भी बाघ के शिकार हो चुके हैं। ग्रामीण सुरेश जरियाल, राजू राम, प्रदीप सिंह, अंकू, महाल चंद, विनोद कुमार, हरनाम सिंह, किस्सो राम का कहना है कि अब मामला सिर्फ पशुधन तक सीमित नहीं है। हमारे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग रोजाना जंगल के रास्तों से गुजरते हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी मानव पर हमला होना भी तय है। उन्होंने वन विभाग को एक लिखित निवेदन भेजा है, जिसमें प्रशिक्षित वन्यजीव विशेषज्ञों की एक टीम को गांव भेजने और स्थिति का मूल्यांकन करने की मांग की गई है। उनका अनुरोध है कि बाघ को सुरक्षित रूप से पकड़कर किसी उपयुक्त और निर्जन जंगल में स्थानांतरित किया जाए। वे वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व को भलीभांति समझते हैं और वे किसी जानवर को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं रखते, लेकिन मानव जीवन और मानसिक सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

वहीं इस मामले को लेकर शाहपुर वन बीट के वन रक्षक नितिन ने बताया कि ग्रामीणों ने इसको लेकर विभाग को शिकायत दी है। अधिकारियों की तरफ से उक्त जंगल में जाल और पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। अब जंगल में पिंजरा लगाया जाएगा, ताकि बाघ को पकड़कर रियायशी इलाके से दूर छोड़ा जा सके।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा अपने ही पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है । डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के थाना इंदौरा के अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की की मां द्वारा थाना इंदौरा में शिकायत दर्ज करवाई गई के जब उसके परिवार वाले सभी काम के लिए बाहर गए हुए थे तब उसकी नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी तथा एक व्यक्ति जो की अजय कुमार उम्र 48 साल घर में अकेली लड़की को देखकर उनके घर में घुस गया तथा लड़की के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा ।

जिस पर लड़की के शोर में जाने पर वह व्यक्ति वहां से भाग गया तथा थाना इंदौरा में जब महिला द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी आशीष पठानिया द्वारा अजय पाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे आज माननीय अदालत इंदौरा में पेश किया गया यहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी पर बीएनएस की धारा 452,354 तथा (8) पोस्को के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# करोड़ों की जमीन का घोटाला सरकारी संरक्षण के चलते हुआ : रवि धीमान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रवि धीमान ने मंत्री यादविंद्र गोमा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए। पूर्व विधायक ने कहा कि यह करोड़ों की जमीन का भूमि घोटाला सरकारी संरक्षण के चलते ही हुआ। संगठनात्मक जिला पालमपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर कांग्रेस के विधायक हैं, जिनमें एक कैबिनेट मंत्री भी है, किसी ने भी इस भूमि स्कैम पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

हालांकि, इनको इस स्कैम की सीबीआई से जांच करवानी चाहिए थी। धीमान ने कहा कि मैं अगर अपने विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर की बात करूं तो सरकार के अढ़ाई वर्षों में मंत्री गोमा अपने ही विधानसभा क्षेत्र में कोई भी विकास करवाने में नाकाम साबित हुए हैं, जो भाजपा सरकार के समय काम शुरू किए थे वो अभी भी अधूरे पड़े हैं। हर मोड़ पर सुक्खू के होर्डिंग लगे हैं , जिनमें सरकार द्वारा पांच गारंटी पूरी करने की बात कही है, लेकिन सही जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि मंत्री के गृह क्षेत्र पंचरुखी में भी भू-माफिया पूरी तरह से सक्रिय है रात को एक रेस्टोरेंट में बैठकर जमीन की तकसीम की जा रही है और दूसरे दिन दोगने मूल्य पर बेच दी जा रही है। मंत्री गोमा की कार्यशैली व कार्यक्षमता को पूरी तरह से निक्कमा बताते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था शून्य हो गई है अब तक इलाके में 22 चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस एक भी चोरी का पता नहीं लगा पाई है।

### आपदा पीड़ितों की मदद करेंगे पूर्व सैनिक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पूर्व सैनिक लीग शाहपुर यूनिट की बैठक शुक्रवार को आर्मी कैंटीन दफ्तर स्थित लीग दफ्तर में हुई। बैठक की अध्यक्षता लीग अध्यक्ष कर्नल जय सिंह बीएसएम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में आई प्राकृतिक आपदा पीड़ितों की लीग की तरफ से मदद करने का फैसला लिया गया।

बैठक में तय किया कि जो भी पूर्व सैनिक आपदा प्रभावितों के लिए अंशदान करना चाहता है वह 25 जुलाई तक लीग के दफ्तर में आकर पैसे जमा कर सकता है। 25 जुलाई तक एकत्रित की गई राहत राशि को मुख्यमंत्री के माध्यम से आपदा पीड़ितों को पहुंचाई जाएगी। बैठक में एस एस राणा, मेजर कुलदीप बलौरिया, सचिव रत्न चंद, प्रेस सचिव सुरिंद्र पटियाल, प्रीतम सिंह, अमर सिंह, गोविंद सिंह, संतोष कुमार, विजय कुमार, मदन, लोकेश नाग, भगवानदास आदि मौजूद रहे।

# दो दिन से रूट से गायब बस बनी ग्रामीणों की मुसीबत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा से तलवाड़ा होते हुए पठानकोट तक चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट डीपो की बस दो दिनों से रूट से नदारद है, जिससे ग्रामीणों खासकर नौकरीपेशा श्रमिकों और कॉलेज-आईटीआई के विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह बस डाडासीबा से सुबह 6:30 बजे चलती है और स्यूलखड्ड, मेहड़ा, घाटी होते हुए तलवाड़ा पहुंचती है। वहीं, यह संसारपुर टेरेस के उद्योगों में कार्यरत मजदूरों और छात्रों के लिए लाइफलाइन मानी जाती है। गुरुवार और शुक्रवार को लोग सुबह बस स्टैंड पर समय से खड़े रहे, लेकिन बस नहीं आई।

**लोगों को लेना पड़ रहा निजी साधनों का सहारा**

नतीजतन, कर्मचारियों की फैक्टरी शिफ्ट छूट गई और छात्रों की कक्षाएं। मजबूरी में महंगा किराया देकर निजी साधनों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार को भी जब फैक्ट्रियों में अवकाश नहीं होता, तब यह बस ही उनका एकमात्र विकल्प होती है, लेकिन जब यह बंद हो जाती है, तो लौटना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने इसे सुबह पहली 'एक बस और आखरी बस है और कहा कि सार्वजनिक परिवहन में इतनी लापरवाही चिंता का विषय है।

वहीं पठानकोट डिपो के आरएम विजय कुमार का कहना है कि बस तकनीकी कारणों से खराब हो गई थी, लेकिन शुक्रवार को इसे रूट पर दोबारा भेजा जा रहा है।




### यूएचएफ नौणी और एचपीकेवी पालमपुर की सलाह

# किसान-बागवानों के लिए बनी उपयोगी

**उपज में 10-12.4 फीसदी वृद्धि और खेती की लागत में 4.8-10.5 फीसदी की कमी दर्ज**

**कृषि** मौसम सलाहकार सेवा कार्यक्रम के माध्यम से एसएमएस, मोबाइल ऐप से भेजी जा रही मौसम-आधारित कृषि-सलाह न केवल किसान-बागवानों को बेहतर फसल उगाने में मदद कर रही हैं, बल्कि वे जलवायु अनिश्चितता के बीच ग्रामीण समुदायों को फलने-फूलने के लिए सशक्त बनाकर लचीलेपन के बीज बो रही हैं। सोलन में टमाटर उत्पादक मौसम-आधारित कृषि-सलाहों को अपनाने का लाभ उठा रहे हैं, जिससे उपज में 10-12.4 फीसदी की वृद्धि और खेती की लागत में 4.8-10.5 फीसदी की कमी दर्ज की गई है, साथ ही कीटनाशकों के उपयोग में भी 2.1-14.7 फीसदी कमी आई है। यह सफलता की कहानी इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे मौसम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृषि का संयोजन हिमाचल प्रदेश में कृषि पद्धतियों को बदल रहा है।



**-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान।**

### किसानों ने ओलावृष्टि और कीटों के हमलों से होने वाले नुकसान को किया कम

**राज्य** के दोनों विश्वविद्यालय डॉ. वाईएसपी यूएचएफ नौणी और सीएसके एचपीकेवी पालमपुर अपनी कृषि-मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों (एएमएफयू) के माध्यम से क्षेत्र-विशिष्ट परामर्श जारी करने के लिए आईएमडी के साथ सहयोग करते हैं। ये इकाइयां सेब के बागों के लिए पाले और कोहरे की चेतावनी, वर्षा-आधारित बुवाई योजनाओं और कीट/रोग प्रकोप की भविष्यवाणियों के बारे में समय पर जानकारी प्रदान करती हैं। डॉ. भारद्वाज के अनुसार, क्षेत्र-स्तरीय फीडबैक से यह पुष्टि होती है कि इन परामर्शों पर अमल करने वाले किसानों ने ओलावृष्टि, पाले और कीटों के हमलों से होने वाले फसल नुकसान को काफी कम किया है। क्षेत्र-स्तरीय फीडबैक से यह पुष्टि होती है कि इन परामर्शों पर अमल करने वाले किसानों ने ओलावृष्टि, पाले और कीटों के हमलों से होने वाले फसल नुकसान को काफी कम किया है। एएमएफयू व्हाट्सएप ग्रुप, मेघदूत और मौसम ऐप जैसे आधुनिक आईसीटी उपकरणों का उपयोग करते हैं। मौसम की समझ ने सोलन में टमाटर की पैदावार बढ़ाई। ये कृषि-सलाह जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और स्मार्ट कृषि के लिए महत्वपूर्ण उपकरण साबित हो रही हैं, जिससे किसानों को बदलते मौसम के पैटर्न के अनुकूल ढलने में मदद मिल रही है। डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. सतीश भारद्वाज इस बात पर ज़ोर देते हैं कि ऐसी सेवाएं न केवल किसानों को उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर रही हैं, बल्कि उन्हें फसल बीमा लाभों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचने में भी सक्षम बना रही हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अध्ययनों से पता चला है कि ऐसी सलाहों को समय पर अपनाने से विभिन्न फसलों, विशेष रूप से बारहमासी फलों की फसलों, जिनमें सबसे अधिक लाभ होता है में 2-5 फीसदी लागत बचत और 10-25 फीसदी अधिक उपज होती है। हिमाचल प्रदेश में जहाँ कृषि-जलवायु क्षेत्र विविध हैं और वर्षा आधारित बागवानी पर निर्भरता है, कृषि-सलाहियां विशेष रूप से मूल्यवान साबित हुई हैं।

### कृषि-सलाह प्रदान करती है एक वैज्ञानिक समाधान



**अधिकतम** पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एएमएफयू व्हाट्सएप ग्रुप, मेघदूत और मौसम ऐप जैसे आधुनिक आईसीटी उपकरणों का उपयोग कृषि क्षेत्र मौसम की परिवर्तनशीलता के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है और कृषि-सलाह एक वैज्ञानिक समाधान प्रदान करती है। ये सलाहें लघु (1-2 दिन), मध्यम (3-7 दिन) और दीर्घकालिक (मौसमी) मौसम पूर्वानुमानों पर आधारित होती हैं और बुवाई, सिंचाई, उर्वरक, कीट नियंत्रण और कटाई जैसे प्रमुख कृषि कार्यों को कवर करती हैं। इससे सक्रिय योजना बनाने और संसाधनों का कुशल उपयोग संभव होता है।

# मक्की की फसल में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन

**हिमाचल** प्रदेश में मक्की खरीफ मौसम की एक प्रमुख फसल है। यदि किसान क्षेत्र विशेष और परिस्थितियों के अनुसार अनुमोदित उन्नत किस्मों का चयन कर अच्छी गुणवत्ता के बीजों का चुनाव करें, बीज की सही मात्रा डालें, बिजाई सही समय व सही विधि से करें, उर्वरकों का सही समय व सही ढंग से उचित मात्रा में प्रयोग करें, बीमारियों व खरपतवारों के सही नियन्त्रण पर ध्यान दें तो नक्की की पैदावार अधिक के अधिक ली जा सकती है। **-प्रस्तुति : अजय पाल।**



### मक्की के मुख्य कीट

**तना वेधक** इसकी सुंडियां पहले पत्तों के पर्णचक्र में घुसकर जिससे उनमें छोटे छोटे छिद्र पड़ जाते है और फिर मुख्य शाखा व तने में छेद करती हुई उत्तकों को खाकर धीरे-धीरे पौधे को खत्म कर देती हैं। जिसके कारण पौधा धीरे-धीरे सूख कर मुरझा जाता है। छोटे पौधों पर इसका अधिक नुकसान होता है। बड़े पौधों में कई बार सुंडियां भुट्टे के अंदर चली जाती है और पक रहे दानों को खाती है।

**तना वेधक की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय**

* खेतों की गहरी जुताई करके उसमें मौजूद कीड़ों तथा बीमारियों की विभिन्न अवस्थाओं को नष्ट करना।
* फसल अवशेषों को हटाना तथा मेढ़ों की सफाई करना।
* शुरूआती अवस्था में प्रकोप द्वारा हुई आपूर्ति हेतू अधिक मात्रा में बीज का उपयोग करें व प्रकोप वाले पौधों को उखाड़ कर नष्ट कर दें।
* अंड परजीवी ट्राइकोग्रामा जापोनीकम 50,000 अण्डे प्रति हैक्टेयर की दर से 2-3 बार छोड़ें।
* फसल की कटाई जमीन की सतह से करें।

**सावधानी : चारे वाली फसल में कीटनाशक का प्रयोग न करें।**


### बालों वाली गुडरियां व टिड्डे

दोनों कीड़े छोटे पौधों की नर्म पत्तियों व तनों को नुकसान पहुंचाते हैं। बालों वाली सुंडियां समूहों में नुकसान करती है।

**बालों वाली गुडरियों व टिड्डे से रोकथाम के उपाय**

* झुंड में पल रही सुंडियों को इक्ट्ठा करके नष्ट करना ।
* अंड परजीवी ट्राईकोग्रामा किलोनिस 50.000 अण्डे प्रति हेक्टेयर की दर से छोड़े।
* खेत में गोबर की खाद के साथ कीट व्याधिकारक दवाई मैटरीजियम डाले।

### फॉल आर्मी वर्म (Spodoptera frugiperda)



**यह** कीट पत्तियों पर सुई जैसे छोटे छेद करता है जो समय के साथ बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां पत्ती गोभ के अंदर छिपकर पत्तियां खाती हैं और तने को खोखला कर देती हैं, जिससे पौधे सूख जाते हैं। यदि कीट का प्रकोप 10 से कम हो, तो 5 मिली नीम आधारित कीटनाशी प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। वहीं यदि प्रकोप 10 से अधिक हो, तो एमामेक्टिन बेंजोएट 5स्त्र (0.4 ग्राम/लीटर) या क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) 0.4 मिली/लीटर का छिड़काव किया जाना चाहिए। कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर नष्ट कर देना चाहिए, तथा छिड़काव करते समय नोजल को पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें ताकि कीटनाशी सीधे कीट पर प्रभावी हो सके। मक्की के फूल आने की अवस्था से लेकर फसल कटाई तक रासायनिक कीटनाशकों से परहेज करना चाहिए। फॉल आर्मी वर्म अत्यंत तेजी से फैलने वाला कीट है, जिसकी सुंडी अवस्था सबसे अधिक नुकसानदायक होती है। यदि प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह पूरे खेत को बर्बाद कर सकता है। किसानों को फसल चक्र अपनाने, खेत की गहरी जुताई करने, और फसल अवशेषों को नष्ट करने जैसे सांस्कृतिक उपायों को अपनाये । किसानों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से फसल निरीक्षण करें और किसी भी असामान्य लक्षण की स्थिति में तत्काल विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें।

**जीवाणुज तना विगलन** यह बीमारी प्रायः फूल आने पर प्रकट होती है जमीन की सतह से ऊपर की 1-2 गांठें गहरे भूरे रंग की व पानी से भरी हुई व नर्म हो जाती हैं। इस स्थान से तना टूट जाता है। पौधे से आती हुई शराब जैसी गंध इस बीमारी की मुख्य पहचान है।

**इस बीमारी से की जाने वाली रोकथाम**

* बुआई के समय नाइट्रोजन व पोटाश की अनुमोदित मात्रा ही डालें । अधिक नाईट्रोजन उर्वरक न दें।
* खेतों में पानी को ज्यादा देर न रूकने दें और इसके निकास का सही प्रबंध करें।
* रोग प्रतिरोधी किस्में लगाएं।

**पत्तो का झुलसा** यह बीमारी प्रायः 30-40 दिन पुरानी फसल में पहले निचले पत्तो से शुरू होती हुई फिर ऊपर की ओर आती है।

**पत्तों की बीमारी की रोकथाम के उपाय**

* रोग प्रतिरोधी किस्मों की बिजाई करें ।
* 10 जून से पहले अगेती बुआई करने से यह बीमारी कम पड़ती है।
* नाइट्रोजन खाद की अनुमोदित मात्रा में डालें । हबीमारी का पता चलते ही फसल में इंडोफिल

### मक्की की मुख्य बीमारियां

जैड-78 या इण्डोफिल एम-45 (1.5 कि0ग्रा0) 750 लीटर पानी में डाल कर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव को दस दिन से अंतराल में दोहराएं ।

**शीर्ष की कांगियारी** इस बीमारी के लक्षण फसल में फूल आने व भुट्टे बनने की अवस्था में दिखाई देते हैं तथा ये पूरी तरह काले पाउडर में परिवर्तित हो जाते हैं।

**इससे की जाने वाली रोकथाम**

* बीज को बोने से पहले विटावैक्स या बैविस्टिन (2.5 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज) की दर से उपचारित करें
* ग्रसित पौधो को उखाड़ कर नष्ट कर दें।
* ग्रसित खेतों में 4-5 वर्ष का फसल चक्र अपनाएं ।

**पर्णच्छद अंगमारी** **इस** रोग के लक्षण पौधों की जड़ों एवं डंठलों को छोड़कर सभी भागों में प्रकट होते हैं। लगभग 40-50 दिन की फसल पर पत्तों या तनों से लपेटे पत्तों के भागों पर लाल से भूरे धब्बे बन जाते हैं। पौधों की बढ़ौतरी के साथ ये धब्बे तनों पर ऊपर की ओर बढ़ते हैं। दूर से देखने पर रोग ग्रस्त पौधे सांप की केंचुली के जैसे नजर आते हैं। कई बार भुट्टों में दाने ही नहीं बनते हैं। **इस बीमारी से जड़ व नर फूल भाग के अतिरिक्त, पौधे के सभी भाग प्रभावित होते हैं।**

**बीमारी से रोकथाम के विभिन्न उपाय**

* रोग ग्रस्त पौधों को उखाड़ कर नष्ट कर दें।
* प्रतिरोधी किस्मों की बिजाई करें।
* इस फसल में पंक्ति से पंक्ति व पौधे से पौधे का अनुमोदित अंतर रखें ताकि बीमारी वाले पत्तों का स्वस्थ पत्तों के साथ आपस में स्पर्श न हो।
* जब फसल 40-50 दिन की हो तो रोग ग्रस्त भागों को निकाल कर जला दें।
* रोग के प्रकट होते ही इंडोफिल एम-45 (0.25 प्रतिशत) का छिड़काव करें और उसके बाद बीमारी की गंभीरता को देखते हुए 10 दिन के अंतर पर छिड़काव करें।




### कटुआ कीड़ा, काले मूंग व सफेद सुंडी



**ये कीड़े मिट्टी में छुपे रहते हैं तथा अंकुरित होने के तुरंत बाद पौधों को खाकर भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इस किड़े की रोकथाम के विभिन्न उपाय-**

* खेतों की गहरी जुताई करके उसमें मौजूद कीड़ों की विभिन्न अवस्थाओं को नष्ट करें।
* अच्छी तरह से गली सड़ी खाद का ही प्रयोग करें ।
* बीज की मात्रा अधिक डालें। प्रकाश प्रपंच का प्रयोग करें।
* खेत में गोबर की खाद के साथ कीट व्याधिकारक दवाई मैटरीजियम/ब्यूबेरिया डाले।
* कटुआ कीट की सुंडी से पौधों को बचाने के लिए 4 इंच चौड़ाई वाला पाइप दार यंत्र बनाए जो कि अखवार के कागज या एलुमिनियम फाइल या प्लास्टिक कप का हो। इसे पौधे पर इस तरह रखे की पौधे का तना चारों तरफ से घिर जाएं । इस यंत्र को 1 इंच जमीन में दवायें।
* बिजाई के समय 2 लीटर क्लोरपाइरिफास 20 ईसी को 25 किग्रा रेत में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से जमीन में डालें।



डॉ. कुलदीप धीमान, डिप्टी डायरेक्टर, कृषि, जिला कांगड़ा।



अंजू ठाकुर, विषय विशेषज्ञ, स्टेट बायोकंट्रोल लैबोरेटरी, पालमपुर।

## न्यूज ब्रीफ

### थुरल भाजपा मंडल की बैठक भ्रांता में संपन्न



राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। थुरल मंडल भाजपा के पदाधिकारियों और ग्राम केंद्र अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक मंडल के गतिशील अध्यक्ष विकास धीमान की अध्यक्षता में ग्राम केंद्र भ्रांता में संपन्न हुई। विकास धीमान ने मंडल के सभी बूथों पर चलने वाले अभियान की विस्तृत जानकारी उपस्थित कार्यकर्ताओं को दी। बैठक को पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष सुलह कैप्टन देशराज शर्मा, महामंत्री विजय राणा और महामंत्री भंडारी राम ने संबोधित किया। बैठक में जोगिंद्र चौहान, सरोज शर्मा, सरिता राणा, मनोज शर्मा, संजय जम्वाल, सुरेश राणा, प्रवेश शर्मा, ज्ञान चंद भूरिया, यशपाल जम्वाल, सुमन कुमार, विजय भूरिया, रणवीर सिंह, कुलदीप पटियाल कुशल भगोरिया और अश्वनी शर्मा उपस्थित रहे।

### सरकारी सेवा में कार्यरत विधवा महिलाएं घर के पास हों नियुक्त



पूर्व विधायक मुल्खराज।

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। शहीद सैनिक जिनकी पत्नियां सरकारी सेवा में कार्यरत हैं या जहां पर घर के मुखिया पुरुष का निधन हो गया है उनकी पत्नियों को उनके घर के पास ही संबंधित विभाग में नियुक्त किया जाए, उक्त आग्रह बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने मुख्यमंत्री सुक्खू से किया है। उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व सशस्त्र बल के सैनिक बैजनाथ उपमंडल के धारेड़ निवासी रमेश कुमार का हृदयाघात के कारण निधन हो गया, जो कि अत्यंत दुखदाई घटना है। उन्होंने कहा कि रमेश के निधन के बाद उनकी पत्नी वृक्षा देवी जो सिरमौर क्षेत्र में टीजीटी के पद पर कार्यरत हैं, के सर पर अब परिवार की जिम्मेदारी है, यदि वृक्षा देवी की नियुक्ति उनके घर के पास ही स्कूल में कर दी जाए तो प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवार के जख्मों पर यह मरहम का कार्य करेगा।

### चौकी पंचायत को मिला नया पंचायत भवन

अनंत ज्ञान, डरोह। उपमंडल धीरा के अधीन शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत चौकी की जनता को नया पंचायत भवन स्थानीय जनता और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत के बुजुर्गों ने समर्पित किया। इस पंचायत भवन का लोकार्पण स्थानीय बुजुर्ग शक्ति चंद राणा ने पंचायत प्रधान रेखा देवी, सचिव नीरज कमल,पंचायत सदस्यों सरोज कुमारी, अजय कुमार की उपस्थिति में किया।



### एक दिन की बेसिक पेंशन आपदा राहत में देंगे पेंशनर्स

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ ने प्रदेश में बरसात में आई आपदा में सहयोग हेतु एक दिन की बेसिक पेंशन आपदा राहत कोष में देने को सहमति प्रदान की है। संघ के जिला प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कहा कि जिला कार्यकारिणी, सभी ब्लाक प्रधान, सचिवों से परामर्श के उपरांत उक्त निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चाहे हिमाचल प्रदेश सरकार ने 2021 में पे कमीशन की रिपोर्ट जो 1 जनवरी 2016 से कार्यान्वित हुई की बकाया राशि 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर्स को अभी तक नहीं दी है। वहीं प्रदेश के कुछ स्थानों पर आई आपदा में प्रभावितों के सहायतार्थ सभी पेंशनर्स एक दिन की बेसिक पेंशन का योगदान आपदा राहत कोष 2025 में करेंगे। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि पेंशनर्स की एक दिन की मूल पेंशन स्वतः ही जिला कोषाधिकारी द्वारा पेंशन से प्राप्त कर लेनी चाहिए।

### परौर पॉलीटेक्निकल कॉलेज को शुरू करने की मांग

अनंत ज्ञान, डरोह। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़जमूला में संस्थान प्रबंधन कमेटी की बैठक हुई, जिसमें संस्थान के विकास एवं उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, पेयजल आपूर्ति विभाग के उच्च अधिकारी, विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था ताकि इस संस्थान में आ रही समस्याओं को सुलझाया जा सके। संजय सिंह चौहान ने संचालन समिति से परौर पॉलीटेक्निकल कॉलेज के शुरू किए जाने की भी बात कही। चौहान ने कहा कि संचालन समिति द्वारा डंगे की मांग, सड़क और पीने के पानी की समस्या के लिए विभागों को जल्द समाधान निकालने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### आपदा प्रभावितों को दी सहायता राशि

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। धर्मपुर स्याठी-लौंगणी हाल त्रासदी में प्रभावित आई लोगों की सहायता के लिए मोटिवेशन फिटनेस क्लब लम्बागांव एक बार फिर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। क्लब और ओपी हॉलीडे संस्थान ने 11000 व खाने का राशन दिया। मोटिवेशन फिटनेस क्लब के अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि जब समाज के संगठन इस तरह पीड़ितों की मदद के लिए आगे आते हैं, तो यह न केवल राहत कार्यों को बल देता है, बल्कि समाज को एकजुट करने का संदेश भी देता है। प्राकृतिक आपदाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में क्लब हमेशा आगे रहा है। आज भी, बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए उनका यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि अनुकरणीय भी है।



# पैराग्लाइडिंग हादसा : नहीं आया कारण बताओ नोटिस का जवाब

## मामले की जांच को गठित कमेटी कर चुकी है घटनास्थल का दौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप बनगोटू में घटित पैराग्लाइडिंग हादसे में अभी तक पर्यटन विभाग को कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं मिला है। मामले की जांच को गठित चार सदस्यीय कमेटी घटनास्थल का दौरा कर चुकी है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है दो दिन के भीतर कमेटी जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंप सकती है। कमेटी द्वारा की गई जांच में सामने आए बिंदुओं द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। 13 जुलाई को बनगोटू में अनऑथोराइज्ड साइट पर हुए पैराग्लाइडिंग हादसे में गुजरात के पर्यटक की मौत होने के साथ पायलट घायल हो गया था। जिस पर 14 जुलाई को पर्यटन विभाग ने साइट आपरेटर व पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। शनिवार को नोटिस के जवाब आने का आखिरी दिन है, लेकिन शुक्रवार शाम तक कोई जवाब, विभाग को नहीं मिल पाया है। नोटिस का जवाब न आने कारण उपचाराधीन घायल पायलट भी माना जा रहा है। पैराग्लाइडिंग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच को लेकर तहसीलदार धर्मशाला की अध्यक्षता में गठित 4 सदस्यीय टीम ने घटनास्थल का दौरा कर जांच के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को एकत्रित किया है तथा पायलट के खिलाफ धर्मशाला थाना में एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**दो दिन के भीतर एसडीएम को रिपोर्ट सौंप सकती है कमेटी**




बनगोटू में अननोटिफाइड साइट पर हुए पैराग्लाइडिंग हादसे को लेकर पर्यटन विभाग द्वारा आपरेटर व पायलट को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का शुक्रवार शाम तक जवाब नहीं आया है। इसका एक कारण पायलट का उपचाराधीन होना भी हो सकता है।

-विनय धीमान, पर्यटन अधिकारी, जिला कांगड़ा।

अभी तक पैराग्लाइडिंग हादसे की जांच रिपोर्ट मेरे समक्ष नहीं पहुंची है। हालांकि जांच के साथ ही इस हादसे में पायलट के खिलाफ लापरवाही के कारण पर्यटक की मौत पर मामला दर्ज किया गया था।

-मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला

## कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका किसानों की समृद्धि में अहम : पठानिया

अनंत ज्ञान, पालमपुर। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में प्रदेश के कृषि अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों और किसानों के हित में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

उप मुख्य सचेतक ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये विश्वविद्यालय अनुसंधान और नवाचार का केंद्र होते हैं, जहां से विकसित तकनीकों और शोधों से किसानों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है। पठानिया ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए 'हिम-ईरा' नामक ई-कॉमर्स वेबसाइट शुरू की गई है।

## शैक्षणिक जीवन में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर की चर्चा



अनंत ज्ञान, पालमपुर

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के सभागार में आज 'तनाव और उसका प्रबंधन' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. एडी बिंद्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया और खुले संवाद और विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली पहलों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के समाधान के महत्व पर बल दिया।

इस सत्र में मनोचिकित्सक एवं सलाहकार डॉ. संजू गंभीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. संजू गंभीर ने एक व्यावहारिक मुख्य भाषण दिया, जिसमें स्वस्थ और हानिकारक तनाव के बीच के अंतर पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने छात्रों को चिंता को प्रबंधित करने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के लिए 4-7-8 श्वास तकनीक आदि सहित व्यावहारिक मुकाबला रणनीतियों को समझाने के लिए वास्तविक जीवन के छात्र परिदृश्य प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने छात्रों के लिए इस प्रकार की महत्वपूर्ण गतिविधियों के आयोजन के लिए छात्र कल्याण संगठन की सराहना की। उन्होंने शैक्षणिक जीवन में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर भी चर्चा की।

प्रो. कुमार ने छात्रों को तनाव से रचनात्मक रूप से निपटने के लिए समय प्रबंधन, माइंडफुलनेस और साथियों के सहयोग जैसी सिद्ध तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यातिथि, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. आरके असरानी ने इस पहल की सराहना की और शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य को शैक्षिक ढांचे में शामिल करने का आग्रह किया।

# कांगड़ा घाटी में रेल बहाली नहीं हुई तो दिल्ली में होगा प्रदर्शन

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

नगरोटा सूरियां। भारत जोड़ों अभियान और लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य पीसी विश्वकर्मा ने रेलवे मंडल जम्मू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पठानकोट-जोगिंदरनगर नैरो गेज सेक्शन पर पिछले 12 साल से रेल यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है और रेलवे उसरी सोया हुआ है उसे जनता की परवाह नहीं।

जब से केंद्र में बीजेपी की सरकार आई है तब से ही रेल ट्रैक की हालत है। रेलवे स्टेशनों की हालत ठीक नहीं है, इसके साथ ही यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करने लिए रूम की व्यवस्था भी नहीं है। पीसी विश्वकर्मा ने कहा की उनके नेतृत्व में यहां की जनता की तरफ से हमने चार बार जंतर-मंतर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन किया, पीएमओ को ज्ञापन सौंपे, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। पिछले चार साल से चक्की पुल का निर्माण नहीं हो सका, जबकि अंग्रेजी हुकूमत ने तीन सालों में अनेकों पुल बनाए और 130 किलोमीटर ट्रैक बिछाकर नई ट्रेन शुरू कर दी थी और भारतीय हुकूमत से चार साल में एक पुल भी तैयार नहीं कर पाई, क्या यह ही विकास की तेजी का मॉडल है।

पीसी विश्वकर्मा ने मांग की जोगिंद्रनगर से पठानकोट तक ऑल वैदर ट्रैक को सुरक्षित करें ट्रैक के किनारे पहाड़ियों को सीलन करें ताकि पत्थर ट्रैक पर न गिरे, ट्रेनें बंद रखना कोई हल नहीं। पीसी विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि यदि 9 अगस्त तक ट्रेन न चली तो वे 10 अगस्त को जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे और ज्ञापन सौंप कर जनता की तकलीफ से अवगत करवाएंगे।

# वित्तीय और सुरक्षा प्रबंधन पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

आईडीडीयूपी परियोजना कार्यालय सीआईआई न्यासमूर्ति मेहर चंद महाजन ट्रस्ट, धर्मशाला में फायर सेफ्टी एवं स्टॉक मार्केटिंग पर चल रहे प्री-रिलीज कोर्स (पीआरसी) के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए औपचारिक संबोधन सत्र आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम पहली बार शिमला के बाहर धर्मशाला में खनियारा स्थित संस्थान में किया गया है, जबकि अब तक इस तरह के कार्यक्रम, हिमाचल में शिमला में ही आयोजित किए जाते रहे हैं। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के डायरेक्टोरेट जनरल रिसेटलमेंट (डीजीआर) द्वारा प्रायोजित हैं, जिनका उद्देश्य सेवानिवृत्त हो रहे जेसीओ/ओआर को पुनर्वास उन्मुख और उद्योग संबंधित कौशल प्रदान करना है। प्रतिभागियों को संबोधित करने वाले प्रमुख अतिथियों में कर्नल राजीव गुप्ता (डीजीआर प्रतिनिधि), कर्नल महेश गुरंग (सेवानिवृत्त), अवस्थी (सेवानिवृत्त नियंत्रक परीक्षा, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) और डॉ. अनिल कुमार शर्मा, क्षेत्रीय प्रमुख, आईडीडीयूपी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद शुक्ला, मुख्य समन्वयक, आईडीडीयूपी के मार्गदर्शन में किया गया तथा समन्वयन की जिम्मेदारी मन्नू धीमान, कैंपस प्रमुख, धर्मशाला एवं उनकी टीम द्वारा निभाई गई। कर्नल राजीव गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और सेवा के बाद जीवन के इस नए चरण को आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. अनिल ने वित्तीय क्षेत्र, सुरक्षा प्रबंधन और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों की जानकारी दी और पूर्व सैनिकों को अपनी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और अनुभव को नागरिक जीवन में सफलतापूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। आईडीडीयूपी ने पूर्व सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर योगदान सुनिश्चित किया।

## हैप्पी बर्थडे



(मस्साल) औंधा गांव के मिंटू को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# घर पर कब्जा करने पर पुलिस ने प्रॉपर्टी को किया फ्रीज

अनंत ज्ञान, इंदौरा

पुलिस ने एक बड़ी करवाई को अमल में लाते हुए एक व्यक्ति द्वारा किसी अन्य व्यक्ति की प्रॉपर्टी पर कब्जा करके उसके ऊपर एक और मंजिल का निर्माण कराकर खुद मालिकी साबित करने वाले के इमारत को फ्रिज कर दिया गया है।

एसपी अशोक रतन ने बताया कि पंजाब -हिमाचल प्रदेश सीमा से सटे चक्की नदी किनारे के गांव छन्नी स्थित एक व्यक्ति शमशेर सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह वासी वार्ड 9 डमटाल द्वारा एक मकान पर कब्जा कर रखा था और उस मकान के ऊपर एक और मंजिल का निर्माण कर लिया था जबकि उक्त जायदाद का असल मालिक तिलक राज पुत्र राम प्रकाश निवासी गांव छन्नी पुलिस थाना डमटाल तहसील इंदौरा है जिसके नाम पर उक्त मकान की रजिस्ट्री है मगर इसके बावजूद शमशेर सिंह द्वारा जबरन अपना कब्जा कर लिया गया था।



जिस पर सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली के मुताबिक आदेशों के अधिन एचएम आवासीय मकान शमशेर सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह गांव वार्ड नं. 9 डमटाल त. इंदौरा जिला कांगड़ा ने अवैध तौर पर गांव छन्नी में दो मंजिल मकान निर्मित किया है। जो उक्त जमीन का असल मालिक तिलक राज पुत्र राम प्रकाश निवासी गांव व डा. छन्नी त. इंदौरा जिला कांगड़ा के नाम पर पंजीकृत है। जिस पर शमशेर उपरोक्त ने अवैध कब्जा कर दो मंजिल मकान निर्माण किया है को आज पुलिस थाना डमटाल के द्वारा फ्रीज कर दिया गया और मकान के बाहर इस संबंधित सूचना बोर्ड लगा दिया गया है।

# ढलियारा से शिमला के लिए बस सेवा शुरू

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

ढलियारा से शिमला के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा 18 जुलाई से नई बस सेवा शुरू करना ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस रूट पर पहली बार चलने वाली यह बस प्रातः 4:20 बजे ढलियारा से रवाना होकर दोपहर 11:30 बजे शिमला पहुंचेगी। वापसी में यह बस दोपहर 1:45 बजे शिमला से चलेगी और रात 8:30 बजे ढलियारा पहुंचेगी।

यह सेवा खासकर उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जिन्हें शिमला में स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासनिक या रोजगार से जुड़े कार्यों के लिए सफर करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने इस सुविधा को 'लंबे समय से प्रतीक्षित मांग की पूर्ति' बताया है।

किसान सभा रियासत डाडासीबा, स्यूलखड्ड के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया ने इस सेवा को 'जनसुविधा के लिहाज से अत्यंत सराहनीय' बताया। इससे न केवल क्षेत्र के बुजुर्गों और मरीजों को लाभ होगा, बल्कि युवाओं और विद्यार्थियों के लिए भी यह राहतदायक सिद्ध होगी। किसान सभा के अन्य पदाधिकारियों उपाध्यक्ष मोनू, उपाध्यक्ष अजीत कुमार, यशपाल, रमेश, उत्तम चंद, प्रदीप ठाकुर ने इस पहल के लिए विधायक कमलेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

# एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा में काउंसिलिंग कम एडमिशन कल

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

कांगड़ा। एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कम एडमिशन का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में एमएससी केमिस्ट्री, फिजिक्स, जूलॉजी, बॉटनी, मैथ्स के अतिरिक्त एमए इंग्लिश, एमकॉम, एमबीए और पीजीडीसीए की कक्षाएं चलती हैं।

विशेष जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने बताया कि निर्धारित समय पर अपने असली प्रमाण पत्र लेकर विद्यार्थियों को उपस्थित होना होगा और यदि एडमिशन हो जाती है तो इसी दिन फीस भी जमा करवानी होगी।



## मेले के प्रबंधों पर कल होगी बैठक

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। स्व. जीएस बाली के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में होने वाले बाल मेले के प्रबंधों को लेकर बाल मेला कमेटी के प्रधान मान सिंह ने समस्त सदस्यों से अनुरोध किया है कि बाल मेले के प्रबंधों संबंधी आवश्यक बैठक ओबीसी भवन में रविवार सुबह 11 बजे रखी गई है, जिसमें ब्लॉक के सभी कांग्रेस पदाधिकारी भाग लेंगे।

इसके मुख्यातिथि बाल मेला कमेटी के चेयरमैन आरएस बाली रहेंगे। बाल मेला कमेटी प्रधान ने सभी सदस्यों से इस बैठक में भाग लेने को कहा है।

# छात्रों को दी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

पठानकोट। सेना की मिलिट्री स्टेशन ममून के अधिकारियों की ओर से मोंटेसरी कैंब्रिज स्कूल डिफेंस रोड पर ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष डीब्रीफिंग सत्र और मामून मिलिट्री स्टेशन के अधिकारियों की ओर से प्रेरक दायक, देशभक्ति व प्रेरणा से भरपूर ऑपरेशन की जानकारी दी गई।

सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों व स्टाफ को डीब्रीफिंग का मुख्य आकर्षण मुख्यालय पश्चिमी कमान से प्राप्त एक अत्यधिक जानकारीपूर्ण वीडियो था, जिसने छात्रों को ऑपरेशन सिंदूर की एक सजीव और गहन जानकारी प्रदान की। मिलिट्री स्टेशन के अधिकारियों ने एक प्रभावशाली संबोधन दिया, जिसमें अमूल्य अनुभव और देश के जावाज बहादुरों की रणनीति व कार्य प्रणाली साझा की गई। मोंटेसरी कैम्ब्रिज स्कूल के अध्यक्ष आकाश महाजन ने बताया कि, उन्हें अपने स्कूल में वरिष्ठ सेना अधिकारियों का स्वागत करके हम स्वयं को अत्यधिक सम्मानित महसूस कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन ने आए हुए सेना के अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मोंटेसरी कैंब्रिज स्कूल के विद्यार्थी और अन्य।

# नूरपुर अस्पताल के डॉक्टर्स के खिलाफ लगाए आरोप निराधार : एचएमओए

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

जिला कांगड़ा के सिविल अस्पताल नूरपुर जिला कांगड़ा के चिकित्सकों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर लगाए गए झूठे एवं भ्रामक आरोपों की जिला कांगड़ा मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने निंदा की है।

एचएमओए के अध्यक्ष डॉ. उदय सिंह ने कहा कि उक्त फेसबुक अकाउंट के माध्यम से यह असत्य और अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं कि सिविल अस्पताल नूरपुर के चिकित्सा अधिकारी ओपीडी में उपस्थित नहीं रहते हैं तथा मरीजों से कथित तौर पर रिश्वत ली जाती है। यह सभी आरोप पूरी तरह से निराधार, तथ्यहीन और मानहानिकारक हैं। जिला कांगड़ा यह स्पष्ट करती है कि सभी चिकित्सक समय पर ओपीडी में उपस्थित रहते हैं तथा मरीजों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस प्रकार के भ्रामक आरोपों से न केवल चिकित्सा अधिकारियों की छवि को ठेस पहुंचती है, बल्कि आम जनता के मन में स्वास्थ्य संस्थानों के प्रति गलत संदेश जाता है। यह कृत्य एक सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है, जो चिकित्सकों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने तथा समाज में भ्रम फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। मेडिकल एसोसिएशन जिला कांगड़ा ने संबंधित प्रशासन व साइबर सेल से यह मांग उठाई है कि उक्त सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की भ्रामक एवं असत्य सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से बचे।

**समाधान** कांगड़ा के चंगर में लो वोल्टेज की टेंशन होगी खत्म

# दौलतपुर में 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखने की तैयारी

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश चेयरमैन निशु मोंगरा ने शुक्रवार को रानीताल रेस्ट हाउस में बिजली बोर्ड, जलशक्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि के अफसरों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों पर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत चंगर इलाके में यह महामीटिंग हुई। कई लोगों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में निशु मोंगरा ने लोगों की मांग पर कहा कि दौलतपुर इलाके में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। इसके लो वोल्टेज की टेंशन दूर होगी। साथ ही इलाके में भरपूर बिजली मिलने से लोगों को इंटरनेट आदि चलाने में दिक्कत नहीं होगी। वहीं लघु उद्योगों को भी इससे मदद मिलेगी।

लोगों की एक अन्य मांग पर मोंगरा ने कहा कि जिन इलाकों में बिजली की तारें नीचे हैं और घरों को खतरा बनी हुई हैं, उन्हें उठाया जाएगा।

इसके लिए उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। लोगों ने यह भी बताया कि रानीताल वार्ड नंबर तीन में एक वाटर टैंक रखा गया है। यह टैंक नगरोटा बगवां इलाके को आपूर्ति करता है। इसका स्थानीय लोगों को भी फायदा मिलना चाहिए। इस पर मोंगरा ने कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी। निशु मोंगरा ने लोगों को बताया कि बरसात में साफ पानी मुहैया करवाने की दिशा में सात हैंडपंपों को ठीक किया गया है।

इस अवसर पर जलशक्ति विभाग के एक्सईएन राजेंद्र सिंह, एसडीओ विजय नाग,जेई अनिल कुमार, राजेश, पीडब्ल्यूडी के जेई विनोद, एसडीओ बिजली आदित्य, भंगवार प्रधान सूरम सिंह, उपप्रधान राजीव, दौलतपुर प्रधान दिलवर, पूर्व प्रधान जलाड़ी प्रमोद सिंह, रानीताल पूर्व प्रधान बोधराज, उपप्रधान समेला माली राम, पुरु पोतम सिंह, नंदलाल, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## एनएच से खफा दिखे लोग

लोगों ने बताया कि एनएच ने रोड निर्माण के दौरान कई जगह प्रोटेक्शन नहीं दी है। इस कारण बरसात का पानी लोगों के खेतों तक जा रहा है। बहुत नुकसान हो रहा है। इस पर निशु मोंगरा ने कड़ा रोष जताया। उन्होंने एनएचएआई कांगड़ा से शनिवार के दिन ऐसे क्षेत्रों का दौरा करने का आग्रह किया है।

कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत चंगर इलाके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खास फोकस कर रहे हैं। इसके चलते बिजली बोर्ड, जलशक्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि के अफसरों की मौजूदगी में लोगों की मांगें सुनी गई हैं। काम युद्धस्तर पर जारी है।

-निशु मोंगरा, चेयरमैन, एपीएमसी।

# सीयू के शोधार्थी अमर कुमार ने दक्षिण कोरिया में पढ़ा शोधपत्र

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

दक्षिण कोरिया में वैश्विक राजनीतिक वैज्ञानिकों की कांग्रेस में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी अमर कुमार ने शोधपत्र प्रस्तुत किया। शोधार्थी अमर कुमार ने अपने शोध पर्यवेक्षक और शोधपत्र के सह-लेखक डॉ. चंद्रशेखर के साथ को दक्षिण कोरिया के सियोल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ 28वीं विश्व कांग्रेस में अपना शोधपत्र एशिया में लोकतांत्रिक पतन - राज्यों और गैर-राज्यकर्ताओं की भूमिका प्रस्तुत किया।

अमर कुमार जिला कांगड़ा में उपमंडल फतेहपुर के रैहन क्षेत्र में संबंध रखते हैं और सीयू के दीनदयाल उपाध्याय स्टडी सेंटर के शोधार्थी हैं। यहां वह भारत और चीन की स्ट्रिंग आफ पर्ल्स नीति के प्रति भारत की प्रतिक्रिया और रणनीति पर पीएचडी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ की विश्व कांग्रेस दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित अकादमिक मंचों में गिनी जाती है। इस वैश्विक सम्मेलन तीन वर्ष में एक होता है और इस वर्ष विश्व के लगभग 100 से अधिक देशों के राजनीतिक वैज्ञानिकों ने इसमें भाग लिया।

यह शोधपत्र विश्व के अन्य महाद्वीपों के इतर एशिया में लोकतंत्र के विकास को देखने का दृष्टिकोण देता है। एशिया में लोकतंत्र के पतन में यह राज्यकर्ता और अन्य राज्यकर्ताओं को चिन्हित करता है।

यह शोध पत्र एशिया के लोकतंत्र के विकास की दो धाराओं और वर्तमान में निरंकुशता को धारा को चिन्हित करता है।

# शिक्षा मंत्री ने राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान का किया शिलान्यास

## रोहित बोले- 17.51 करोड़ से बनेगा संस्थान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार सृजन पर जोर

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के जुब्बल की ग्राम पंचायत पराली के डकैड़ में राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास किया। यह संस्थान 17 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से बनेगा और शैक्षिक नियोजन, प्रबंधन, अनुसंधान, प्रशिक्षण और मूल्यांकन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि यह हिमाचल सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता का एक अहम कदम है। इस स्वायत्त संस्थान में 200 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले सकेंगे, जिसके निर्माण का टेंडर आवंटित कर दिया गया है और कार्य जल्द ही शुरू होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा को सर्व सुलभ और गुणवत्तायुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में विभिन्न श्रेणियों के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग के हजारों पदों को भरा गया है, और यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके अलावा, अन्य देशों की शिक्षा प्रणाली से सीखने के लिए हिमाचल के मेधावी विद्यार्थियों को सिंगापुर व कंबोडिया जैसे देशों में भेजा गया है। उन्होंने अपनी हाल की लेह और लद्दाख यात्रा का भी जिक्र किया, जहां उन्हें प्रसिद्ध पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक से मिलने का अवसर मिला।



### जुब्बल-कोटखाई विस क्षेत्र में चौतरफा विकास

**शिक्षा** मंत्री ने बताया कि जुब्बल उनका गृह क्षेत्र है और जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व और चौतरफा विकास सुनिश्चित हुआ है। इसमें विभिन्न सड़कों और भवनों का निर्माण शामिल है। आईटीआई जुब्बल में 11 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन शहरी आजीविका केंद्र का भवन जल्द ही पूरा हो जाएगा। रामपुरी मेला ग्राउंड तक सड़क को 20 लाख रुपये खर्च करके पक्का किया गया है, और सलावकरा सड़क का कार्य 7 लाख रुपये की लागत से प्रगति पर है। नकटाड़ा सड़क का कार्य भी 5 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जल्द शुरू होगा।

### रामपुरी जातर मेले के पालकी प्रस्थान कार्यक्रम में शामिल

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने तहसील जुब्बल के डकैड़ गांव में देवता साहिब शाडी बनाड़ महाराज जी के मंदिर में पूजा-अर्चना की और परंपरागत 'रामपुरी जातर' के लिए देवता साहिब की पालकी के प्रस्थान कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने जुब्बल के ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय रामपुरी जातर के अंतिम दिन में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेला कमेटी के आयोजकों को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और 50,000 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि रामपुरी, राथल, महासू और शवाल मेलों को जिला स्तरीय मेला घोषित किया गया है।

# राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान परियोजना का मिथ्या श्रेय ले रहे शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने जारी बयान में कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई के डकेकैड गांव में 17.51 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा किया जाना मात्र एक राजनीतिक दिखावा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान जो हिमाचल में शिक्षा प्रबंधन, शिक्षक प्रशिक्षण और गुणवत्ता सुधार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, निःसंदेह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

बरागटा ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षा मंत्री इस महत्वपूर्ण परियोजना का मिथ्या श्रेय स्वयं हड़पकर राजनीतिक लाभ बटोरने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वस्तुस्थिति यह है कि राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना भारत सरकार के समग्र शिक्षा अभियान और स्टार्स योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। चेतन बरागटा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भी हिमाचल प्रदेश को समग्र शिक्षा अभियान और स्टार्स योजना के तहत केंद्र सरकार से लगभग 1092.35 करोड़ की विशाल धनराशि प्राप्त हुई है, जिसमें राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान जैसी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं समाहित हैं।

बरागटा ने कहा कि शिक्षा मंत्री का यह दावा कि यह संस्थान उनकी निजी पहल पर स्थापित हो रहा है, पूर्णतः भ्रामक व जनता को भ्रमित करने वाला है। यह घटनाक्रम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि संवेदनशील और गंभीर विषय पर भी मात्र राजनीतिक श्रेय लूटने की अंधी दौड़ में संलिप्त हैं।

### जनता को गुमराह करना छोड़े मंत्री : चेतन बरागटा



**चेतन** बरागटा ने शिक्षा मंत्री से आह्वान किया कि वे जनता को गुमराह करने का परित्याग कर सच्चाई को स्वीकारें और केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योगदान को सार्वजनिक मंच से सहर्ष स्वीकार करें।

## न्यूज ब्रीफ

### संदासू में 10 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 17 जुलाई को एक मुकद्दमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को जब पुलिस की टीम संदासू में गश्त कर रही थी। उस समय शाम करीब 6:40 बजे उन्हें अवैध शराब के संबंध में एक गुप्त सूचना मिली। सूचना के आधार पर पेजा (शंखवान) में छापा मारा गया। जिसमें आरोपी सर्जन सिंह (56) गांव पेजा (शंखवान) डाकघर खशाधार के कब्जे से 10 पेटी (120 बोतलें) देसी शराब मार्का संतरा नंबर-एक बरामद की गई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### बाढ़ प्रभावितों को वितरित की राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना व जिला हमीरपुर के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश प्रवक्ता संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह के मार्गदर्शन में थुनाग में बाढ़ से प्रभावित लोगों को जीवन यापन के लिए जरूरी वस्तुओं का वितरण किया तथा आर्थिक मदद की। प्रवक्ता संघ के सदस्यों ने घर-घर जाकर जरूरतमंदों को मदद वितरित की। दोनों जिलों के प्रवक्ताओं द्वारा इसमें खुले दिल से सहयोग किया गया। जिला ऊना के अध्यक्ष शशि पाल सैनी और जिला हमीरपुर की अध्यक्ष गौतम राणा ने बताया कि इसमें प्रवक्ता साथियों ने मानवीय सहायता में अपने हाथ उत्साह से बढ़ाएं। प्रवक्ता संघ ने रूप प्रकाश, प्रेम सिंह बलवंत सिंह, शाली ग्राम, चमन लाल, भैरवा देवी, मान सिंह, ग्राम पंचायत झुंडी, उत्तम सिंह, कुन्दन लाल आदि के परिवारों की घर पहुंच कर मदद की। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव संजीव ठाकुर, संजीव कुमार और सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

### सांगों-जुबड़ से सांबर सड़क को मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ठियोग विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम ने बताया कि सांगों-जुबड़ से सांबर सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए सांसद सुरेश कश्यप का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। अजय श्याम ने जानकारी दी कि उन्होंने हाल ही में सांसद सुरेश कश्यप से इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 में शामिल करने का अनुरोध किया था, क्योंकि कुछ कारणों से यह पहले छूट गई थी। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद दुर्गम क्षेत्र है जहां के निवासियों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए दूसरे विधानसभा क्षेत्र से होकर जाना पड़ता है। इस त्वरित निर्णय के लिए, अजय श्याम ने क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद सुरेश कश्यप का आभार व्यक्त किया।

### एचआरटीसी पेंशनरों को नहीं मिली पेंशन

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई रामपुर एवं रिकांगपिओ की मासिक बैठक रामपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान वीरभद्र सिंह कायथ ने की। परिवहन निगम चालक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर के कक्ष में आयोजित बैठक में लगभग 50 पेंशनरों ने भाग लिया। इस दौरान बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें पेंशन का स्थाई समाधान व पहली तारीख को पेंशन देने एवं जनवरी 2024 के बाद जो सेवानिवृत हुए हैं उन्हें अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है उन्हें भी पेंशन शीघ्र लगाई जाए। साथ ही साथ जनवरी 2016 से सभी प्रकार के एरियर जो लंबित पड़े हैं उनकी अदायगी तुरंत की जाए। पेंशनर 31 जुलाई को रामपुर में उग्र प्रदर्शन करेंगे।

### छात्रों को दी भविष्य की योजनाओं की जानकारी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में शुक्रवार को नवागंतुक छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. राय सिंह नेगी ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने अपने संबोधन भाषण में नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और महाविद्यालय के गौरवशाली अतीत एवं भविष्य की योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने उच्च शिक्षा की आवश्यकता व इसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि इस सत्र से महाविद्यालय में सीमानियन हेल्पिंग हैंड नाम से एक सोसायटी बनाई गई है जो आर्थिक रूप से सक्षम बच्चों की सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय सीमा ने पिछले वर्ष नई पहल मेरा कॉलेज मेरा घर की शुरुआत की है। जिसमें हर विद्यार्थी को महाविद्यालय के प्रति उसकी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# पीएचसी बेलुपुल में एसेसरी समेत कंप्यूटर का सारा सामान चोरी

### ननखड़ी थाना में मामला दर्ज, जांच शुरू

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाली पीएचसी बेलुपुल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। रात के अंधेरे में पीएचसी में घुसे चोर एसेसरी समेत कंप्यूटर उड़ा ले गए, जिसको लेकर ननखड़ी थाना मे मामला दर्ज किया गया है। पीएचसी बेलुपुल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार ने चोरी की रिपोर्ट थाना ननखड़ी में लिखाई है। वीरवार सुबह जब स्टाफ सदस्य पीएचसी पहुंचे, तो पाया गया कि पीएचसी की लैब से सारा सामान गायब है, जिसमें टाइनी सीपीयू, एक मॉनिट, एक एक्सटेंशन बोर्ड, जिओ डोंगल, बारकोड स्कैनर, एक यूपीएस, एक कीबोर्ड, डेल कंपनी का एक सीपीयू, डेल कंपनी का एक मॉनिटर, न्यूमेरिक कंपनी का एक यूपीएस, एक कीबोर्ड व माउस शामिल है।



उन्होंने बताया कि सभी स्टाफ सदस्य 16 जुलाई को लगभग शाम 4 बजे पीएचसी से रवाना हुए थे। इसके पश्चात 17 जुलाई की सुबह लगभग 8:30 बजे जब फार्मेसी अधिकारी अनुज भट्टाचार्य, कशिश गौतम (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) व गुड्डी देवी (सफाई कर्मचारी) ने रोजमर्रा की तरह दरवाजा खोला तो पाया कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे, लाइट्स चालू थीं और ऊपर सूचीबद्ध सभी सामान गायब था। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मिनी आंगनबाड़ी को अपग्रेड करने की अधिसूचना का स्वागत

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन संबंध सीटू ने सरकार द्वारा मिनी आंगनबाड़ी को अपग्रेड करने की अधिसूचना का स्वागत किया है साथ ही इसे यूनियन के संघर्षों का परिणाम बताया है। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव खिमी भंडारी ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर यूनियन की विभिन्न मांगों में मिनी आंगनबाड़ी को फूल आंगनबाड़ी केंद्रों में तबदील करना शामिल थी। इस पर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन भी किए गए। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद प्रदेश सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना जारी होने के साथ इसकी स्तरोन्नत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने मांग की है कि यूनियन की अन्य मांगों पर भी सरकारें शीघ्र विचार करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर के माध्यम से लाभार्थियों का डेटा इकट्ठा करने की सरकार की नीति में बदलाव होना चाहिए।

# मंत्री अनिरुद्ध सिंह के निर्देशों के बाद भी चेबड़ी में बंद नहीं हो पाया शराब का ठेका

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** सुन्नी की ग्राम पंचायत चेबड़ी में पंचायतीराज मंत्री द्वारा आबकारी एवं कराधान विभाग को शराब ठेका बंद करने के निर्देश के बावजूद चौथे दिन भी ठेका बंद नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। अभी हाल ही में पंचायत के महिला मंडलों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक इस्तीफा देने के बाद पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विभाग के अधिकारियों को चेबड़ी में ठेका बंद करने के निर्देश दिए थे तथा इन निर्देशों के बाद ग्रामीणों को पंचायत से तुरंत शराब का ठेका बंद होने की आस बंधी थी। लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी ठेका खुला रहने पर लोगों में मायूसी है। इससे पंचायत के नशा मुक्त रखने पर भी अड़ंगा लग रहा है।

सूत्रों की माने तो ठेका बंद करने की जटिल प्रक्रिया के चलते कुछ दिन लगना स्वभाविक है। वहीं पंचायत वासियो का कहना है कि पिछले लगभग डेढ़ महीने से पंचायत में खुले शराब के ठेके को बंद करवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर क्यों प्रक्रिया जारी नहीं की गई।

पंचायत वासी कुंदल लाल, जोगेंद्र शर्मा, मीरा, भिमिराम, भूपेश शर्मा और हेमंत शर्मा ने बताया कि जब ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत को नशा मुक्त बनाने का निर्णय लिया है तो सरकार जनभावना से खिलवाड़ क्यों कर रही है और ग्राम सभा में यह भी निर्णय लिया गया था कि पंचायत में कोई भी व्यक्ति यदि अवैध शराब बेचता हुआ पाया गया। तो उसको पंचायत से मिलने वाली सुविधाएं बंद कर दी जाएगी। यदि नशे में कोई व्यक्ति लगातार तीन बार हुड़दंग मचाता हुआ पकड़ा गया तो उसके साथ भी वही व्यवहार किया जाएगा। उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को भी उक्त निर्णय से अवगत करवाया है। फिर भी सरकार द्वारा पंचायत में ठेका खोलने की अनुमति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि उक्त समस्या से पंचायत में विकास कार्य भी प्रभावित है रहे है जिस कारण से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पंचायत वासियों का कहना है कि यदि अभी भी सरकार ग्रामीणों कि समस्या पर ध्यान नहीं देती और ढुलमुल रवैया अपनाती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



सुन्नी की पंचायत चेबड़ी में खुला शराब का ठेका।

### कूडो टूर्नामेंट में शिवा गुरुकुल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला स्तरीय कूडो टूर्नामेंट में शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, झंडूता के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। टूर्नामेंट में स्कूल के कई प्रतिभाशाली छात्रों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में अर्णव और देवांश ने गोल्ड मेडल, जबकि राधिका, मिसति, विराज और आरव धूलिया ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक पंकज चंदेल ने सभी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### सीआईएसएफ ने शुरू किया खेल भर्ती अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान शुरू किया है। एनटीपीसी कोल डैम यूनिट के डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने बताया कि इस अभियान के तहत 433 खिलाड़ियों की भर्ती की जा रही है, जिनमें 229 महिलाएं शामिल होंगी। भर्ती प्रक्रिया 7 से 29 जुलाई 2025 तक देशभर के 14 चयन केंद्रों पर चलेगी। भर्ती से लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराटे, तीरंदाजी, साइकिलिंग, रोइंग, तलवारबाजी, वुशु सहित कुल 13 खेलों की नई टीमें तैयार की जाएंगी। इस अभियान को 12,868 आवेदकों की प्रतिक्रिया मिली है, जिनमें 350 अंतरराष्ट्रीय और 3968 राष्ट्रीय पदक विजेता हैं। उप महानिरीक्षक अजय दहिया के अनुसार, वर्ष 2024-25 में सीआईएसएफ के खिलाड़ियों ने 159 पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### सिकल सेल एनीमिया के रोकथाम के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आज एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स द्वारा 'मिशन टू एलिमिनेट सिकल सेल अनेमिया' विषय पर विशेष संवाद और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गतिविधि 2 एचपीबीएन एनसीसी मंडी के निर्देशानुसार, महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डॉ.) जय चंद की निगरानी एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर एसयूओ चंदन कौंडल ने सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण, प्रभाव और रोकथाम के उपायों पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल ने कहा कि कैडेट्स के इस तरह के जागरूकता वाले कार्यक्रम से महाविद्यालय के अन्य छात्रों को एक सशक्त जागरूकता का संदेश जाता है।

### विद्यार्थियों ने उखाड़े भांग के पौधे

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के बीटीटीएम विभाग के छात्र-छात्राओं ने आज महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता के लिए एक प्रेरणादायक पहल करते हुए कॉलेज चौक, ऑटो स्टैंड और छात्र छात्रावास से लेकर नए भवन परिसर के गेट तक उगी भांग की झाड़ियों को हटाने का अभियान चलाया। यह एक दिवसीय 'भांग उखाड़ो अभियान' विभाग की नियमित गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय के पूरे परिसर को भांग मुक्त करना हमारा उद्देश्य है।

### विपक्ष पर दबाव बनाने में जुटी केंद्र सरकार : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कांग्रेस नेता ठाकुर हीरा पाल सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि वर्तमान प्रधानमंत्री केवल चुनावी राज्यों का दौरा करते हैं, जबकि अन्य राज्यों में आपदा, हिंसा या संकट की स्थिति में भी वे चुप्पी साधे रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल चुनाव जीतने को ही अपना मुख्य एजेंडा बना चुकी है, जबकि बेरोजगारी, महंगाई, किसान आत्महत्याएं और आतंकी हमलों पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं देती। ठाकुर ने कहा कि जैसे ही चुनाव पास आते हैं, विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियां जैसे ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई की कार्रवाई शुरू हो जाती है, जबकि भाजपा में शामिल हो चुके नेताओं के खिलाफ लंबित मामलों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। ऐसे में केंद्र सरकार विपक्ष पर दबाव बनाने में जुटी है। ठाकुर हीरा पाल सिंह ने यह भी कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए विपक्ष के नेताओं को डराया-धमकाया जाता है या फिर लालच देकर पार्टी तोड़ने की साजिश रची जाती है। उन्होंने इस पूरी कार्यशैली को 'चुनावी स्टंट और बदले की भावना से प्रेरित' बताया और कांग्रेस पार्टी की ओर से जनता से वादा किया कि आने वाले समय में हर अत्याचार का हिसाब लिया जाएगा।



# भाखड़ा विस्थापितों की आवाज बनी ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति

अरुण डोगरा, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति वर्षों से उन हजारों परिवारों की आवाज बनी हुई है, जो भाखड़ा बांध निर्माण के कारण अपनी जमीनें और घर गंवाकर आज भी पूर्ण पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। समिति लगातार विस्थापितों के हक की लड़ाई लड़ रही है और विभिन्न मंचों पर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठा रही है।

समिति ने कई बार राज्य और केंद्र सरकारों के समक्ष विस्थापितों को अभी तक न मिले प्लॉट, उचित मुआवजा, रोजगार में आरक्षण, और बुनियादी सुविधाओं की मांग को रखा है। हाल ही में समिति ने बिलासपुर उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें विस्थापितों को वन भूमि पर अधिकार, शेष पुनर्वास कार्यों को शीघ्र पूरा करने और विस्थापितों की अगली पीढ़ी को लाभ देने की मांग की गई। समिति के संयोजकों का कहना है कि जिले में आज भी सैकड़ों विस्थापित परिवार ऐसे हैं जिन्हें न तो स्थायी पुनर्वास मिला है और न ही कृषि योग्य भूमि। इसके बावजूद उन्होंने शांतिपूर्वक और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई जारी रखी है। यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे।

समिति ने मांग की है कि विस्थापितों की गिनती, पात्रता सूची और लंबित मामलों की जांच के लिए एक स्वतंत्र आयोग का गठन किया जाए। साथ ही, विस्थापितों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र, रोजगार में प्राथमिकता, शिक्षा और स्वास्थ्य में विशेष कोटा देने की भी मांग की गई है।

ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति आज एक सशक्त संगठन के रूप में सामने आया है, जो विस्थापन की पीड़ा को न्याय में बदलने की दिशा में मजबूत प्रयास कर रहा है।

### समिति की आम सभा 20 को : देशराज



**जिला** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर के प्रधान देशराज शर्मा का कहना है कि समिति की आम सभा 20 जुलाई को ठाकुरद्वारा मंदिर औहर में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा विस्थापितों की जमीनों पर लगाए जा रही बुर्जियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आगामी रणनीति तय की जाएगी ताकि विस्थापितों के हितों की रक्षा की जा सके। जनरल हाउस में समिति के आगामी चुनाव भी कराए जाएंगे ताकि संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाया जा सके।

### युवा वाहिनी दुर्गा वाहिनी ने निकाला शौर्य पथ संचलन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के बल्हसीणा बाजार में विश्व हिंदू परिषद की युवा वाहिनी दुर्गा वाहिनी का शौर्य पथ संचलन निकला। इससे पहले खबड़ी देवी माता मंदिर परिसर में सभी युवा शक्ति का एकत्रीकरण हुआ। सबसे पहले शाखा लगाकर ध्वज फहराया गया। जिसके बाद पथ संचलन की शुरुआत हुई। शौर्य संचलन खबड़ी माता मंदिर से चल कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्हसीना बाजार, मंडी से होता हुआ मंदिर परिसर में पहुंचा।

संचलन मार्ग पर दुर्गा वाहिनी की बहनों का संघ सहित राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। संचलन मार्ग में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारियों ने बताया कि दुर्गा वाहिनी का काम बहनों को समाज के बीच में जाकर कार्य करना, स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा करना है, साथ ही लव जिहाद जैसी घटनाओं के प्रति सजग करना है।

### अडाणी फाउंडेशन ने 15 टीबी मरीजों को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अडाणी फाउंडेशन बरमाणा ने सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक और प्रेरणादायक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला बिलासपुर के मारकंड ब्लॉक में 15 टीबी मरीजों को पूरे एक वर्ष के लिए गोद लिया है। इस पहल के तहत मरीजों को हर महीने पोषणयुक्त किट उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके और वे जल्द ठीक हो सकें। इस कल्याणकारी योजना की शुरुआत करते हुए फाउंडेशन द्वारा इन सभी 15 मरीजों को प्रथम चरण में 'निक्षय मित्र पोषण किट' वितरित की गई, जिसमें प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री, दालें, सूखा मेवा, चना, तेल, पौष्टिक बिस्किट और आवश्यक सप्लीमेंट्स शामिल हैं।

### एचआईवी की रोकथाम पर किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** ग्राम पंचायत में झंडूता के गांव बड़ी बिल्यौर को राजकीय महाविद्यालय झंडूता द्वारा गोद लिया गया। पंचायत के उपप्रधान राकेश चंदेल ने गांव गोद लेने की प्रक्रिया को पूर्ण करने में साथ दिया। यह भारत में एचआईवी, एड्स के नियंत्रण और रोकथाम के लिए एक व्यापक कार्यक्रम है। इस गांव को गोद लेने का उद्देश्य समाज में फैल रही एड्स नामक बीमारी का समाज से पूर्ण रूप से उन्मूलन करना है। महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा जागरूक कार्यक्रम करवाए जाएंगे।

### झंडूता में तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** 108 मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 से 16 जुलाई तक किया गया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा ने की। शिविर में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर तहसीलदार बिलासपुर ने विशेष रूप से भाग लिया और बीएलओ व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कुल 118 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह आयोजन आगामी निर्वाचनों की तैयारी में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### घुमारवीं कॉलेज में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर तथा घुमारवीं महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में बियूल, कचनार, बांस, हरड़, बेहड़ा, जामुन तथा सिल्वर ओक जैसे 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से लेकर पट्टा गांव तक रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### घुमारवीं कॉलेज के तीन छात्र एचपीयू में चयनित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं कॉलेज के तीन मेधावी छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के गणित विभाग में स्नातकोत्तर में प्रवेश लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित चयनित सूची में इन छात्रों का चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं में सौरभ, अभिलाषा और रितिका शामिल हैं, ये छात्र अब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के गणित विभाग से उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने छात्रों को बधाई दी।

### बड़ी बिल्यौर गांव को झंडूता कॉलेज ने लिया गोद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** गांव बड़ी बिल्यौर को राजकीय महाविद्यालय झंडूता द्वारा गोद लिया गया। पंचायत के उपप्रधान राकेश चंदेल ने गांव गोद लेने की प्रक्रिया को पूर्ण करने में साथ दिया। यह भारत में एचआईवी, एड्स के नियंत्रण और रोकथाम के लिए एक व्यापक कार्यक्रम है। इस गांव को गोद लेने का उद्देश्य समाज में फैल रही एड्स नामक बीमारी का समाज से पूर्ण रूप से उन्मूलन करना है। साथ ही युवा वर्ग भी अपने भविष्य के प्रति जागरुक होते हुए श्रेष्ठ नागरिक बन सके। महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा यहां कई जागरूक कार्यक्रम करवाए जाएंगे। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब की प्रभारी प्रो. अर्चना शर्मा सहित प्रो. पंकज, प्रो. नीतेश, प्रो. रंजू, प्रो. रेखा शामिल रहे।

### नई लाइन बिछाने के लिए बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत बिलासपुर रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई को बिजली की नई लाइन बिछाने हेतु रोड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र निहाल व एचआरटीसी वर्कशॉप में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है, शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

# स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति से बढ़ा चिकित्सकों का मनोबल : राजेश

### सीएम सुक्खू, एचएम और स्वास्थ्य सचिव का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिला। संघ ने मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य निदेशक की चिकित्सा समुदाय से नियुक्ति के लिए आभार जताया।

संघ का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से भी मिला तथा उनका भी हार्दिक धन्यवाद किया और आभार जताया। इस उपलक्ष पर डॉ. गोपाल बेरी स्वास्थ्य निदेशक, डॉ. विकास ठाकुर महासचिव, डॉ. प्रवीण चैहान कोषाध्यक्ष, डॉ. दीपक कैंथला अध्यक्ष शिमला इकाई, डॉ. योगराज वर्मा महासचिव शिमला इकाई, सचिव डॉ. सुनील चैहान और डॉ. हितेन बनियाल मौजूद रहे। संघ ने डॉ. गोपाल बेरी को प्रदेश के नए स्वास्थ्य निदेशक का कार्यभार प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. राजेश ने बताया कि हिमाचल चिकित्सा अधिकार संघ हमेशा ही प्रदेश की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं के उपलब्ध करवाने के लिये दिन रात समर्पित है। दुर्गम क्षेत्रों में बेहतरीन स्वास्थ सेवाएं प्रदान किए जाने के लिए हिमाचल देश भर में माना जाता है। इस नियुक्ति से हिमाचल के चिकित्सकों का मनोबल बढ़ा है।



मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलता संघ का प्रतिनिधिमंडल।

# श्रावण अष्टमी मेला 25 से शुरू, तैयारियां पूरी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

शक्तिपीठ श्री नयनादेवी जी में श्रावण अष्टमी मेला इस वर्ष 25 जुलाई से 5 अगस्त तक पारंपरिक श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मेले की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मेले से दो दिन पूर्व तक शेष आवश्यक कार्य पूर्ण करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजाब की ओर से आने वाले बड़े वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की व्यवस्था कर दी गई है। मेले के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से समूचे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। रात्रि समय में मार्गों पर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु 6 स्थायी और 6 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

### जेल में चिकित्सक से स्वास्थ्य की जांच करा सकेंगे कैदी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश की दो बड़ी जेलों में विचाराधीन और सजा काट रहे कैदी अब हर सप्ताह चिकित्सक से जांच करा सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने शिमला की केंद्रीय कारागार कंडाघाट और बिलासपुर की ओपन एयर जबली जेल में दो चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की है।

चिकित्सक सप्ताह के दो दिन जेल में जाकर सेवाएं देंगे। प्रदेश की इन दोनों जेलों में करीब 2 हजार कैदी हैं। कई कैदी बीमारियों से भी जूझ रहे है। जबकि कई कैदी मौसमी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी हो जाती है।

# जांघी में संतुलन बिगड़ने से सड़क पर पलटी बाइक, दो गंभीर घायल

अनंत ज्ञान, चंबा



**जिला** चंबा के जांघी क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भरमौर की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार और अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक बीच सड़क पर फिसलकर पलट गई, जिससे दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए, जबकि तीसरे को मामूली चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा शाम 5 बजे से 5:30 बजे के बीच हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक सहायता देने के बाद चम्बा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज जारी है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक की नंबर एचपी48बी 7525 बताई गई है, जिस पर तीनों युवक सवार थे। फिलहाल घायलों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है, पर प्रारंभिक सूचना के अनुसार, दो युवक रजेरा और एक युवक साहू क्षेत्र से संबंध रखते हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, दो युवकों की हालत गंभीर है पर डॉक्टरों की निगरानी में स्थिर बताई जा रही है, जबकि तीसरे युवक को मामूली उपचार के बाद छुट्टी दी जा सकती है।

घटना के बाद कुछ देर के लिए जांघी क्षेत्र में सड़क पर हल्का जाम लग गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई और बाइक क्षतिग्रस्त हालत में सड़क किनारे पड़ी रही।

# मणिमहेश यात्रा क्षेत्र में स्वच्छता के लिए त्रिस्तरीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

अनंत ज्ञान, चंबा

**मणिमहेश** तीर्थ यात्रा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाए रखने तथा कूड़ा कचरे का वैज्ञानिक विधि से निष्पादन करने के दृष्टिगत जिला प्रशासन चंबा द्वारा अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं इस कड़ी में जिला प्रशासन चंबा-रैपीड्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड तथा हीलिंग हिमालयाज के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।

समझौते के मुताबिक जिला प्रशासन चंबा के सहयोग व मार्गदर्शन में हीलिंग हिमालयाज नामक संस्था रैपीड्यू टेक्नोलॉजी संस्था की प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए मणिमहेश तीर्थ यात्रा मार्ग पर उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। स्वच्छता से संबंधित इस परियोजना का क्रियान्वित जिला प्रशासन चंबा के अलावा पर्यटन विभाग शहरी विकास विभाग राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ग्रामीण विकास विभाग पर्यावरण,विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, स्थानीय निकाय, आबकारी विभाग, स्थानीय व्यवसायिक संस्थाओं तथा होटल एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि इस परियोजना के बारे में शीघ्र ही भरमौर क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा योजना से जुड़े सभी पक्षों को इस बारे में शिक्षित किया जाएगा।



जिला प्रशासन चंबा, रैपीड्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड व हीलिंग हिमालयाज के बीच हस्ताक्षरित हुआ समझौता ज्ञापन।

उपायुक्त चंबा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जमा वापसी योजना-2025 को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। हिमाचल प्रदेश जमा वापसी योजना, 2025 के अनुसार, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण उपायों को बढ़ावा देने के लिए, मणिमहेश यात्रा 2025 के दौरान जमा वापसी अवधारणा को लागू करने हेतु जिला प्रशासन चंबा द्वारा एक पायलट परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया गया था तथा इसी कड़ी में आज एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन चंबा हिमाचल प्रदेश में मणि महेश यात्रा तीर्थ क्षेत्र में कूड़े-कचरे और पुनर्चक्रण योग्य कचरे के प्रबंधन के लिए निरंतर उपाय कर रहा है तथा हाल ही में 15 से 30 जुलाई तक मणिमहेश यात्रा मार्ग को पूर्ण रूप से स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित बनाए रखने के मकसद से एक विस्तृत स्वच्छता अभियान आरंभ किया गया है जिसमें स्थानीय पंचायत स्वयंसेवी संगठन पर्यावरण प्रेमी व श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है उन्होंने बताया इस अभियान के दौरान एकत्रित कूड़े कचरे के निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर रीसाइक्ल और हीलिंग हिमालयाज ने बताया है कि उनके पास सूखे कचरे (जैसे प्लास्टिक, एमएलपी, टेट्रा, कांच) के पृथक्करण/संग्रह/पुनर्चक्रण हेतु जमा वापसी योजना के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचा है, जिससे तीर्थ यात्रा क्षेत्र में कचरे के ढेर की समस्या का समाधान होगा।

# लैंडस्लाइड संभावित सड़क मार्ग पर ब्लास्टिंग कर नीचे गिराया पहाड़



चंबा-चांजू मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग ने ब्लास्टिंग कर नीचे गिराया पहाड़।

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा-चांजू** मुख्य मार्ग पर बीते दिन पहाड़ी दरकने की आशंका के चलते लोक निर्माण विभाग ने समय रहते सक्रिय कदम उठाया। विभाग द्वारा संभावित खतरे को देखते हुए पहाड़ी पर ब्लास्ट कर उसे निष्क्रिय कर दिया गया, ताकि इससे कोई बड़ी जनहानि न हो। हालांकि इस कार्यवाही के चलते यह मार्ग बीते कल से पूरी तरह बाधित हो गया है।

सहायक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लास्ट आवश्यक था क्योंकि दरकती पहाड़ी किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती थी। विभाग को जनता को हुई असुविधा पर खेद है, लेकिन जनसुरक्षा सर्वोपरि थी। उन्होंने बताया कि मार्ग की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है हालांकि बारिश होने से रास्ता खोलने में विभाग को परेशानी तो आ रही है पर शीघ्र ही दोपहर तक यातायात को बहाल कर दिया जाएगा। इस दौरान मार्ग बाधित रहने से स्थानीय लोगों और वाहनों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। विभाग ने वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देते हुए लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## जिले में फोर्टिफाइड चावल कुपोषण के खिलाफ प्रभावी कदम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, पुरुषोत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चंबा की सभी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे मिड-डे मील, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और एकीकृत बाल विकास सेवा के तहत फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। यह पहल कुपोषण की समस्या को कम करने और विशेष रूप से गरीब एवं कमजोर वर्गों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल एक ऐसी प्रक्रिया से तैयार किया जाता है, जिसमें चावल के दानों में आयरन, फोलिक एसिड, और विटामिन क्क्212 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। चूंकि चावल भारत में अधिकांश लोगों का मुख्य आहार है, और आयरन की कमी से होने वाली एनीमिया जैसी समस्याएं व्यापक हैं, इसलिए फोर्टिफाइड चावल कुपोषण से निपटने का एक प्रभावी उपाय है।

# मिंजर मेले में बौद्ध समुदाय को प्रतिनिधित्व देने की उठी आवाज, डीसी को सौंपा ज्ञापन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चुराह।** चंबा जिले के चुराह क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव भनोडी से आए बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाक़ात कर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मिंजर महोत्सव में बौद्ध समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को उचित स्थान और पहचान दी जाए।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नालंदा पद्मा रिट्रीट सेंटर, भनोडी के सचिव ताशी दोरजे खंपा ने किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्ञापन में इस बात पर चिंता जताई गई कि चंबा जिले की विविध सांस्कृतिक पहचान में बौद्ध समुदाय की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, विशेषकर पांगी और चुराह जैसे क्षेत्रों में जहां प्राचीन बौद्ध मठ, हिमालयी जीवनशैली और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की परंपराएं आज भी जीवित हैं।



**ये हैं मांगें**

बौद्ध संस्कृति को दर्शाने वाली विशेष झांकी को मिंजर मेले की सांस्कृतिक शोभायात्रा में शामिल किया जाए, जिसमें भिक्षु परंपरा, बौद्ध प्रतीक, प्राचीन मठ जीवन और समुदाय की जीवनशैली का प्रदर्शन किया जाए।

चंबा के सार्वजनिक भवनों, दीवार चित्रों (म्यूरल्स), और अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर बौद्ध धर्म से जुड़े कलात्मक और आध्यात्मिक तत्वों को स्थान मिले।

चंबा जिले की संस्कृति को प्रस्तुत करने वाले संग्रहालयों, सरकारी प्रकाशनों, आयोजनों और स्मारकों में बौद्ध समुदाय के ऐतिहासिक योगदान को यथोचित सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया जाए।

इसके बावजूद, बौद्ध समुदाय को जिले के प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में, उपयुक्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है।

ताशी दोरजे खंपा ने यह भी कहा कि वर्तमान में बौद्ध समुदाय की अनुपस्थिति सांस्कृतिक असंतुलन और ऐतिहासिक विस्मरण का कारण बन सकती है, जो जिले की समावेशी पहचान के विपरीत है।

## होली-बाया कलाह मार्ग की स्थिति को लेकर की चर्चा

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** युकां के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमणि कुलेठी ने शुक्रवार को उपयुक्त चंबा से मणिमहेश यात्रा होली वाया कलाह को लेकर मुलाकात की। इस मौके पर मणिमहेश यात्रा के दौरान होली-बाया कलाह मार्ग की स्थिति और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर उन्होंने उपायुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि इस मार्ग पर यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पूर्ण सहयोग एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष होली से भी हेली टैक्सी सेवा के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सीधा लाभ मिलेगा। हर वर्ष होली वाया कलाह मणीमहेश के लिए सैकड़ो श्रद्धालु जाते हैं। जितने अधिक श्रद्धालु यहां से जाएंगे लोगों को यहां पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे वह यात्रा भी सुगम होगी।

### मनीष सरीन ने एचपीटीडीसी अध्यक्ष आरएस बाली से की मुलाकात

# चमेरा जलाशय में जल हवाई अड्डा परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की उठाई मांग

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन मंत्री आरएस बाली से शुक्रवार को उनके निवास स्थान 'मज़दूर कुटिया' में शिष्टाचार भेंट की और डलहौज़ी के गिरते पर्यटन उद्योग को लेकर गंभीर चर्चा की।

इस बैठक में डलहौज़ी की पर्यटन संभावनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझावों और मांगों पर विचार-विमर्श हुआ। सरीन ने डलहौज़ी और इसके आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधर में लटकी कई परियोजनाओं को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया।

आरएस बाली ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही डलहौज़ी का दौरा कर जमीनी हकीकत का जायज़ा लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पर्यटन को राज्य के आर्थिक विकास का आधार बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है।



**बैठक के प्रमुख बिंदु**

चमेरा जलाशय में जल हवाई अड्डा परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की मांग।

डलहौज़ी के नजदीक हवाई पट्टी का निर्माण, जिससे पर्यटकों की सुगम पहुंच सुनिश्चित हो सके।

पठानकोट-डलहौज़ी रोपवे परियोजना पर पुनः विचार करते हुए उसे व्यवहारिक रूप देना।

डलहौज़ी-धर्मशाला टूरिज़्म कॉरिडोर का निर्माण, जिससे दोनों पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जा सके।

पर्यटन से जुड़े उद्योगों के लिए GST दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने का अनुरोध।

बैठक के दौरान राजेश चोभियाल, रजत शर्मा, विशाल सिंह और विकास धीमान भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी स्थानीय मुद्दों को सामने रखा।

# जनता के असली मुद्दों से भाग रही कांग्रेस: मुकेश

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता मुकेश कुमार ने एक बयान जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि उन्होंने न तो किसी वैध पुलिस कार्रवाई का विरोध किया है और न ही प्रशासन की भूमिका पर अनुचित टिप्पणी की है। उन्होंने केवल यह सवाल उठाया है कि अगर पुलिस प्रशासन किसी कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने के लिए इतनी मुस्तैदी और तत्परता दिखा सकता है, तो फिर वही सख्ती उन स्थानों पर क्यों नहीं दिखाई देती जहाँ खुलेआम नशे का व्यापार, चिट्टा, भांग, मर्डर, तोड़फोड़, गुंडागर्दी और अन्य अपराध हो रहे हैं।



मुकेश कुमार ने कहा कि हमारा सवाल केवल इतना है कि क्या कानून का पालन केवल आयोजनों और आयोजकों तक सीमित है? क्या यह सख्ती उन असली अपराधियों पर भी होती है, जो समाज को खोखला कर रहे हैं?

उन्होंने आरोप लगाया कि उनके सवाल उठाने के बाद कांग्रेस के कुछ छुटभैये नेताओं ने बयानबाज़ी शुरू कर दी है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि साहब की आड़ में राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। मुकेश कुमार ने कहा कि हमने सवाल किसी और से किया, लेकिन तकलीफ़ उन्हें हो रही है, जिनका चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं से सीधे सवाल पूछे कि जब मनरेगा की मज़दूरी अब तक गरीबों को नहीं मिली, ठेकेदारों और मज़दूरों के बिल रुके हुए हैं, सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, बेरोज़गारी और महँगाई चरम पर है, और जब पीएचसी, कॉलेज एवं अन्य सरकारी कार्यालय डिनोटिफ़ाई किए जा रहे हैं, तब कांग्रेस नेताओं की जुबान क्यों नहीं खुलती? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कांग्रेस द्वारा वादा की गई एक लाख नौकरियाँ और हर महिला को दिए जाने वाले 1500 रुपये का क्या हुआ? क्या इन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए एसएचओ को बहाना बनाया जा रहा है? मुकेश कुमार ने कहा कि हम सवाल उठाते रहेंगे - चाहे सरकार से हो या प्रशासन से। हमारा एक ही उद्देश्य है- कानून सबके लिए समान हो और कार्रवाई चयनित नहीं बल्कि सर्वव्यापी हो।

## वाहनों के संचालन के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा जिला चंबा के चयनित 41 स्टेज कैरिज टेंपो ट्रैवलर वाहनों के संचालन को लेकर 14 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए थे।

उन्होंने बताया कि विभाग ने आवेदन की तिथि को अब 21 जुलाई तक आगे बढ़ा दिया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि चयनित मार्गों की सूची व रूटों के आवंटन प्रक्रिया के लिए निर्धारित नियमों व शर्तों का विस्तृत विवरण हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

# साल 2016 से भवन निर्माण अधूरा, कॉलेज किराये के मकान में संचालित: एनएसयूआई

अनंत ज्ञान, चंबा

**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला चम्बा इकाई ने शुक्रवार को ज़िला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए लिल्ह कोठी महाविद्यालय की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मुख्य रूप से दो प्रमुख मुद्दों को उठाया गया।

पहला, महाविद्यालय का भवन निर्माण वर्ष 2016 से लंबित है, जिससे कॉलेज अब तक किराए के भवन में संचालित हो रहा है और छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरा, बीते तीन वर्षों से कॉलेज में हिंदी और पोलिटिकल साइंस विषयों के लिए कोई स्थायी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया है, जिससे छात्रों की पढ़ाई और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एनएसयूआई ने प्रशासन से मांग की कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो छात्र डीसी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर एनएसयूआई के राज्य अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर और राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने भी छात्र हितों में संघर्ष को पूर्ण समर्थन देने की बात कही।



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई जिला चंबा इकाई के सदस्य।

## चरस व चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस ने देईया कैंची पर गश्त के दौरान एक युवक से चरस और चिट्टा बरामद कर हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल रमेश पंवार के नेतृत्व में कांस्टेबल हर्ष चौहान व कांस्टेबल पवन पांडे की टीम नेरवा से कलारा की तरफ रूटीन गश्त कर रही थी। इस दौरान देइया कैंची पर दयांडली की तरफ से आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देख कर हड़बड़ा गया एवं एक पॉलिथीन का थैला सड़क किनारे फेंक कर पीछे की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने युवक को काबू में लेकर फेंके गए थैले की जांच की तो उसमे से 1.44 ग्राम चिट्टा तथा 28.31 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस टीम ने युवक को हिरासत में लेकर नेरवा थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूडोकु नवताल- 7495

★★★★✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 7494 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

# बागवानी में उत्पादन व गुणवत्ता सुधार पर बल दिया

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति योजना के अंतर्गत कृषि विभाग जिला शिमला द्वारा आत्मा परियोजना व प्राकृतिक खेती योजना के तहत जिला स्तरीय एकदिवसीय किसान मेला का आयोजन पुरानी सब्जी मंडी, रोहड़ू में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा व विशेषातिथि के रूप में कृषि विभाग के निदेशक डॉ. रविंद्र सिंह जसरोटिया ने भाग लिया। इस दौरान शक्तिलाल नेगी, अध्यक्ष, कृषक सलाहकार समिति छौहारा, डॉ. मनीष सूद व डॉ. अनिल ठाकुर, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आत्मा शिमला, डॉ. उषा शर्मा, प्रभारी, कृषि विज्ञान केंद्र रोहड़ू, डॉ. विजय चौहान, विषय विशेषज्ञ, कृषि रोहड़ू, डॉ. कुशाल सिंह मेहता, विशेष विशेषज्ञ, बागवानी विभाग शिमला डॉ. अश्वनी चौहान, विषय विशेषज्ञ (उद्यान), रोहड़ू, डॉ. महेंद्र सिंह, पशुपालन विभाग, डॉ. यशवंत बगीनटा, उद्यान विकास अधिकारी, रोहड़ू, डॉ. कपिल देव बलवान, उद्यान विकास अधिकारी, चिडगांव मौजूद रहे। डॉ. उषा शर्मा ने वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से बागवानी में उत्पादन और गुणवत्ता सुधार पर बल दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह**
विकास खंड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

यह की बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया ग्राम पंचायत डलाह में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई (PWMO) व शैगरी गेशन शैड को प्रति माह/वर्ष की दर से किसी संस्था महिला मंडल /युवक मंडल स्वयं सहायता समूह व किसी अन्य को संपूर्ण संचालन हेतु दिया जाना है। जिस के लिए दिनांक 25/07/25 को कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह में खुली बोली लगाई जानी है। खुली बोली के लिए सादे कागज पर आवेदन के साथ राशि मु. 10000/- दस हजार रूपए रखी गई है। जिसे आप सचिव ग्राम पंचायत के पास जमा करवा सकते हैं। तथा न्यूनतम सालाना बोली 50000/- रूपए से शुरू की जाएगी। आप सभी इच्छुक व्यक्ति या संस्था दिनांक 17/07/25 से 24/07/25 तक ग्राम पंचायत डलाह में अपने-2 आवेदन संपूर्ण ब्यौरा व निविदा सहित जमा करवाएं। अतः सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है।

**प्रधान ग्राम पंचायत डलाह**
**विकास खंड द्रंग, जिला-मंडी (हि.प्र.)**

# स्वयं सहायता समूहों के बेहतर संचालन को लेकर किया मंथन

अनंत ज्ञान, भरमौर

**राष्ट्रीय** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भरमौर के दुनाली में स्वयं सहायता समूह की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्तिक स्वामी क्लस्टर लेवल फेडरेशन गैहरा के 15 पंचायतों के सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने भाग लिया। बैठक को मिशन एग्जीक्यूटिव खंड विकास मैहला प्रिया कुमारी ने संबोधित किया।

इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर व जिला कोऑर्डिनेटर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों को संबोधित करते हुए मिशन एग्जीक्यूटिव प्रिया कुमारी ने कहा है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सरकार स्वयं सहायता समूहों के लिए कई तरह से काम कर रही है। स्वयं सहायता समूह के गठन के बाद सरकार की ओर से इन सेल्फ हेल्प ग्रुप को आर्थिक मदद भी दी जा रही है, जिससे सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाएं अपना छोटा-मोटा कारोबार करके स्वरोजगार कर सकती हैं।

इस मौके पर क्लस्टर की 15 पंचायतों के अलग-अलग स्वयं सहायता समूह ने अपने समस्याएं भी रखी और समझा कि किस तरह से आने वाले दिनों में स्वयं सहायता समूह को बेहतर तरीके से संचालन किया जा सके। इस मौके पर समूह के सदस्यों को बताया कि उन्हें कितना प्रतिशत ब्याज लेना व देना है, जो वार्षिक रूप पर लिया जाएगा।

## सैकड़ों पीड़ितों को ठीक कर चुके हैं वैद

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** गत दिनों प्रीणा पंचायत के दो युवक जंगल में लगी आग की चपेट में आ गए थे। इसमें एक युवक बबलू पुत्र जय राम बुरी तरह से झुलस चुका था। इसका इलाज टांडा, शिमला, चंडीगढ़ जैसे बड़े अस्पतालों में महीनों चला, लेकिन मरीज को न मात्र ही फर्क महसूस हुआ और उसे तीन-चार महीने अस्पताल में रखने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, अब वह युवक जो चलने में भी असमर्थ थे, उनके घर वालों ने हार नहीं मानी और एक वैद को घर बुलाया, जो साहू नामक स्थान का रहने वाला है, जिसने एक ऐसी चमत्कारी थैरेपी से पीड़ित युवक का इलाज किया, जिससे मात्र दो महीनों में ही वह युवक चलने लग पड़ा। पीड़ित व्यक्ति मोबाइल नंबर 88948 52793 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह**
विकास खंड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना दुकानों की नीलामी हेतु**

आपको सादर सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में जिन दुकानों का आवंटन किया गया था, व जिन दुकानों को 5 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी दुकानों की ओपन बोली (खुली नीलामी) दिनांक 28-07-2025 को आयोजित की जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप 27-07-2025 तक अपनी दुकानें अनिवार्य रूप से खाली कर दें, ताकि पंचायत समय पर नीलामी प्रक्रिया को संपन्न कर सके।

यदि निर्धारित तिथि तक दुकानें खाली नहीं की गई, तो पंचायत प्रशासनिक कार्रवाई करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

आपके सहयोग की अपेक्षा है।

**प्रधान ग्राम पंचायत डलाह**
**विकास खंड द्रंग, जिला-मंडी (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

शनिवार, 19 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** नवमी (07:11) **: नक्षत्र** रेवती (03:39), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** अतिगंड (09:28), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (02:10-03:53)।

**विशेष दिन**

- 19 जुलाई 2025: गुरु हरकिशन जयंती आज प्राचीन मत से।
- 19 जुलाई 2025: डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती आज।

**मेषः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें।

**वृषः** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुनः** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान व वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज से मुक्ति मिलेगी।

**कर्कः** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार में ध्यान दें।

**सिंहः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भागदौड़ होगी।

**कन्याः** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**तुलाः** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिकः** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मकरः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुंभः** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीनः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

जब व्यक्ति कुछ करना चाहता है, तो उसकी लगन और परिश्रम से अच्छे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# शिकंजा या प्रतिशोध

भारत की राजनीति में जब भी कोई हाई-प्रोफाइल नाम जांच एजेंसियों के घेरे में आता है, तो दो ही बातें सामने आती हैं—क्या यह सचमुच कानून का न्याय है या फिर यह सत्ता पक्ष की ओर से प्रतिशोध की कार्रवाई? कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की हालिया चार्जशीट इसी बहस को एक बार फिर हवा देती है। एक ऐसे समय में जब देश में लोकसभा चुनावों का माहौल बन रहा है, सत्ता और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति अपने चरम पर है। दरअसल, ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गंभीर आरोप लगाते हुए चार्जशीट दायर की है। मामला हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सेक्टर 83 स्थित शिकोहपुर गांव की 3.53 एकड़ जमीन से जुड़ा है। जांच एजेंसी का दावा है कि यह जमीन रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने खरीदी, जबकि उस समय कंपनी के बैंक खाते में केवल एक लाख रुपए की रकम थी। इसके बावजूद इतनी बड़ी जमीन का सौदा किया गया, जो बाद में जमीन का लैंड यूज (भूमि उपयोग) बदलवाकर रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दी गई। ईडी के अनुसार, यह सौदा धोखाधड़ी, भूमि उपयोग नीति का दुरुपयोग और काले धन को सफेद करने का एक मार्ग है।

चार्जशीट में यह भी उल्लेख किया गया है कि वाड्रा की कंपनी को भूमि उपयोग में परिवर्तन की अनुमति सरकार से उसी समय के भीतर मिल गई, जब अन्य कंपनियों को ऐसे मामले में लंबा इंतजार करना पड़ता है। ईडी इस तेजी को राजनीतिक संबंधों की वजह से मिली विशेष सुविधा मान रही है। रॉबर्ट वाड्रा और कांग्रेस पार्टी ने बार-बार इस मामले को राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा करार दिया है। उनका तर्क है कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं या भाजपा की सरकार किसी राजनीतिक संकट में होती है, तभी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जांच तेज कर दी जाती है। इससे पहले भी 2015, 2018 और 2019 में उनसे पूछताछ की गई, लेकिन किसी भी मामले में अभी तक कोई ठोस साक्ष्य अदालत में सिद्ध नहीं हो सका। कांग्रेस का कहना है कि वाड्रा एक नागरिक हैं, जिन पर कोई संवैधानिक दायित्व नहीं है। यदि उनके खिलाफ सबूत हैं, तो निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून अपना काम करे, लेकिन किसी को राजनीतिक कारणों से बदनाम करना लोकतंत्र की गरिमा के विरुद्ध है। दूसरी ओर भाजपा का रुख बिलकुल स्पष्ट है। वह इस मामले को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के रूप में देखती है।

पार्टी प्रवक्ताओं का कहना है कि कानून सबके लिए समान है, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में। उनका तर्क है कि भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करना केंद्र सरकार की कानूनी जिम्मेदारी है और यदि कांग्रेस या वाड्रा को इस पर आपत्ति है, तो उन्हें कोर्ट में अपनी बेगुनाही साबित करनी चाहिए। भाजपा यह भी आरोप लगाती है कि पिछली सरकारों में नेताओं के रिश्तेदारों ने सत्ता का दुरुपयोग कर अपने व्यवसाय को बढ़ाया और यह मामला भी उसी की एक मिसाल है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के अंतर्गत यदि यह सिद्ध हो जाए कि किसी ने अवैध स्रोत से संपत्ति अर्जित की, तो उसे जब्त किया जा सकता है और दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की सजा भी हो सकती है। हालांकि कानून कहता है कि जब तक अदालत किसी को दोषी न ठहराए, तब तक उसे निर्दोष माना जाएगा। रॉबर्ट वाड्रा के मामले में यह भी एक सच है कि जांच एजेंसी को अब तक कोई निर्णायक साक्ष्य पेश करना बाकी है, जिससे यह साबित हो सके कि उन्होंने भूमि खरीद में किसी सरकारी अधिकारी को प्रभावित किया या जानबूझकर धोखाधड़ी की।

स्वाभाविक है कि इस मामले में कई सवाल उठते हैं, जिनका उत्तर न्याय प्रक्रिया से पहले देना कठिन है। क्या वास्तव में वाड्रा की कंपनी के पास 3.53 एकड़ जमीन खरीदने के लिए पर्याप्त आर्थिक सामर्थ्य थी? क्या लैंड यूज में किया गया बदलाव सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा था या किसी प्रकार की राजनीतिक कृपा? क्या यह जांच सच में निष्पक्ष और समयबद्ध है या राजनीतिक समय के अनुसार नियंत्रित? देश का लोकतंत्र तब ही सशक्त बनता है जब कानून बिना किसी पक्षपात के लागू हो। यदि रॉबर्ट वाड्रा ने किसी तरह की अनियमितता की है, तो उन्हें दंड मिलना चाहिए, लेकिन यदि यह महज राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही कार्रवाई है, तो यह राजनीतिक शुचिता और न्याय प्रणाली दोनों का अपमान होगा। इसलिए जरूरी है कि जांच पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत हो। अदालत को अंतिम निर्णय लेने देना चाहिए। राजनीतिक बयानबाजी, मीडिया ट्रायल और अफवाहों से सच की परछाई धुंधली हो जाती है।

आज देश को जरूरत है विश्वास और निष्पक्षता की।रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भारत की जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं या राजनीतिक आदेशों पर? जब तक इस मामले में अदालत का स्पष्ट फैसला नहीं आता, तब तक किसी को दोषी या निर्दोष मानना जल्दबाज़ी होगी। राजनीति को न्याय प्रक्रिया से दूर रखना और हर नागरिक को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार देना ही भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के अग्रणी योद्धाओं में से एक

मंगल पांडे अथवा मंगल पांडेय का नाम 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' में अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है, जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे की शहादत ने भारत में पहली क्रांति के बीज बोए थे। ब्रह्मदेश (बर्मा 6 वर्तमान म्यांमार 8) पर विजय तथा सिख युद्ध की समाप्ति के पश्चात अंग्रेजों ने भारतवर्ष पर निष्कंटक राज्य करने के सपने देखे होंगे, पर उन्हें क्या पता था कि सन 1857 का वर्ष उनकी आशाओं पर तुषारपात का वर्ष सिद्ध होगा। कुछ संदर्भों में इनका जन्म स्थल फैजाबाद जिले की अकबरपुर तहसील के सुरहुरपुर ग्राम में बताया गया है। 'मारो फिरंगी को' यह प्रसिद्ध नारा भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वप्रथम आवाज उठाने वाले क्रांतिकारी मंगल पांडे की जुबां से 1857 की क्रांति के समय निकला था। 'फिरंगी' अर्थात 'अंग्रेज' या ब्रिटिश जो उस समय देश को गुलाम बनाए हुए थे, को क्रांतिकारियों व भारतीयों द्वारा फिरंगी नाम से पुकारा जाता था। ■



मंगल पांडे
जन्म : 19 जुलाई, 1827
मृत्यु : 8 अप्रैल, 1857



गजल

## हिमालय सा हो जाऊं मैं

संजीव कुमार सुधांशु, बीपीओ च्वाई, आनी, कुल्लू

*दुनिया चाहती है कि उस जैसा हो जाऊं मैं,*
*दिल यह चाहता है कि खुद जैसा हो जाऊं मैं।*
*वक्त निकलते ही बदले से हैं जनाब,*
*मेरी औकात कहां जो उन जैसा हो जाऊं मैं।*
*तेरी आंखों के समंदर पीने को,*
*पैमाने सा प्यासा हो जाऊं मैं।*
*कोई इंकलाब नहीं है जहन में मेरे,*
*बस मजलूमों के लिए दिलासा हो जाऊं मैं।*
*बहुत बदला है तेरी खातिर खुद को,*
*तू ही बता अब किस जैसा हो जाऊं मैं।*
*दर्द से कराह उठे हैं अब तो पहाड़,*
*सोचता है सुधांशु कि हिमालय सा हो जाऊं मैं।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# युद्ध की लपटों में घिरी दुनिया, हो सकते हैं भयंकर परिणाम



वर्तमान में विश्व के कई देशों के मध्य युद्ध का वातावरण व्याप्त है। एक तरफ रूस और यूक्रेन का युद्ध है। दूसरी तरफ ईरान और इसराइल का युद्ध भी सीजफायर के बाद भी चालू है। इसी बीच पाकिस्तान ने भारत के पहलगांव (कश्मीर) पर हमला किया। इसके बाद भारत ने भी हवाई हमले कर पाकिस्तान को जवाब दिया। अब विश्व में जो परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं,उनके चलते यह कहना बिलकुल भी अनुचित नहीं होगा कि परमाणु अस्त्रों से संपन्न राष्ट्र अगर इस तरह युद्ध के मैदान में कूदते हैं तो परिणाम भयंकर हो सकते हैं। युद्ध एक ऐसा सशस्त्र संघर्ष है जो दो या दो से अधिक समूहों के बीच होता है।



डॉ. अंशुल उपाध्याय
यूजीसी में सीनियर रिसर्च एसोसिएट

युद्ध दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक है, परंतु युद्ध कभी भी सिर्फ हाथों में हथियार ले लेने से ही शुरू नहीं हो जाता। युद्ध का जन्म किसी व्यक्ति विशेष के एक विचार से होता है। कई दफा ये विचार संपूर्ण राष्ट्र पर हावी हो जाते हैं। तो कई दफा जमीन के लालच, आत्म सुरक्षा का भय, तो कई दफा अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी भयंकर युद्धों की वजह बनता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संपूर्ण विश्व वायु सेवा की शक्ति से बखूबी परिचित हो गया था। इसके बाद 1948 में भारत को जब स्वतंत्रता की प्राप्ति हई तो उसके तुरंत बाद ही पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया और भारत को उसे जवाब देने के साथ ही युद्ध में उतरना पड़ा।

इस तरह से पाकिस्तान के साथ भारत ने चार युद्ध लड़े जिसमें पहला 1948 में, दूसरा 1965 में तीसरा 1971 में और चौथा कारगिल युद्ध जो 1998 में लड़ा गया।

इसी के साथ भारत और चीन के बीच भी 1962 में युद्ध लड़ा गया था। ईरान के अब तक का युद्ध इतिहास खून खराबे से भरा हुआ है। गाजा पट्टी का युद्ध हो या खाड़ी युद्ध, युद्धों ने इन दोनों देशों के मध्य तनाव वृद्धि ही की है। 2024 में इसराइल-ईरान के मध्य का ये शीत युद्ध सीधे संघर्ष में ही बदल गया और 1 अप्रैल को इसराइल ने दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर बमबारी की, जिसमें कई वरिष्ठ ईरानी अधिकारी मारे गए। इस हमले के जवाब में, ईरान और उसके प्रतिनिधियों ने 13 अप्रैल को इसराइल के अंदर हमले शुरू कर दिए।

ईरान और इसराइल के बीच 1979 से कोई राजनयिक संबंध नहीं हैं और आधुनिक संबंध शत्रुतापूर्ण हैं। शीत युद्ध के अधिकांश समय में ये संबंध सौहार्दपूर्ण थे, लेकिन ईरानी क्रांति के बाद ये और भी खराब हो गए और 1991 में खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद से ये खुले तौर पर शत्रुतापूर्ण हो गए हैं। इन्हें ईरान-इसराइल प्रॉक्सी संघर्ष, या ईरान-इसराइल शीत युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। इसके बाद इस्लामी खिलाफत का भी विस्तार हुआ। खलीफा उमर के शासन में इस्लाम का प्रसार और क्षेत्रीय विस्तार लगातार हुआ। इस्लामी एकता और धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहीं। कालांतर में फारसी संस्कृति को फॉलो करने वालों ने इस्लाम को आत्मसात करना शुरू कर दिया। इसका लाभ यह हुआ कि फारसी भाषा, साहित्य और प्रशासन को इस्लामी काल में नया जीवन मिला। इस तरह ईरान में शिया इस्लाम का विकास धीरे-धीरे हुआ, जो बाद में इस्लामी दुनिया में विशिष्ट पहचान बना पाया। आज शिया कम्युनिटी पूरी दुनिया में निवास करती है।

वर्तमान ईरान और इसके सुप्रीम लीडर खोमेनेई इसी शिया समुदाय के धार्मिक नेता भी हैं। ईरान और इसराइल के बीच प्रॉक्सी संघर्ष चल रहा है। इसराइली-लेबनानी संघर्ष में ईरान ने लेबनानी शिया मिलिशिया का समर्थन किया है, विशेष रूप से हिजबुल्लाह का। इसराइली-फिलिस्तीनी संघर्ष में ईरान ने हमास जैसे फिलिस्तीनी समूहों का समर्थन किया है। 2024 में प्रॉक्सी संघर्ष दोनों देशों के बीच सीधे टकराव में बदल गया और जून 2025 में, ईरान-इजराइल युद्ध शुरू हुआ, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल के शामिल हो जाने से अंतरिम परिणामों की भयंकरता से संपूर्ण विश्व में अराजकता का माहौल व्याप्त हो गया है।

पूर्व में जब अमेरिका समेत ढेर सारे पश्चिमी देश इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के साथ ईरान के खिलाफ साये की तरह खड़े थे, वही अमेरिका सद्दाम हुसैन को बंकर से निकालकर मारने से पीछे नहीं हटा। आज जी-7 देश ईरान के खिलाफ खड़े हैं, कोई बड़ी बात नहीं कि कल वे किसी और पाले में खड़े हो जाएंगे, क्योंकि भले ही सत्ता बदल जाए। यहां न कोई किसी का स्थायी दोस्त है, न ही दुश्मन। सबके अपने हित हैं। अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार ही सारे देश चालें चल रहते हैं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# 'कन्या भ्रूण हत्या' भेदभावपूर्ण सोच का प्रतीक

जिस धरती पर दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी जैसी नारियों की पूजा होती है, उसी धरती पर बेटियां आज भी मां की कोख में दम तोड़ रही हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट ने हरियाणा की उस कड़वी सच्चाई को फिर से उजागर किया है, जिसमें तीन महीनों में एक हजार एक सौ चौवन गर्भपात दर्ज किए गए—जिनमें अधिकांश के पीछे पुत्री होने की संभावना प्रमुख कारण मानी जा रही है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हमारे समाज के भीतर छुपी पुरुष प्रधान सोच, भेदभावपूर्ण मानसिकता और शासन-प्रशासन की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को 'सहेली' की भूमिका में तैनात किया था। उनका कर्तव्य था कि वे गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी करें, उनके स्वास्थ्य की देखरेख करें और सही सलाह देकर उन्हें सहयोग प्रदान करें, किंतु छप्पन आशा कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना यह दर्शाता है कि इस निगरानी प्रणाली में गंभीर लापरवाही हुई है। क्या ये कार्यकर्ता जानबूझकर लापरवाह थीं, या उनके पास संसाधनों की कमी थी? क्या वे सामाजिक दबाव, भय अथवा अव्यवस्था के कारण चुप रहीं? यह गहन जांच का विषय है, क्योंकि केवल दंड देना समाधान नहीं, अपितु इस समस्या का संवेदनशील समाधान आवश्यक है। हमारे देश में गर्भधारण से पूर्व एवं पूर्व प्रसव भ्रूण परीक्षण निषेध अधिनियम के अंतर्गत भ्रूण की लिंग जांच तथा लिंग के आधार पर गर्भपात एक दंडनीय अपराध है, परंतु यह अधिनियम केवल कागजों तक सीमित रह गया है। हरियाणा में कई स्थानों पर अवैध भ्रूण परीक्षण केंद्र, निजी चिकित्सा केंद्रों की मिलीभगत, तथा पैसे के लालच में लिंग जांच और भ्रूण हत्या आज भी बेरोक-टोक जारी है।



इन केंद्रों पर रोक लगाने हेतु बनाए गए विशेष दस्तों तथा निरीक्षण टीमों की सक्रियता केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भपात करवाने वाली महिलाओं की 'पश्च परीक्षण प्रणाली' को अधिक कठोर करने की घोषणा की है तथा विशेष रूप से उन महिलाओं की निगरानी बढ़ाने की बात कही है, जिनकी पहले से एक या अधिक पुत्रियां हैं। उद्देश्य सकारात्मक है, परंतु यदि इसे संवेदनशीलता और सम्मान के साथ लागू नहीं किया गया, तो यह कदम स्वयं महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकारों और निजता पर प्रहार बन सकता है। क्या यह निगरानी केवल भय का वातावरण उत्पन्न करने का माध्यम बन रही है? या फिर वे महिलाएं, जो सामाजिक दबाव में आकर गर्भपात करवाने को विवश हुईं।

अब एक बार फिर पीड़िता की बजाय अपराधिनी बना दी जाएंगी? 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारे केवल दीवारों पर लिखे जा रहे हैं अथवा नेताओं के भाषणों में दोहराए जा रहे हैं। जमीनी सच्चाई यह है कि ग्रामीण ही नहीं, शहरी समाज भी पुत्री को आज भी एक बोझ के रूप में देखता है। दहेज, सुरक्षा, सम्मान और वंश परंपरा जैसे कुप्रथाओं के कारण बेटियां आज भी अवांछित हैं। क्या केवल नारेबाजी पर्याप्त है या इस दिशा में मूलभूत सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है? कोख में हो रही बेटियों की हत्या केवल मां या परिवार की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामूहिक अपराध है, जिसमें समाज, चिकित्सा संस्थान, प्रशासनिक व्यवस्था और हम सब शामिल हैं। जब कोई महिला दूसरी या तीसरी बार पुत्री को जन्म देने वाली होती है, तो समाज उसकी मानसिकता, पात्रता और पारिवारिक स्थिति पर कटाक्ष करता है।

यदि हमें सच में बेटी को बचाना है, तो सबसे पहले सोच को बदलना होगा। कानून से पहले करुणा और योजना से पहले दृष्टिकोण को बदलना होगा। अन्यथा हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें कोखें सूनी रह जाएंगी और सभ्यता अधूरी रह जाएगी।


**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

हिमाचल प्रदेश त्रासदी के दर्द से जूझ रहा है, मंडी त्रासदी में बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। चुनावी घोषणा-पत्र, जो हिमाचल को दिल से लगाते हुए बताते रहे कि किस तरह काम आएंगे, लेकिन बाढ़ के बाद पत्थरों पर चलना अब हमारी मजबूरी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने साथ आपदा के सारे अध्याय लेकर दिल्ली गए, तो मुलाकातों के मर्म में एक दुहाई देखी गई। एक साथ कई दरबार और दस्तक करती हिमाचल सरकार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पहाड़ ने देश को पानी भेजते-भेजते अपने कलेजे पर कितने वार कर लिए। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के पांव बता रहे हैं कि राहत का कितना सफर बाकी है। सुक्खू को सुनें या न सुनें, सुनाने के लिए जयराम ठाकुर के प्रयास केंद्र तक पहुंचने चाहिएं। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की अरदास सुनी जानी चाहिए। तभी प्रदेश को राहत राशि मिल सकती है। **रविंद्र कुमार,धर्मशाला**

# आपदा में आम नागरिकों ने एकजुट होकर दिखाई मानवता


हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मानसून का सबसे ज्यादा कहर देखने को मिला है। मंडी जिले में जगह-जगह भारी बारिश, बादल फटने के चलते तबाही के मंजर ने सभी को डरा कर रख दिया है। जिले के हर कोने से तबाही की बातें सामने आ रही हैं। मंडी जिला के थुनाग, गोहर और करसोग उपमंडलों में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा—बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है।



लकेश चंदेल
अध्यापक, बिलासपुर

इस कठिन समय में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों ने आपदा राहत कार्य करके अपनी अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक मिसाल पेश की है। आपदा के समय, लोगों को भोजन, पानी, आश्रय और चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है। ऐसे में इन समाजसेवियों ने मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा का परिचय दिया। समस्त देशवासियों को इन लोगों पर गर्व है। दूसरों के दुख-दर्द को समझना और उनकी मदद करना सच्ची मानवता का प्रतीक है। मनुष्य विकास की दौड़ में पूर्ण रूप से अंधा हो चुका है अपने फायदे के लिए प्रकृति से बार-बार छेड़खानी करके वह प्राकृतिक आपदाओं को जानबूझकर आमंत्रित कर रहा है। प्रकृति वह परिवेश है जहां हर जीव जंतु, मनुष्य जन्म लेता है ,बड़ा होता है तथा अपने जीवन का निर्वाह करता है। अगर मनुष्य उसी परिवेश को ही नुकसान पहुंचाएगा तो प्रकृति नाराज होकर उसके प्रतिफल में भयंकर आपदा लाएगी। यह मानव जीवन के लिए एक बहुत ही दुखद घड़ी होती है जब उसका घर द्वार, जीवन, सुख शांति सब कुछ तबाह हो जाता है।

आज जो प्राकृतिक आपदाएं बार-बार आ रही है उसके लिए पूर्ण रूप से मनुष्य ही जिम्मेदार है। यह प्रकृति पर्यावरणीय परिवेश मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतुओं का भी है, लेकिन जीव-जंतुओं की कोई गलती नहीं होते हुए भी ,उसे मनुष्य द्वारा किए गए गलत कार्यों के परिणाम साथ में भुगतने पड़ रहे हैं ।कुदरत ने मैदानी इलाके तथा पहाड़ी इलाके कुछ सोच समझकर मनाए हैं। इसे ही साधारण शब्दों में धरा का प्राकृतिक संतुलन कहा जाता है। अगर पहाड़ी इलाकों में विकास करना है तो वह सतत विकास के रूप में किया जाना बहुत ही जरूरी है।



विकास की होड़ में अंधाधुंध पेड़ पौधे काटना, पहाड़ों को काटकर सुरंगे बनाना, नदियों के जल बहाव की दिशा को परिवर्तित करना तथा जगह-जगह रोकना, नदी नालों के किनारे भवनों का निर्माण करना यह सब प्रकृति के साथ छेड़खानी ही है। प्रकृति बार-बार अपनी इस पीड़ादायक पुकार को मानव जीवन के समक्ष रख रही है और प्रकृति की पुकार करने का तरीका ये प्राकृतिक आपदाएं ही है। मनुष्य अपना दु:ख दर्द बोलकर जाहिर कर लेता है, परंतु प्रकृति इन विभिन्न तरह की आपदाओं के जरिए ही अपने दुख को प्रकट कर सकती है। मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है उसे अपने दिल और दिमाग का सही इस्तेमाल करते हुए सबसे पहले यह सोचना चाहिए कि यह प्राकृतिक आपदाएं एक के बाद दूसरी निरंतर आ रही है तो उसके पीछे कारण क्या है? और इन से कैसे बचा जा सकता है। आधुनिक विश्व में विकास करना बहुत ही जरूरी है, परंतु इस विकास को सतत विकास के रूप में करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

सतत विकास वह विकास होता है जिसमें पर्यावरण को बिना किसी नुकसान पहुंचाए, हम विकास के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं उदाहरण के तौर पर यदि हमें विकास के लिए एक पेड़ काटना है तो हमें कम से कम बीस पेड़ उसके साथ ही लगाने होंगे, ताकि प्रकृति का पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। हमारे पूर्वजों ने हमें एक हरा भरा संतुलित पर्यावरण विरासत के रूप में प्रदान किया था, लेकिन अगर हम पर्यावरण को अपने फायदे के लिए निरंतर हानि पहुंचाते रहेंगे तो हमें देखना है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत में क्या देकर जाएंगे। आपदा एक अनपेक्षित घटना होती है जो मनुष्य के नियंत्रण में नहीं है। आपदा बिना चेतावनी के आती है तथा बड़े स्तर पर जानमाल की हानि पहुंचाती है। आज के समय में आपदाओं ने भी अपना स्वरूप बदल लिया है मनुष्य को भी इनसे निपटने के लिए उसी तरह से तैयार रहना चाहिए तथा कोशिश करनी चाहिए कि प्रकृति के संतुलन को जल्द से जल्द संतुलित करें, ताकि भविष्य में ऐसी प्राकृतिक आपदाएं दोबारा नहीं आए। आपदाएं प्राकृतिक और मानव जनित दो तरह की होती हैं। भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, सुनामी, बाढ़, भूकंप आदि को प्राकृतिक आपदा माना जाता है, जबकि न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल , केमिकल तथा प्रकृति से अपने फायदे के लिए गलत तरीके से छेड़खानी करना इत्यादि आपदाओं को मानव जनित आपदा माना जाता है। आजकल के दिनों में बार-बार भूकंप, तूफान, बाड़ों, बादल का फटना भयंकर रूप से आना भी एक प्राकृतिक आपदा है। एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए हर समय तैयार रहती है तथा आपदा आने से पहले तथा आपदा आने के दौरान विभिन्न तरीकों से लोगों का रेस्क्यू कर उनको सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाती है। अत: समस्त जनता से यही अपील है कि आपदा के समय हम सभी लोग इकट्ठे होकर आपदा राहत कार्यों में भरपूर सहयोग करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# शिक्षा वह शक्तिशाली अस्त्र, जिससे हम पूरी दुनिया को जीत सकते हैं

शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है जो जन्म से शुरू होती है और जीवन भर चलती रहती है। जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में विकास के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार मनुष्य के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा वह शक्तिशाली अस्त्र है जिससे हम पूरी दुनिया को जीत सकते हैं। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है और इसमें वही व्यक्ति सफल हो पाता है जो ज्ञान, मेहनत और एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है। शिक्षा का मानव जीवन में बहुत महत्व है। शिक्षा न केवल ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, बल्कि व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाने में भी अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा हमें समाज में सकारात्मक योगदान देने तथा एक बेहतर समाज के निर्माण में सहायता करती है।



स्वाति शर्मा
अध्यापिका, शिमला

जब हम छोटे होते हैं, तो जीवन हमें खेल-कूद, मोबाइल, टीवी जैसी चीजों की ओर आकर्षित करता है। ये सब चीजें थोड़ी देर के लिए खुशी देती हैं, लेकिन सच्ची सफलता, सच्चा सम्मान केवल शिक्षा से ही मिलता है। शिक्षा हमें सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की शक्ति देती है। ये सभी को पता है कि सपना चाहे डॉक्टर , इंजीनियर , कलाकार या वैज्ञानिक बनने का हो, उसका पहला कदम अच्छी शिक्षा से ही शुरू होता है। आज की गई मेहनत कल की सफलता का आधार बनती है। तथा जो बच्चा ध्यान से पढ़ता है, वह भविष्य में न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन करता है, बल्कि अपने देश का गौरव भी बढ़ाता है।



शिक्षा के विभिन्न प्रकार हैं जैसे कि मौलिक शिक्षा, साहित्यिक शिक्षा, वैज्ञानिक शिक्षा, गणित शिक्षा, कला शिक्षा, और व्यावसायिक शिक्षा इत्यादि। ये सभी प्रकार शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान का विकास करते हैं। शिक्षा एक सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को न केवल बौद्धिक रूप से बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टि से भी समृद्ध बनाती है, जिससे मनुष्य समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके। शिक्षा को ग्रहण करने के लिए एकाग्रता यानी ध्यान केंद्रित करना बहुत जरूरी है।

प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में पढ़ाई करते समय यह सोचना चाहिए कि हर शब्द, हर पंक्ति मेरे भविष्य का एक मजबूत पत्थर है। मोबाइल, गेम्स और टीवी पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए तथा अपना ध्यान पढ़ाई पर एकाग्र करें। हमेशा समय का सदुपयोग करें । हर दिन एक छोटा सा लक्ष्य तय करके उसे पूरा करें। हमें यह समझना होगा कि छोटे-छोटे कदम ही बड़ी कामयाबी की सीढ़ियां बनाते हैं।

अपने आप पर विश्वास करें तथा सफलता को प्राप्त करें। अगर किसी दिन कठिनाई आए तो याद करो कि महान लोग भी कठिनाइयों से ही निकले हैं। अब्दुल कलाम जी से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तक सभी ने शिक्षा को ही अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया था। एक शिक्षित व्यक्ति सही और गलत में ठीक से अंतर जानता है तथा उसके सोचने और समझने की शक्ति प्रबल होती है। शिक्षा के आम उद्देश्यों में चरित्र निर्माण भी अहम भूमिका निभाता है। अच्छी शिक्षा ग्रहण कर हम एक अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं। पढ़ा लिखा व्यक्ति ही एक अच्छे समाज का निर्माण करता है और एक अच्छा समाज ही अच्छे देश का निर्माण करता है। शिक्षा व्यक्तियों को समाज के सदस्यों के रूप में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में पढ़ाकर सक्रिय नागरिक बनाती है।

व्यक्तियों को तकनीकी कौशल, संचार कौशल और करियर की सफलता के लिए आवश्यक अन्य कौशल विकसित करती है। शिक्षा के महत्व को देखते हुए इसे और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता है। शिक्षा को जन-जन तक फैलाने के लिए तीव्र प्रयासों की आवश्यकता है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# प्रधान ने सचिव के हस्ताक्षर लिए बिना ही निकाले 63 हजार रुपए

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत चनौता की प्रधान कुमारी सविता गुप्ता को पंचायत के दो बैंक खातों से सचिव के हस्ताक्षर के बिना आरटीजीएस के माध्यम से 29,300 रुपए और दूसरे खाते 33,600 रुपए की राशि आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत अधिकारी मंडी अंचित डोगरा द्वारा की गई है।

जिला पंचायत अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्राम पंचायत सचिव अमरनाथ ने

**जिला पंचायत अधिकारी ने पद से किया निलंबित**

शिकायत की थी कि प्रधान ने दिनांक 29 मार्च को पंचायत के दो खातों—संख्या 87490100066023 से 29,400 व 87491700074641 से 33,600 रुपए आरटीजीएस माध्यम से बिना सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के ट्रांसफर कर दिए।

पंचायत राज अधिनियम की धारा 99(4) के अनुसार पंचायत फंड से भुगतान केवल सचिव और प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से ही किया जा सकता है। प्राप्त शिकायत की जांच खंड विकास अधिकारी धर्मपुर द्वारा की गई, जिसमें प्रधान दोषी पाई गई। उन्हें 27 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसके जवाब में प्रधान ने स्वयं उक्त भुगतान की पुष्टि की है।

प्रारंभिक जांच व उत्तर के आधार पर जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 145(1)(ग) व सामान्य नियम 1997 के नियम 142(1)(क) के तहत कुमारी सविता गुप्ता को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि यदि उनके पास पंचायत से संबंधित कोई अभिलेख, नकदी या संपत्ति है, तो उसे तुरंत पंचायत सचिव को सौंपे।

जिला पंचायत अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रधान इस आदेश के विरुद्ध संबंधित उपायुक्त (अपील अधिकारी) के समक्ष अपील दायर कर सकती हैं।

### क्या कहते हैं प्रधान

**इस** बारे जब प्रधान कुमारी सविता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं किया है और वे इन आदेशों के विरुद्ध अपील करेंगी।

## बुजुर्ग से छीना पर्स पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में राह चलते एक बुजुर्ग से जबरन पर्स छीनने की घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। यह घटना शुक्रवार शाम उस समय पेश आई जब मकड़ेना गांव निवासी 90 वर्षीय संत राम रोजाना की तरह सैर से लौट रहे थे। रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक ने उनसे छुट्टे पैसे मांगे। जब संत राम ने मना किया तो युवक ने जबरन उनकी जेब से पर्स निकाल लिया और मौके से फरार हो गया। संत राम ने बताया कि इस झड़प में वे गिरते-गिरते बचे। पर्स में करीब 2500 रुपए की नकदी थी।

जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए शहर में गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र में शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई सामान्य रूप से जारी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सराज क्षेत्र में शीतकालीन अवकाश वाले सभी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई इस सप्ताह से सुचारू रूप से आरंभ हो गई है। वर्तमान में सराज क्षेत्र में कुल 84 स्कूल क्रियाशील है, जिनमें प्रारम्भिक शिक्षा के तहत 57 तथा उच्च शिक्षा विभाग के तहत 27 स्कूल शामिल है।

प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक हरी चंद ने बताया कि स्कूल खुलने के पहले सप्ताह ही विद्यार्थियों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। सराज क्षेत्र के शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 5332 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें से 1707 प्रारंभिक तथा 3625 उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पहले सप्ताह ही स्कूलों में लगभग 70 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दी है। प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को दोपहर का भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। बागी भनवास स्कूल का भवन प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हो गया था, उसे अस्थाई रूप से ग्राम पंचायत भवन भनवास में चलाया जा रहा है जबकि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लांबसाफड़ को राजकीय प्राथमिक पाठशाला लांबसाफड़ में अस्थाई रूप से चलाया जा रहा है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेखली को बायला गांव के मंदिर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला भलवार को आंगनबाड़ी केंद्र, राजकीय प्राथमिक पाठशाला निहरी सुनाह को वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी सुनाह, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरोगी को गांव सरोगी के निजी भवन में, सुमना स्कूल को सामुदायिक हाल गांव सरोगी में, सुराह स्कूल को गांव भटीयूट के निजी भवन में चलाया जा रहा है।

प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक हरी चंद ने बताया कि सराज विधानसभा क्षेत्र के शीतकालीन अवकाश वाले सभी स्कूलों को बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुचारू रूप से चलाया जा रहा है तथा उन्हें दोपहर का भोजन भी मुहैया करवाया जा रहा है।

### जिला में 11 स्कूल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**प्राकृतिक** आपदा से जिला के 6 प्राथमिक पाठशाला, एक उच्च तथा 4 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं सहित कुल 11 पाठशालाएं पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं, जबकि 208 स्कूल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी जोगिंद्रनगर ने दिए 64,893 रुपए

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर ने सराज के आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए 64,893 रुपए की आर्थिक सहायता राशि उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) मनीष चौधरी को सौंपी। इस राशि का योगदान विद्यालय के बच्चों, अध्यापकों व प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि यह अंशदान शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में सौंपा गया। उन्होंने कहा कि सराज में आई त्रासदी ने कई परिवारों को प्रभावित किया है, ऐसे में डीएवी परिवार द्वारा दिया गया यह सहयोग राहत और समर्थन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों और शिक्षकों का यह योगदान न केवल मानवीय करुणा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को भी उजागर करता है। डीएवी संस्था हमेशा से ऐसी पहल में अग्रणी रही है और भविष्य में भी हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहेगी।

### जिला कबड्डी एसोसिएशन के चुनाव कल

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के चुनाव इस रविवार को पंडोह के होटल शैली में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला संगठन कबड्डी के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का चयन किया जाएगा। नेत्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस चुनाव में रजिस्टर्ड युवक मंडलों के प्रधान और सचिव ही हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों और सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे समय पर, सुबह 10 बजे तक पहुंचने की कृपा करें।

### भोजपुर बाजार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई राजन गौर ने बताया कि 20 जुलाई को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अधीन अनुभाग लोकल-1 (भोजपुर) के अंतर्गत आने वाले ट्रांसफार्मर भोजपुर-1 630 केवीए, भोजपुर-II 250 केवीए, सिनेमा चौक 250 केवीए की एलटी लाइनों की पुरानी तारे बदलने/बिछाने का कार्य किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसके कारण इन ट्रांसफॉर्मरों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र भोजपुर बाजार, सिनेमा चौक व गर्ल्स स्कूल चौक के नजदीक के सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम व परिस्थितियों के अनुसार कार्य में बदलाव भी किया जा सकता है। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अंतर-सांस्कृतिक गतिविधियों का बताया महत्व




**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सामुदायिक विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्रों को अंतर-सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व, पाठ्यक्रम से परे सामुदायिक सहभागिता और व्यक्तित्व विकास के विषय में जागरूक किया गया। वरिष्ठ छात्र रवि शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को बताया कि किस प्रकार समुदाय से जुड़ाव न केवल उनके व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक अनुभव भी जरूरी हैं। प्रकोष्ठ द्वारा आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें पर्यावरणीय अभियान, स्थानीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियां, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।

### चील चुगान पटड़ीघाट में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के चील चुगान पटड़ीघाट में आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक दलीप सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर दलीप ठाकुर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण मिल सके। इस अवसर पर नैना युवक मंडल, परशुराम युवक मंडल हंसाल और शीतला युवक मंडल धनेड़ के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लगभग 100 से अधिक लोगों की सहभागिता से यह अभियान जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विधायक दलीप ठाकुर ने युवक मंडलों द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा वर्ग का यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित कर और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाकर किया गया।

# मछली के अवैध शिकार के 6 मामले पंजीकृत : नीतू सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मत्स्य** मंडल मंडी के सहायक निदेशक नीतू सिंह ने शुक्रवार को बताया कि विभाग द्वारा जिला में वर्जित काल में अवैध रूप से मछली पकड़ने तथा उसका व्यापार करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि मत्स्य मंडल मंडी की क्षेत्रीय टीम द्वारा 17 जुलाई को वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तेज राम वर्मा के नेतृत्व में सुकेती व रत्ती खड्ड में गश्त के दौरान अवैध मछली का शिकार करते हुए 6 लोगों को रंगे हाथों पकड़ कर उनसे 6 हजार रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में वर्जित काल में मछली पकड़ने के 36 मामले पंजीकृत किए जा चुके हैं तथा उनसे नियमानुसार जुर्माना हासिल किया गया है। नीतू सिंह ने बताया कि प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से जिला के विभिन्न स्थानों पर विभागीय टीमों द्वारा औचक निरीक्षण कर अवैध ढंग से मछली पकड़ने तथा इसकी बिक्री करने वालों पर नजर रखी जा रही है।

उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे अवैध रूप से मछली शिकार व व्यापार करने से बचें तथा दूसरों को भी ऐसा न करने के लिए जागरूक करें। यदि उनकी नजर में अवैध मछली पकड़ने का कोई मामला आता है तो वे इसे बारे विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित करें ताकि अपराधियों के खिलाफ जरूरी कार्यवाही की जा सके।

# आज से लडभड़ोल व जोगिंद्रनगर के 3 दिवसीय दौरे पर रहेंगे केके सकलानी, पीड़ितों की करेंगे सहायता

अभिषेक, अनंत ज्ञान



हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रकोष्ठ (दिल्ली प्रदेश) के प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जोगिंद्रनगर विकास मंच के संस्थापक केके सकलानी व अन्य।

**जोगिंदरनगर।** प्रदेश भाजपा प्रकोष्ठ (दिल्ली प्रदेश) के प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जोगिंदरनगर विकास मंच के संस्थापक केके सकलानी 19 से 21 जुलाई तक लडभड़ोल व जोगिंदरनगर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि वितरित करेंगे, धार्मिक आयोजनों में भाग लेंगे और विकास मंच की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। 19 जुलाई को उनका कार्यक्रम लडभड़ोल क्षेत्र में रहेगा। वे कोठी, खड़िहार, चुल्ला और तुल्लाह गांवों में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। इसके बाद सरकंडा माता मंदिर रैंस में चल रही भागवत कथा में शामिल होंगे। दोपहर 4 बजे लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह लडभड़ोल में जोगिंदरनगर विकास मंच की कोर समिति के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। शाम 6 बजे सकलानी खद्दर गांव के बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उन्हें भी आर्थिक मदद देंगे।

20 को सकलानी का दौरा चौंतड़ा क्षेत्र में रहेगा। सुबह 10 बजे वे सामुदायिक भवन चौंतड़ा में निका-मरोला गांव के बाढ़ पीड़ितों से भेंट कर राहत राशि प्रदान करेंगे। 21 को सकलानी का दिन धार्मिक स्थलों और सेवा कार्यों को समर्पित रहेगा। सुबह 10 बजे वे नागेश्वर महादेव कुडड में पूजा-अर्चना के साथ समिति बैठक करेंगे। इसके बाद हरिजन बस्ती ऊटपुर में बाढ़ से गौशाला क्षतिग्रस्त होने पर भूप सिंह को अर्थिक सहायता देंगे।

## पखरैर में सड़क और बिजली की सुविधा का इंतजार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले के सराज क्षेत्र की अति दुर्गम पंचायत पखरैर के आपदा प्रभावित गांव अभी तक सड़क और बिजली जैसी सुविधा के इंतजार में हैं। हालांकि, पखरैर पंचायत घर तक सड़क बहाल कर दी गई है लेकिन साथ लगते सबसे ज्यादा प्रभावित गांव देजी और अन्य गांवों तक सड़कों को बहाल करने का कार्य जारी है। लेकिन नुकसान इतना ज्यादा है कि यहां सुविधाएं बहाल करने में समय लग रहा है। वहीं बिजली की सुविधा भी न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बता दें, 30 जून की रात को पखरैर पंचायत में आपदा ने इस कदर कहर बरपाया कि लापता 11 लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# नागरिक सभा ने प्रभावितों को दी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



राहत सामग्री के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व नागरिक सभा के पदाधिकारी।

**नागरिक** सभा की टीम ने सराज क्षेत्र में जाकर आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। सुबह नागरिक सभा कार्यालय चौहट्टा बाजार से प्रधान ओपी कपूर ने राहत टीम को रवाना किया। इस टीम का नेतृत्व महासचिव हरीश वैद्य ने किया। उनके साथ नरेश धीमान, रघुवीर मल्होत्रा, अनिल गुप्ता और नीरज हांडा भी शामिल थे।

जिला प्रशासन ने नागरिक सभा को बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में किन-किन आवश्यक वस्तुओं की कमी है। नागरिक सभा ने उसी के अनुरूप सामग्री एकत्रित कर वहां पहुंचाई। भारी वर्षा और मार्ग में जाम की समस्या, साथ ही सड़क निर्माण कार्य के चलते दिक्कतों के बावजूद टीम सराज क्षेत्र तक पहुंची। राहत कार्य के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने नागरिक सभा के प्रयासों की सराहना की और टीम का आभार व्यक्त किया। नागरिक सभा के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया कि क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ है जिसे शब्दों में बयान करना कठिन है।

उन्होंने सभी जनसाधारण से अपील की कि सोलर लाइटें आपदा क्षेत्र में भेजें। जो भी दानी सज्जन मदद करना चाहते हैं वे सौर लाइटें नागरिक सभा कार्यालय चौहट्टा बाज़ार, जिलाधीश कार्यालय अथवा सीधे प्रभावित क्षेत्रों में भेज सकते हैं। नीरज हांडा, हरीश वैद्य व ओपी कपूर ने डीसी अपूर्व देवगन का विशेष आभार प्रकट किया जिन्होंने आवश्यक सामग्री की सूची प्रदान कर राहत कार्य में सहयोग सुनिश्चित किया। इस अभियान के तहत नागरिक सभा द्वारा 100 जैकेटें, 200 जोड़ी जूते, 100 बच्चों के कपड़े, 21 सौर लाइटें, बाल्टी, मग व पानी की बोतलें वितरित की गई।

## आर्ट ऑफ लिविंग मंडी ने की आपदा प्रभावितों की मदद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आर्ट ऑफ लिविंग जिला मंडी ने शिल्हीबागी पंचायत थुनाग के आठ आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई। जिस में आठ राशन किट चावल, आटा, दालें, आठ त्रिपाल और 9 जोड़ी शूज दिए गए। राहत प्राप्त करने वाले लोगों में बाई थाच गांव के ताराचंद और दिलेराम, घोरला पात्थरगांव के लाल सिंह, धनेश कुमार, गंगेराम ,किशन चंद, और थनोटा गांव के देवेंद्र सिंह और सुभाष सिंह शामिल है। इस वर्ष थुनाग मंडी में आई इस आपदा में बहुत से परिवार प्रभावित हुए हैं और आर्ट ऑफ लिविंग जिला मंडी समय-समय पर इन प्रभावित लोगों को आप सभी के सहयोग से हैं इस तरह की राहत सामग्री देने में सक्षम हो पाया है। इस के लिए सभी दानी सजनों का धन्यवाद जो इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों का साथ दे रहे हैं।

# 162 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा



कुथाह में आपदा प्रभावितों के लिए लगाया गया विशेष चिकित्सा शिविर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्राकृतिक** आपदा से प्रभावित सराज की ग्राम पंचायत तुंगधार के कुथाह गांव में शुक्रवार को आयुष विभाग मंडी द्वारा एक दिवसीय मल्टी स्पेशियलिटी आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 162 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई व उन्हें रोगानुसार फ्री आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराई गईं।

शिविर का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ राजेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को दूषित जल से उत्पन्न होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया तथा उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। शिविर के दौरान नागरिकों के रक्तचाप, मधुमेह तथा खून की जांच भी की गई। शिविर में डॉ संजीव कोंडल, डॉ भारतेंदु, डॉ विकास, डॉ शिवानी, डॉ अनामिका, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी विनोद कुमार, प्रेम सिंह, सुरेंद्र कुमार एवं जयपाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर से लाभांवित नागरिकों ने आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया।

# कर्मचारी नेताओं पर लाया गया विशेष अधिकार प्रस्ताव को किया जाए खारिज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**कर्मचारी नेताओं का निलंबन भी तुरंत हो रद्द**

**राज्य** कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि हिप्र सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं अन्य सचिवालय के कर्मियों पर लाया गया विशेषाधिकार प्रस्ताव और प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा और अन्य नेताओं के निलंबन तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने हक के लिए सरकार से मांग करने, धरना प्रदर्शन करने का कानूनी अधिकार है।

कर्मचारियों को विशेषाधिकार प्रस्ताव और निलंबन से डराया नहीं जा सकता। सरकार ने जो कार्रवाई की है उस पर बहुत समय व्यतीत हो चुका है अब विशेषाधिकार और निलंबन को रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली बोर्ड के कार्यालय और कुमार हाउस में बिजली बोर्ड के कर्मियों की गेट मीटिंग और धरना प्रदर्शन पर रोक लगाई हुई है वह भी गैर कानूनी है उस रोक को भी हटाया जाए। सरकार द्वारा की बजट में और 15 अप्रैल को गई घोषणा के मुताबिक अभी तक कर्मियों को डीए की किस्त की नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं हो पा रही है जिस से कर्मचारियों में भारी रोष है।

बता दें कि वर्तमान सरकार ने डीए की दो किस्तें ही दी है और उन दोनों ही किस्तों का एरियर नहीं दिया है। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की है कि डीए का एरियर और छठवें पे वेतन का एरियर भी जारी किया जाए। पेंशनर्स का 2016 से रिवाइज ग्रेच्युटी तथा अन्य लाभ भी पेंडिंग है उन्हें भी जारी करे।

## जोगिंद्रनगर डिपो को मिले स्थायी आरएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर एचआरटीसी डिपो को लंबे समय बाद स्थायी क्षेत्रीय प्रबंधक मिल गया है। विनोद कुमार ने हाल ही में डिपो का कार्यभार संभाल लिया है, जिससे स्थानीय लोगों को यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीदें जगी हैं। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार ने कहा कि वे डिपो की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने, बस सेवाओं को नियमित करने और आम यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी पर्याप्त बस सेवाएं मिलें, ताकि किसी भी गांव या कस्बे के लोग परिवहन की मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहें, यह उनकी प्राथमिकता में हैं। यात्रियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कामकाज में पारदर्शिता लाई जाएगी।

# 200 रुपए के हिसाब से बिक रहा टमाटर का करेट

## टमाटर की फसल से किसान परेशान, समर्थन मूल्य निर्धारण करने की मांग

अनंत ज्ञान, नेरचौक



**किसानों** को सेब की तर्ज पर टमाटर व नकदी फसलों पर भी समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। जब तक किसानों को टमाटर का समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। किसान घाटे की चक्की में ही पिस्ता जाएगा।

**-देवी रुप सैनी उपाध्यक्ष, हिमाचल किसान यूनियन।**

**टमाटर** की फसल इस बार किसानों के लिए घाटे का सौदा रही है। मार्केट में इस समय टमाटर के दाम 200 रुपए प्रति करेट चला हुआ है जबकि एक करेट पर किसान का 200 स 300 रुपए खर्च आता है। इस बार टमाटर उत्पादकों को दोहरी मार पड़ी है। एक ओर पंजाब, बैंगलोर व हरियाणा सहित कई बाहरी राज्यों से भारी मात्रा में टमाटर इस बार यहां की सब्जी मंडियों में पहुंचा है जिससे टमाटर के दाम शुरू से ही गिर गए थे। शुरुआती दौर में टमाटर के दाम 800 से 900 रुपए तक थे जो एकदम गिरकर 200 से 300 रुपए तक पहुंच गए।

दूसरी ओर मानसून समय से पहले आने के कारण भी किसानों को मार पड़ी है। पहले गर्मी चरम पर थी मगर मानसून एडवांस से शुरू हो जाने से तापमान में एकदम गिरावट आने से टमाटर की फसल को मार पड़ी। भारी बरसात के चलते किसानों का टमाटर खेतों में ही खराब हो गया है। टमाटर उत्पादक किसान खूब राम, जगदीश, संतोष, नरेंद्र, चेतराम व ताराचंद ने बताया कि टमाटर की फसल इस बार किसानों के लिए ठीक नहीं रही है। मार्केट में जो दाम मिल रहे हैं उससे फसल पर किया गया खर्चा भी नहीं निकल पा रहा हैं।

# धर्मपुर में बागवानी विभाग का पौधरोपण अभियान आरंभ, 70 हेक्टेयर भूमि में पौधे लगाने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



पौधरोपण अभियान का विधायक चंद्रशेखर का शुभारंभ करते हुए।

**प्रदेश** सरकार के बागवानी विभाग ने मंडी जिले के धर्मपुर विकास खंड के गोरत समूह में एचपी-शिवा (हिमाचल प्रदेश सब-ट्रॉपिकल बागवानी, सुधार और मूल्य संवर्धन योजना) के अंतर्गत पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। यह योजना राज्य सरकार एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के निरंतर प्रयासों से आगे बढ़ रही है।

पौधरोपण अभियान का उद्घाटन स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने किया। इस अभियान का उद्देश्य दिसंबर 2025 तक धर्मपुर खंड में 70 हेक्टेयर भूमि पर फलदार पौधों का रोपण करना है। इससे न केवल कृषि उपज में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय किसानों की आय में भी सुधार होने की आशा है। इस अवसर पर उपनिदेशक बागवानी मंडी डॉ. संजय गुप्ता, उपनिदेशक बागवानी सिध्दपुर डॉ. राजेश चौधरी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (एसएमएस) विकास खंड धर्मपुर डॉ. अनिल ठाकुर, एचपी-शिवा की समूह संख्या 6 (सीएस06) की टीम एवं समूह के कई बागवान उपस्थित रहे। यह पौधारोपण अभियान क्षेत्र में बागवानी को प्रोत्साहित करने और कृषकों की जीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अधिकारियों ने इस योजना की सफलता को लेकर आशा जताई है।

**निर्देश** जल शक्ति विभाग में तैनात जूनियर ड्राफ्ट्समैन की दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया फैसला

# जूनियर ड्राफ्ट्समैन कर्मचारियों को मिलेगा हायर ग्रेड पे

आदर्श, अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार को जूनियर ड्राफ्ट्समैन के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को हायर ग्रेड पे देने का निर्देश दिया है। यह फैसला उन कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत है जो लंबे समय से अपने हक के लिए लड़ रहे थे।

जल शक्ति विभाग में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के पद पर कार्यरत रमेश चंद, चेतराम, रोशनी देवी तथा गंगाराम सहित कुछ कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने हायर ग्रेड पे न मिलने की समस्या उठाई थी। उनका तर्क था कि उन्होंने दो वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर ली है और उन्हें हायर ग्रेड पे के लाभ दिए जाने चाहिए। हाईकोर्ट ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए राज्य सरकार को इन कर्मियों को नियमित सर्विस पूर्ण होने से हायर ग्रेड पे देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही न्यायालय ने रिवाइज सैलरी का एरिया 12त ब्याज सहित देने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि यह कार्य चार सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए और याचिकाकर्ताओं को इसके बारे में सूचित किया जाए। यह फैसला न्यायाधीश ज्योत्सना रिवेल दुआ की खंडपीठ ने सुनाया है। याचिकाकर्ता की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता अजय ठाकुर व अधिवक्ता अनीता देवी ने की।

### कर्मचारियों के लिए राहत

**यह** फैसला उन कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत है जो लंबे समय से अपने हक के लिए लड़ रहे थे। अब उन्हें हायर ग्रेड पे के लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### राज्य सरकार को निर्देश

**हाईकोर्ट** के इस फैसले से राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कर्मचारियों को उनके हक के अनुसार लाभ दिया जाए और उन्हें समय पर न्याय मिले।

### क्या है यह मामला

प्रदेश सरकार ने 6 सितंबर 2022 को एक अधिसूचना जारी कर 3 जनवरी 2022 तक नियमित सेवाएं पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को ही हायर ग्रेड पे देने के निर्देश दिए थे जबकि प्रदेश में कर्मचारियों का एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसने एक दिन उपरांत 4 जनवरी 2022 को नियमित तौर पर विभाग में ज्वाइन किया है। सरकार की अधिसूचना से ऐसे कर्मचारी हायर ग्रेड पे से पिछले कई माह से वंचित है। इस मामले को लेकर सबसे पहले शिक्षा विभाग में लिपिक पद पर तैनात मोहित शर्मा व आयुषी ने चुनौती दी थी जिस पर हाई कोर्ट ने उक्त कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। तत्पश्चात हायर ग्रेड पे से वंचित प्रदेश के बहुत से कर्मचारियों ने इस अधिसूचना को न्यायालय में चुनौती दी थी तथा न्यायालय की ओर से कर्मचारियों के हक में ही फैसला सुनाए गए हैं।

**हायर** ग्रेड पे को लेकर माननीय उच्च न्यायालय ने कर्मचारियों के हक में जो फैसला सुनाया है वह स्वागत योग्य है। सरकार के स्तर पर यह एक बहुत बड़ी विसंगति है जो सरकार को अपनी ओर से ही दूर कर देनी चाहिए तथा प्रदेश में 2 वर्ष की नियमित सेवाएं पूर्ण करने वाले सभी कर्मचारियों को हायर ग्रेड पे मिलना चाहिए।

**- रमेश यादव, प्रधान, हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन।**

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने चिंतपूर्णी में टेका माथा



**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल ने अपने परिवार के साथ मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। पूजा के बाद हवन कुंड में आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से कांग्रेस प्रभारी ने अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को प्रदर्शित किया।

### स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में 26 को लगेगा शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अरनियाला में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष जोगेंद्र कंवर ने बताया कि इस अवसर पर साइबर क्राइम और स्मार्टफोन के सुरक्षित उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जाएंगी। कार्यक्रम में प्रदेश में कार्यरत सभी प्रमुख टेलीफोन कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उपभोक्ता अपने मोबाइल या टेलीफोन संबंधी शिकायतें इन प्रतिनिधियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनका मौके पर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह भारतीय दूरसंचार विनायामक प्राधिकरण से साइबर क्राइम से संबंधित ट्राई और भारत सरकार द्वारा टेलिफोन उपभोक्ताओं के बचाव के लिए उठाए गए कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की खरीददारी में सतर्कता, बाट और माप संबंधी नियम, तथा प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हित में संचालित योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** टकोली पंचायत के बेहलां गांव में पहुंची टीम ने किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया। कृषि विभाग विकास खंड बंगाणा द्वारा ग्राम पंचायत टकोली के बेहला गांव में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार और श्वेता की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस शिविर में किसानों को रासायनिक खेती व दुष्परिणामों और प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी गई। खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि खेतीबाड़ी में रासायनिक खाद की जगह जीवामृत का घन जीवामृत का इस्तेमाल करके उर्वरा शक्ति वापस लौटाई जा सकती है। वहीं, श्वेता ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना होगा। इस मौके पर टकोली पंचायत के उपप्रधान पंकज रनौत, वार्ड पंच प्रकाश चंद, सीमा देवी ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास किसानों को स्वस्थ और सुरक्षित खेती की ओर प्रेरित करेगा। इस अवसर पर सीआरपी मीरा देवी व सुषमा सहित ग्रामीण महिलाएं व किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को सराहनीय और भविष्य के लिए मार्गदर्शक बताया।

### कल सांसद अनुराग 'दिशा' बैठक की करेंगे अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) ऊना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन 19 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं दिशा समिति के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक जिला परिषद सम्मेलन कक्ष ऊना में आयोजित होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि बैठक में जिला ऊना में क्रियान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने को कहा, साथ ही विभागों से योजनावार प्रगति की रिपोर्ट पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के रूप में तैयार कर जिला विकास अधिकारी कार्यालय में सौंपने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विभागों को 7 दिसंबर, 2024 को आयोजित पिछली बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आपदा में राहत देने के लिए कर्मचारी तैयार : रजनीश



**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश में आई आपदा की स्थिति में कर्मचारी वर्ग सरकार के साथ खड़ा है। यह बात अराजपत्रित कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में मंडी जिले में आई आपदा से जानमाल का खासा नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की नुकसान की भरपाई तो नहीं हो सकती, लेकिन उन्हें बेहतर स्थिति में लाने के लिए कर्मचारी सरकार के साथ हैं। हालांकि सरकार आपदा पीड़ितों के लिए हरसंभव सहायता करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार आपदा पीड़ितों को राहत देने के लिए कर्मचारियों के वेतन की एक दिन के वेतन की कटौती करती है तो ऐसा पुण्य का कार्य करने व योगदान देने के लिए सभी सहर्ष तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को आर्थिक तौर पर विकसित करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। आपदा से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर पीड़ित वर्ग की मदद करनी चाहिए।

### रायपुर मैदान स्कूल में पौधे किए वितरित



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को समर्पित 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए ताकि वे न केवल हरियाली के प्रतीक बनें, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव भी महसूस करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य सारिका नंदा, सुरेंद्रा शर्मा, संजीव कुमार, वीरेंद्र, दीक्षित, संजय मदन, विकास बंग के अलावा स्कूल के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नेस्ले ने आपदा पीड़ितों के लिए भेजी 700 पेटी मैगी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र से नेस्ले इंडिया फैक्टरी ने शुक्रवार को मंडी आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 700 पेटी मैगी का ट्रक रवाना किया। एडीसी महिंदर पाल गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, फैक्टरी मैनेजर अमित कुमार, जयदीप यादव और स्टाफ मौजूद रहा। एक सप्ताह पहले फैक्टरी ने 750 राशन की किटें भी भेजी थीं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नेस्ले के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अन्य उद्योगों को भी आगे आकर आपदा पीड़ितों का साथ देना चाहिए।

### पंडोगा पंचायत में जांचा 80 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हरोली।** स्वास्थ्य सेवा का दायरा अब अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी पहल द्वारा सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा अब गांव-गांव जाकर लोगों तक निशुल्क चिकित्सा सुविधा पहुंचा रही है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को पंडोगा पंचायत में डॉ. प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 80 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 36 मरीजों के निशुल्क लैब टेस्ट किए गए। इनमें 9 हाई ब्लड प्रेशर, 8 डायबिटीज और 29 जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों की पहचान की गई। शिविर की सबसे सराहनीय पहल रही कि चल-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों की घर-घर जाकर जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में आशा वर्कर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सराहनीय योगदान रहा।

### छात्रों के सम्मान में समारोह का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय संतोषगढ़ में ठाकुरद्वारा गौरीशंकर मंदिर कमेटी विभौर साहिब द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन स्वामी सेवानंद गिरि वैद जी महाराज के विभौर साहिब स्थित आश्रम को संचालित करने वाली पंजीकृत ठाकुरद्वारा गौरीशंकर मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष 12वीं कक्षा में अव्वल रहीं छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। आज के इस सम्मान समारोह में सभा के पदाधिकारी हजारी लाल कौशल, सुभाष भारद्वाज, डॉक्टर बीके शर्मा और डॉ. महेन्द्र गोपाल शास्त्री उपस्थित रहे और उन्होंने 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिए। इस अवसर पर स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य कविता, अंकुश तथा डी.पी प्रवीन शर्मा भी उपस्थित रहे।

## त्यासर गांव में पुली का निर्माण शुरू

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा की लठियाणी पंचायत के त्यासर गांव में बरसात में नाले को पार करने की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान अब शुरू हो गया है। पुली निर्माण कार्य की शुरुआत से ग्रामीणों में हर्ष और संतोष की लहर है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को बरसात में जो खतरे और मुश्किलें होती थीं, अब इस का समाधान पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य, पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा पौण, उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर एवं अन्य सभी पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयासों और विधायक विवेक शर्मा व सांसद अनुराग ठाकुर के सहयोग से यह कार्य अब शुरू हो गया।

रिटायर्ड फौजी दर्शन कुमार, मुकेश सिंगा, प्रकाश चंद एवं अन्य ग्रामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों और बीडीओ-कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा का धन्यवाद किया तथा कहा कि बारिश में जो पुल बनवाए, वही सच्चा देवदूत होता है। त्यासर की जनता की ओर से जनप्रतिनिधियों को नमन। जो बरसात से बचाए, वह भगवान से कम नहीं, गांव के लिए जो रास्ता बनाए वह फरिश्ते से कम नहीं।

# पीर निगाह में युवक पर तान दी देसी पिस्तौल, गिरफ्तार



धार्मिक स्थल पीर निगाह में पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस की टीम।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीर निगाह में उस समय हड़कंप मच गया, जब श्रद्धालुओं ने एक संदिग्ध युवक को हथियार सहित धर दबोचा। यह घटना वीरवार देर रात की है।

वीरवार के ही दिन पीर निगाह में हजारों श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। इसमें पंजाब से अधिक संख्या में लोग होते हैं। पंजाब के लुधियाना जिले के समराला तहसील निवासी गुरसेवक सिंह अपने मामा के लड़के चरणजीत के साथ माथा टेकने पीर निगाह आए थे। शाम को मंदिर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल के पास एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियां कर रहा था, जब दोनों ने उसे रोका तो उसके साथियों ने हमला कर दिया और भागने लगे।

इस दौरान गुरसेवक व चरणजीत ने पीछा कर एक युवक को धर दबोचा, जिसने अपनी कमर से देसी कट्टा निकाल कर दोनों युवकों को पकड़ने की कोशिश की। आरोपी की पहचान हरजिंद्र सिंह पुत्र हजूरा सिंह निवासी गांव पैली, तहसील बलाचौर, जिला नवांशहर नगर, पंजाब के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता गुरसेवक सिंह ने बताया कि जब उन्होंने एक युवक को उनकी मोटरसाइकिल से छेड़छाड़ करते हुए रंगे हाथ पकड़ा तो उस युवक के साथियों ने उन पर हमला करने की कोशिश की, तो गुरसेवक सिंह और चरणजीत ने भागते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया, जो अपनी कमर से देसी कट्टा निकालने की कोशिश कर रहा था।

इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई, और मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हथियार सहित हिरासत में लिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा का कहना कि पुलिस ने मामले के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। ऊना के एएसपी ने कहा कि आरोपी से पूछताछ के दौरान यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि यह इस क्षेत्र में चोरी के उद्देश्य से आया था या इसके पीछे इसकी कोई और मंशा थी।

## रिपोह मिसरां के जंगल में खैर की लकड़ी की चोरी



सरकारी जंगल से कटे गए पेड़ का बचा शेष भाग।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब कर ग्राम पंचायत रिपोह मिसरां के अधीन पड़ते धड़ूही में खैर चोरी का मामला सामना आया है। वन काटुओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि रात के अंधेरे में सरकारी रिजर्व जंगल से खैर के 5 पेड़ काटे गए हैं।

वन विभाग के बीओ रणजीत ने जानकारी देते हुए बताया के सुबह जब वनरक्षक जंगल का दौरा करने गए, तब वहां पर विभाग द्वारा लगाई गई। कांटे वाली तार टूटी देखकर शक हुआ। जब जंगल के अंदर जाकर देखा तो पांच खैर के पेड़ कटे पाए गए। वन विभाग के बीओ रणजीत ने बताया वनरक्षक व वन विभाग काटे गए पेड़ों की जांच कर रहे हैं ओर स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील कर रहें हैं कि अगर किसी तरह कि कोई जानकारी हो तो विभाग के साथ साझा करें।

बीओ रणजीत ने काटे गए पेड़ों की अनुमानित कीमत 521000 के करीब बताई है। वन विभाग रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उक्त गाड़ी को पहचानने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें खैर की लकड़ी को जंगल से निकाल कर ले जाया गया है। बीओ रणजीत ने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है। विभाग द्वारा इस खैर चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

## सावधान! ऊना में बेसमेंट खरीदने से पहले जांचें नक्शा, वरना हो सकती है बड़ी परेशानी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** यदि आप ऊना नगर निगम क्षेत्र में किसी भवन की बेसमेंट खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो थोड़ा ठहरिए...और पहले सावधानी से पूरी जांच-पड़ताल कर लीजिए। कहीं ऐसा न हो कि जो संपत्ति आपको बेची जा रही है, वह नगर निगम के अनुमोदित नक्शे में पार्किंग स्थल के रूप में दर्ज हो। ऐसी स्थिति में न केवल आपकी जमा पूंजी जोखिम में पड़ सकती है, बल्कि आपको बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सेवाओं के कनेक्शन भी नहीं मिल पाएंगे।

नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां विक्रेता जानबूझकर पार्किंग के लिए स्वीकृत बेसमेंट को फ्लैट या दुकान के रूप में बेचने का प्रयास कर रहे हैं। यह पूरी तरह अवैध है और ऐसे सौदे खरीदार को गंभीर कानूनी और व्यावहारिक परेशानियों में डाल सकते हैं।

### पूरी जांच के बाद ही करें खरीददारी : गुर्जर

**गुर्जर** ने कहा कि नगर निगम इस प्रकार के धोखाधड़ी मामलों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है, लेकिन नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी बेसमेंट अथवा अन्य संपत्ति को खरीदने से पहले उसका वास्तविक उपयोग क्या है, यह नगर निगम से अनिवार्य रूप से जांचें। नगर निगम ने इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एसडीओ अंकुश राणा की देखरेख में हेल्प डेस्क स्थापित किया है, जहां इच्छुक खरीदार भवन एवं भूमि की अनुमोदित स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लोग जानकारी के लिए निगम कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226040 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**सार्वजनिक जगहों की अवैध बिक्री से भी रहें सावधान :** गुर्जर ने बताया कि केवल बेसमेंट ही नहीं, बल्कि 'सरेंडर एरिया', 'सेट अपार्ट एरिया' और 'ओपन पार्किंग स्पेस' जैसी सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को भी अवैध रूप से बेचे जाने के प्रयास सामने आए हैं। यह नियमों का खुला उल्लंघन है, जो नागरिकों को भविष्य में न केवल आर्थिक हानि बल्कि कानूनी उलझनों में भी डाल सकता है।

गौरतलब है कि कई मामलों में भवन का अनुमोदित नक्शा दर्शाता है कि बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग स्थल के रूप में किया जाना है। ऐसी स्थिति में उस बेसमेंट को आवासीय अथवा व्यावसायिक संपत्ति के रूप में बेचना गैरकानूनी है।

कई विक्रेता जानबूझकर ऐसी बेसमेंट को फ्लैट या दुकान के रूप में बेच रहे हैं, जबकि वे सिर्फ पार्किंग के लिए ही स्वीकृत हैं। वहीं 'सरेंडर एरिया', 'सेट अपार्ट एरिया' और 'ओपन पार्किंग स्पेस' जैसी सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को भी अवैध रूप से बेचे जाने के प्रयास सामने आए हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि खरीददार के लिए आने वाले समय में भारी सिरदर्द बन सकता है।

## चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं ने चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी में शुक्रवार को पंजाब के लुधियाना से आए श्रद्धालुओं ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, श्रद्धालुओं ने बाबा माईदास सदन के सामने तरन-तारण धर्मशाला में लोगों को बैग और छतरी वितरित की।

**पॉलीथिन के उपयोग पर रोक की अपील :** श्रद्धालुओं ने लोगों से पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की और कहा कि चिंतपूर्णी एक धार्मिक स्थल है और यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं की जिम्मेदारी है कि इसकी स्वच्छता बनी रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि वे पर्यावरण को बचाने के लिए इस तरह के आयोजनों को आगे भी जारी रखेंगे।

**अभियान में ये श्रद्धालु हुए शामिल :** इस अभियान में रविंद्र कुमार गुप्ता, अशोक कुमार मोदी, सोमनाथ मल्होत्रा और जगतार सिंह सहित कई श्रद्धालु शामिल थे। इन श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

**पर्यावरण संरक्षण की महत्ता :** इस अभियान ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को उजागर किया और लोगों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। श्रद्धालुओं की इस पहल ने दिखाया कि कैसे सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

## अब अद्वैता अस्पताल में लीवर और आंत का भी होगा उपचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऊना में अब पेट और लीवर से जुड़ी बीमारियों के मरीजों के लिए एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रख्यात गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हैपेटॉलजिस्ट डॉक्टर मुकेश कुमार राठौर जो वर्तमान में मैक्स हॉस्पिटल मोहाली में प्रिंसिपल कंसलटेंट डी एम गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट और हैपेटॉलजी के पद पर कार्य थे हैपेटॉलजी के पद पर कार्यरत हैं अब अपनी विशेष सेवाएं देवभूमि अद्वैता हॉस्पिटल ऊना में भी प्रदान करेंगे।



डॉक्टर राठौड़ पथ आंत लीवर, पित्ताशय अग्नाशय से जुड़ी सभी जटिल बीमारियों के विशेषज्ञ हैं अब उन्नाव और आसपास के मरीजों को इन रोगों के लिए बाहरी से बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी डॉक्टर राठौड़ 20 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक देवभूमि अद्वैत हॉस्पिटल उन्नाव के मरीजों को देखेंगे। यह सुविधा उन मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जो लीवर रिसोर्स फैटी लिवर अल्सर गैस एसिडिटी आंतों की सूजन हेपेटाइटिस पीलिया पेट दर्द जैसी बीमारियों से परेशान हैं। यह जानकारी अस्पताल की निदेशक मोनिका सिंह ने दी।

## पानी के टैंक में गिरे कुत्ते का फायर कर्मियों ने किया रेस्क्यू, निकाला बाहर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी में शुक्रवार सुबह एक दिलचस्प और दुखद घटना घटी, जब एक कुत्ता पानी के टैंक में गिर गया। स्थानीय लोगों ने कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनकर इसकी सूचना फायर कर्मियों को दी, जिन्होंने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

**रेस्क्यू ऑपरेशन :** फायर कर्मियों ने बड़ी सावधानी से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और कुत्ते को पानी के टैंक से बाहर निकाला। कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उसे उसके मालिक को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल इस घटना की सूचना फायर कर्मियों को दी, बल्कि उनकी मदद भी की

**कुत्ते की जान बचाने पर खुशी :** कुत्ते के मालिक ने फायर कर्मियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे उनकी जान बचाने के लिए आभारी हैं। स्थानीय लोगों ने भी फायर कर्मियों की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। चिंतपूर्णी में हुए इस रेस्क्यू ऑपरेशन से यह पता चलता है कि फायर कर्मी न केवल आग से बचाव में मदद करते हैं, बल्कि अन्य आपातकालीन स्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस घटना में फायर कर्मियों ने एक कुत्ते की जान बचाई और स्थानीय लोगों की मदद से एक बड़ा हादसा टाल दिया।

### अंब से हरिद्वार रेल सेवा को अनुराग ठाकुर दिखाएंगे हरी झंडी



**अनंत ज्ञान, अंब।** आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग के चलते अंब से हरिद्वार के लिए रेल सेवा एक बार फिर शुरू की जा रही है। कल सांसद अनुराग ठाकुर ऊना रेलवे स्टेशन से इस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गौरतलब है कि इस रेलगाड़ी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास और अन्य कार्यकर्ताओं ने यह मुद्दा सांसद अनुराग ठाकुर के समक्ष समीरपुर में मंडी आपदा के दौरान उठाया। अनुराग ठाकुर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया और रेल सेवा बहाल करने के निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने बताया कि कल दोपहर बाद सांसद अनुराग भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

## तलमेहड़ा में एनसीसी के 25 कैडेट्स किए चयनित

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा में चयनित कैडेट्स के साथ अधिकारी।

**बड़ूही।** उपतहसील जोल के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा में सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई 16 (हिप्र) ऊना द्वारा विद्यालय प्रांगण में एक संक्षिप्त और उत्साहवर्धक आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों का फिजिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण किया गया, जिसकी निगरानी एनसीसी कंपनी कार्यालय ऊना के हवलदार मुनीश कुमार ने की। परीक्षण के बाद उन्होंने योग्य विद्यार्थियों की सूची जारी की, जिसमें 25 कैडेटों का चयन किया गया है।

हवलदार मुनीश कुमार ने सफल छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रों को राष्ट्रीय एकता में एनसीसी छात्रों की उपयोगिता के बारे में बताया और कहा कि आप एनसीसी छात्र अच्छे लीडर बनकर देश की सेवा करें। विद्यालय के डीपीई रजनीश कुमार ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है। हवलदार मुनीश कुमार ने चयनित कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नियमित प्रशिक्षण और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इन कैडेटों को आगामी महीनों में विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों, सामाजिक सेवा कार्यों और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

अत: इस सत्र विद्यालय में एनसीसी की गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होंगी। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विभाग व सरकार एवं कंपनी कमांडेड ऊना सीओ लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र कुमार का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार ने विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने एनसीसी इकाई का स्वागत किया और इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए सकारात्मक पहल बताया।

इस मौके पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार, प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार, डीपीई रजनीश कुमार, रजनीकांता, पल्लवी बंसल, ज्योति डोगरा, कांता देवी, रजनी देवी, सुमन देवी एवं सीसी के चुने हुए कैडेट्स उपस्थित रहे।

**आयोजन** कुटलैहड़ के बाबा बालक नाथ मंदिर अंदरौली में विशाल दंगल का समापन

## मलेरकोटला के रज्जाक रहे विजेता, ऊना के राहुल उपविजेता

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



दंगल के विजेताओं को भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो ने सम्मानित किया।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ उपमंडल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर अंदरौली में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में हिमाचल व पंजाब के नामी पहलवानों ने भाग लिया और अपनी कुश्ती प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल में मलेरकोटला पंजाब के रज्जाक ने उत्कृष्ट दांव-पेच दिखाते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। ऊना के राहुल को उपविजेता घोषित किया गया, वहीं तीसरे स्थान पर इमरान और चौथे स्थान पर गौरव रहे।

दंगल का शुभारंभ कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने बतौर मुख्यातिथि दंगल में शिरकत करते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, दंगल कमेटी द्वारा देवेंद्र कुमार भुट्टो को दंगल में पहुंचने पर उनका ढोल की थाप पर भव्य स्वागत एवं मंच से सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि दंगल केवल खेल नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन परंपरा, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

उन्होंने दंगल आयोजन समिति को 11 हजार की धनराशि प्रदान कर आर्थिक सहयोग भी दिया और कहा कि ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन देना चाहिए। दंगल के दौरान मंदिर परिसर में मेला जैसा माहौल देखने को मिला।

श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भारी भीड़ ने दंगल का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। दंगल आयोजकों ने मुख्यातिथि, विशेष आमंत्रित अतिथियों और सभी पहलवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि भी बढ़ती है। समिति ने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने दंगल में विजेताओं को सम्मानित किया और लोगों ने एक बार फिर पारंपरिक संस्कृति के इस जीवंत प्रदर्शन का आनंद उठाया। दंगल ने साबित कर दिया कि हमारी ग्रामीण संस्कृति आज भी जीवंत है और जनमानस में गहराई से रची-बसी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह, सुखदेव परमार, राकेश कुमार, नरेंद्र शर्मा, ओंकार सिंह, दिनेश कुमार, कमलजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## ऊना के 35 कांवड़ियों की हरिद्वार से सातवीं कांवड़ यात्रा शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरिद्वार से पैदल जल लेकर आ रहे ऊना के 35 कांवड़िए 23 जुलाई को सावन महाशिवरात्री के अवसर प्राचीन शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे। ऊना के नारी, धमांदरी आदि गांवों से इस बार 35 कांवड़िए हरिद्वार से जल लेकर आ रहे हैं। जिला के युवाओं की ये सातवीं कांवड़ धार्मिक पैदल यात्रा है। आज यात्रा का नौवां दिन है। यात्रा में नेत्र सिंह, मंजीत सिंह, शिव कुमार समेत अन्य शिव भक्त भगवान भोले शंकर का गुणगान करते ऊना की ओर तरफ आ रहे हैं। भोले के भगत शिव कांवड़ मंडली शिव भोले के जयकारों से गूंज रहा है और लोगों ने जगह-जगह ठंडे मीठे जल, चाय, फल, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई व भोजन आदि से सेवा कर रहे हैं। इन कावड़ियों ने बताया कि हरिद्वार से पैदल यात्रा के दौरान उन्हें हर स्थान पर भोजन व विश्राम आदि के लिए व्यवस्था की होती है।

उन्होंने बताया कि यात्रा का शुक्रवार को नौवां दिन रहा है। वह इस दौरान जय भोले शंकर का गुणगान करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को सावन महाशिवरात्री के मौके पर प्राचीन शिव मंदिर में हरिद्वार से लाए जल से अभिषेक किया जाएगा। विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा ।



कांवड़ियों का जत्था जो कि महाशिवरात्री पर शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

# बंजार में नुकीले हथियार से टैक्सी चालक पर हमला, मोबाइल भी छीना

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कुल्लू जिले के बंजार क्षेत्र में टैक्सी में ईंधन न होने की बात कहने पर एक टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने टैक्सी चालक को नुकीले हथियार से घायल कर दिया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया।

घटना की जानकारी देते हुए तिलकराज नामक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। तिलकराज मंडी जिले के परली करीरी गांव का रहने वाला है और वर्तमान में बंजार में टैक्सी चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। वह बंजार के नए बस अड्डे के पास स्थित क्वार्टर में रहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार बीती रात चेथर गांव निवासी कुशल नामक युवक ने उसे फोन करके दमोठी क्षेत्र में आने को कहा। तिलकराज ने स्पष्ट रूप से जवाब दिया कि उसकी टैक्सी में ईंधन नहीं है इसलिए वह आने में असमर्थ है। इस बात से नाराज होकर कुशल अपने कुछ साथियों के साथ तिलकराज के क्वार्टर पर आ धमका। तिलकराज का कहना है कि कुशल और उसके साथी काफी गुस्से में थे और उन्होंने बिना कुछ सुने-समझे उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि कुशल ने किसी नुकीले हथियार से उसके सिर पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, हमलावरों ने तिलकराज और उसके साथी भूपेश के मोबाइल फोन भी जबरन छीन लिए। घायल अवस्था में तिलकराज को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस को दिए गए बयान में तिलकराज ने बताया कि वह मुख्य आरोपी कुशल को पहचानता है, लेकिन बाकी हमलावरों की पहचान वह नहीं कर सका। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तिलकराज की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को प्राथमिकता दी जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धालु की मौत के मामले ने पकड़ा तूल संगठन ने प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

## कहा - बीमार श्रद्धालु के साथ बरती गई लापरवाही, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान बुधवार को चंडीगढ़ निवासी श्रद्धालु अभय की मौत के मामले ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया।

यात्रा और मृतक के साथ गए उसके चचेरे भाई द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद श्रीखंड क्षेत्रीय संगठन चायल-जुआगी ने सिंहगाड बेस कैंप में शुक्रवार को प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और यात्रा प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े किए। संगठन के प्रधान मोहन सिंह राजू और अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस बार यात्रा में प्रशासन की ओर से व्यवस्था में कोताही बरती गई। उन्होंने कहा कि श्रीखंड के दर्शनों से लौटते हुए मृतक अभय की बिगड़ती हालत के बावजूद उसे मुश्किल हालात में सिर्फ दो पोर्टरों के सहारे बेस कैंप से जाओं तक भेजा गया, जबकि प्रशासन को चाहिए था कि ट्रस्ट का कोई जिम्मेदार कर्मचारी भी साथ भेजा जाता, जबकि मृतक के भाई के अनुसार पोर्टरों ने बीमार अभय को बेसकैंप लाने के नाम पर पहले ही पैसों की मांग रखी थी। वहीं, प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पोर्टरों ने बीमार श्रद्धालु को रास्ते में पैसों के लिए रोककर रखा और एक-डेढ़ घंटों के रास्ते में 5 घंटों का समय लगा दिया, यहां तक कि उसे बारिश में भीगने को मजबूर किया गया।



श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह प्रदर्शनकारियों को शांत करते हुए।

उन्होंने कहा कि यह व्यवहार एक बीमार व्यक्ति के साथ नहीं, बल्कि एक सामान बोरी के साथ किया गया जैसा था, जो न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की पराकाष्ठा भी। मोहन सिंह राजू और अन्य सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से जबरन पैसे मांगने और प्रशासन के तय रेट से ज्यादा में सामान बेचने वालों पर सख्ती नहीं बरती गई, तो संगठन भविष्य में इस यात्रा को पूरी तरह से रोकने पर विचार करेगा और उग्र प्रदर्शन करेगा। साथ ही उन्होंने इस पूरी घटना की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद एसडीएम निरमंड एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जहां भी व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश है, उसे तुरंत सुधारा जाएगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सुक्खू सरकार प्रदेश में बदले की भावना से कर रही काम : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश में बदले की भावना से काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने तीन साल में नया कुछ नहीं किया उल्टा भाजपा के कार्यकाल में शुरू किए गए विकास के कार्य बदले की भावना से रोक दिए। मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोविंद ठाकुर ने कहा कि गोशाल गांव के ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने 10 करोड़ की लागत से बना पुल ग्रामीणों को दिया था।



पुल के टेंडर भी हो गए थे, लेकिन सरकार के बदलते ही यह पुल निर्माण ठंडे बस्ते में चला गया। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने बदले की भावना से कम करते हुए इस पुल के टेंडर ही रद्द कर दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में आज भी एक हजार लोग ब्यास नदी पर अस्थायी पुल के द्वारा जान-जोखित में डालकर आर-पार कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार को जनता की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि 17 मील में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने नाबार्ड की स्वीकृति के बिना ही दो जनवरी, 2014 को पुल का शिलान्यास कर दिया। उस समय रानी प्रतिभा सिंह ने सांसद के चुनाव लड़ने थे।

उन्होंने कहा कि 3 अगस्त, 2015 को नाबार्ड से स्वीकृति मिलने के बाद जयराम सरकार ने 2017 में काम शुरू करवाया और 2020 में जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 17 मील में 2022 में पुल बनकर तैयार हो गया, लेकिन हैरानी की कांग्रेस सरकार तीन साल में 17 मील से हरिपुर को बड़े वाहन योग्य सड़क नहीं बना पाई। इस पुल से जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय को जोड़ने की योजना भी कागजों में सिमट कर रह गई है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस विकास के नाम पर कुछ भी नहीं कर पाई है। हरिपुर कॉलेज के लिए कांग्रेस सरकार ने एक रुपए का खर्च नहीं किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भूस्खलन से थाटीबीड़ स्कूल के कमरे को नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बारिश से बंजार सहित अन्य जगहों पर भूस्खलन का सिलसिला जारी है। बंजार में थाटीबीड़ स्कूल के एक कमरे को भूस्खलन से नुकसान हुआ है। स्कूल भवन के बिलकुल पीछे भूस्खलन हुआ, जिसका मलबा भवन की ओर गिरा। भारी बारिश होने की स्थिति में और अधिक नुकसान हो सकता है। ऐसे में स्कूल प्रबंधन की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा का कहना है कि बरसात के दौरान लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

### नव चेतना संस्था के स्पेशल बच्चों ने बनाई राखी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी क्लब कुल्लू राखी कार्यक्रम के तहत नव चेतना संस्था के स्पेशल बच्चों द्वारा तैयार की गई राखियों को निजी व सरकारी स्कूलों में वितरित करेगा। संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक ने बताया कि पिछले गत वर्षों से रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा नवचेतना संस्था को गोद लिया गया है। समय-समय पर क्लब द्वारा इन स्पेशल बच्चों के मनोबल के लिए इस तरह के नेक कार्यों को आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में आगामी राखी के त्योहार को मद्देनजर रखते हुए इसका शुभारंभ भारत भारती स्कूल कुल्लू से किया गया। इस पुनीत कार्य में रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से संस्थापक सदस्य रोटेरियन डॉक्टर पीडी लाल, महासचिव राजीव सिंह, रोटरी आई हॉस्पिटल के सचिव रोटेरियन अमन भल्ला, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पाराशर, सीनियर रोटेरियन वीके कपूर, रोटेरियन डॉ. अभिलाषा ठाकुर, रोटेरियन आकाश बांगा, रोटेरियन उपमाशीष बांगा, रोटेरियन रमा मल्होत्रा, रोटेरियन धीरज गुप्ता, नव चेतना संस्था के वित्त विभाग से सुजाता, स्पेशल बच्चे व उनकी टीम ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर इन बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

### देवता नारसिंह के मंदिर में भागवत कथा आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवता नारसिंह वीर मंदिर पंडितबेहड (सुल्तानपुर) में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देवता नारसिंह के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी मंदिर में भागवत कथा का वाचन कथा वाचक अजय मोदगिल ने किया। हालांकि, 20 जुलाई को पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा का समापन होगा। पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे भी लगाया जाएगा। देवता नारसिंह के मंदिर में चल रहे इस आयोजन का आगाज विगत 12 जुलाई को क्लश यात्रा से हुआ था और उसके बाद 13 जुलाई से भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। इसमें रोजाना दोपहर दो बजे से कथा वाचन किया जा रहा है। कथा वाचन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

### देवता ब्रिंडू के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अधिष्ठात्री माता दशमी वारदा और देवता ब्रिंडू के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ढोल-नगाड़ों के साथ माता दशमी वारदा और देवता ब्रिंडू ने परिक्रमा के दौरान परंपराओं का निर्वहन किया। काईस में दिनभर खूब चहल-पहल बनी रही। सावन माह की संक्रांति से काइस में शाहनू मेले का आगाज हो जाता है। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष एवं माता दशमी वारदा के कारदार दोत राम ठाकुर ने माता के भंडार के पास खीर का भी आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पानी के बिलों में की बढ़ोतरी सरासर गलत : चमन ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कुल्लू की बैठक चमन ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के जिला महासचिव नारायण चौहान विशेष रुप से मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए लोकल कमेटी कुल्लू के सचिव गोविंद भंडारी ने कहा कि जलशक्ति विभाग द्वारा जो पानी के बिलों में बढ़ोतरी की गई है, वह सरासर गलत है। इसका भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कुल्लू कड़े शब्दों में विरोध करती है और विभाग से यह मांग करती है कि पानी के बिलों में बढ़ोतरी के निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए और पुरानी दरों के हिसाब से उपभोक्ताओं को बिल दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आम जनता ऐसे ही मार झेल रही है, ऐसे समय में पानी के बिलों में भारी बढ़ोतरी करने से आम जनता को अपना जीवन यापन करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

कुल्लू शहर के अंदर भी उपभोक्ताओं को हजारों रुपए के बिल जल शक्ति विभाग के द्वारा दिए गए हैं। इससे लोगों को और अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। बिना किसी रीडिंग जांचे बगैर पानी के बिल दिए जा रहे हैं। पानी के बिलों का जो नया स्लैब विभाग ने जारी किया है, उसे तुरंत वापस लिया जाए यदि इन पानी के बिलों में बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया, तो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कुल्लू के द्वारा जनता के साथ मिलकर सड़कों पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में राम चंद, धर्मपाल, तारा चंद, श्याम लाल, ममता, कुब्जा, हिरा लाल और चंद्रकाता आदि मौजूद रहे।

# कुल्लू के बागवानों को बड़ी राहत, सेब परिवहन किराये में नहीं कोई बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सेब सीजन की शुरुआत से ठीक पहले कुल्लू के सेब उत्पादकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल और ट्रक यूनियन कुल्लू के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सेब के परिवहन किराये में कोई वृद्धि नहीं होगी। यह फैसला बागवानों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, खासकर पिछले साल हुई दस रुपए प्रति पेटी की बढ़ोतरी के बाद। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने बैठक के दौरान परिवहन किराये में बढ़ोतरी न करने के पक्ष में मजबूत तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि फोरलेन के निर्माण से विभिन्न गंतव्यों तक की दूरी कम हो गई है। इसके परिणामस्वरूप



कुल्लू फलोत्पादक मंडल और ट्रक यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

परिवहन लागत में स्वाभाविक रूप से कमी आनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, शर्मा ने इस बात पर भी जोर दिया कि डीजल के मूल्यों में स्थिरता बनी हुई है, जो किराये में वृद्धि न करने का एक और महत्वपूर्ण कारण है। ट्रक यूनियन कुल्लू ने मंडल द्वारा प्रस्तुत इन तर्कों को स्वीकार करते हुए पुरानी दरों पर ही फलों के परिवहन के लिए अपनी सहमति प्रदान की। इस सौहार्दपूर्ण निर्णय के लिए कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने ट्रक यूनियन कुल्लू का हार्दिक धन्यवाद किया। यह महत्वपूर्ण फैसला कुल्लू के सेब बागवानों को इस सीजन में अपनी उपज को बाजार तक पहुंचाने में आर्थिक रूप से काफी मदद करेगा। इससे उनकी परिवहन लागत कम होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। यह कदम क्षेत्र की सेब अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आए व्यक्ति की कुल्लू अस्पताल में मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** विश्व विख्यात पर्यटन नगरी मनाली के ग्रीन टैक्स बैरियर के पास वीरवार को एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला, जिसे उपचार के लिए एंबुलेंस की सहायता से मनाली अस्पताल पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे कुल्लू अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उस व्यक्ति की मौत हो गई। एसएचओ मनाली मनीष राज शर्मा ने बताया कि ग्रीन टैक्स बैरियर के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी थी। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से मनाली अस्पताल लाया गया। घायल की स्थिति को देखते हुए इसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित किया। उन्होंने कहा कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगा रही है। व्यक्ति का शव थाना मनाली के क्षेत्राधिकार में पाया गया है। मृतक के परिवार और मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि मृतक की आयु लगभग 50 से 60 वर्ष के करीब है और ऊंचाई 5.7 फुट, रंग गेहुंआ, गहरे भूरे रंग का स्वेटर पहने हुए, छोटी मूंछें और दाढ़ी है और माथे पर कट का निशान है, जिसे कानूनी प्रावधानों के अनुसार, शव को पहचान के लिए आरएच कुल्लू के डेड हाउस में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

# लाहौल-स्पीति के सभी 92 मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने बारे दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस हाल में निर्वाचन विभाग के नोडल ऑफिसर एवं सेक्टर ऑफिसर का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत जिला लाहौल-स्पीति के सभी 92 मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने बारे प्रशिक्षण दिया गया। मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का आकलन करेंगे तथा इस बात की भी तस्दीक करेंगे कि कोई मतदान केंद्र किसी कारणवश क्षतिग्रस्त तो नहीं हो गया है या फिर मरम्मत करवाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त इस बात की भी जांच की




बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा।

जाएगी कि मतदाताओं की सुविधा के लिए कोई नया मतदान केंद्र खोला जाना प्रस्तावित तो नहीं है। यह प्रक्रिया 21 जुलाई से 21 अगस्त की अवधि के दौरान पूर्ण की जाएगी और समस्त प्रक्रिया उपमंडल अधिकारी नागरिक केलांग व काजा के दिशा-निर्देशों के अधीन अमल में लाई जाएगी। दोनों अधिकारी उपरोक्त कार्य के सफल संचालनार्थ के लिए नोडल अधिकारी प्रतियुक्त किए गए हैं। इस प्रशिक्षण में लाहौल उपमंडल के नोडल व सेक्टर ऑफिसर ने व्यक्तिगत रूप में तथा काजा उपमंडल के नोडल व सेक्टर ऑफिसर को वर्चुअल रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन तहसीलदार पवन राणा व निर्वाचन कानूनगों रजत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


# स्वयंसेवियों ने चलाया भांग उखाड़ो अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के एनएसएस वालंटियर्स द्वारा शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को विद्यालय के आसपास भांग उखाड़ो अभियान चलाया। इस अभियान में मनाली के एसएचओ मुनीष तथा उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एसएचओ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति को धीरे-धीरे मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बना देता है और यह संपूर्ण राष्ट्र के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने साइबर अपराध जैसे आधुनिक अपराधों के विषय में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कैसे इंटरनेट का गलत प्रयोग युवाओं को खतरे में डाल सकता है और इससे बचने के लिए सतर्क रहना कितना आवश्यक है। उन्होंने साइबर सुरक्षा के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद मनाली ने प्रदेशभर में हासिल किया 15वां स्थान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक नगरी मनाली को साफ-सुथरा और स्वस्थ बनाए रखने के लिए नगर परिषद मनाली के द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और उसी का नतीजा है कि आज नगर परिषद मनाली ने प्रदेश भर में स्वच्छता पर हुए सर्वेक्षण में 15वां स्थान हासिल किया है, जबकि देश भर में 1140वां स्थान हासिल किया है।



यह जानकारी नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने दी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद मनाली के द्वारा मनाली को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उसी का नतीजा है कि इस वर्ष स्वच्छता के सर्वेक्षण में नगर परिषद मनाली ने प्रदेश में 15वां स्थान हासिल किया है, जबकि इस बार देशभर में नगर परिषद मनाली ने 1140वां स्थान हासिल किया हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि मनाली को स्वच्छता के क्षेत्र में पहले स्थान पर लाया जाए। नगर परिषद मनाली के द्वारा मनाली को स्वच्छ रखने के लिए मनाली माल रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में डिस्पोजल प्लेट और कप पर रोक लगाई गई है।

इसका नतीजा भी देखने को मिला है और मनाली का माल रोड साफ-सुथरा और स्वच्छ नजर आता है। उन्होंने कहा कि नप मनाली अपने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र व राशि देकर सम्मानित करती है। यही कारण है कि कर्मचारी बेहतर कार्य करते हैं। शहर के दुकानदारों व वार्ड के लोगों को भी समय-समय पर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि शहर स्वच्छ व सुंदर बन सके। आने वाले दिनों में नप मनाली बेहतर कार्य कर पहले स्थान पर आने का हर संभव प्रयास करेगी।

**रोकथाम** किसानों को फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम के लिए जागरूक किया

# मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म कीट का प्रकोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मक्की की फसल में लगने वाले फॉल आर्मी वर्म कीट के रोकथाम एवं प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग कुल्लू की टीम खेतों में पहुंची।

जिला कुल्लू के सभी किसानों को फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में मक्की फसल पर पिछले 2-3 वर्षों से इस कीट देखने को मिल रहा है। कृषि उपनिदेशक कुल्लू सुशील शर्मा ने कहा कि इस कीट की मॉनिटरिंग के लिए जिला डायग्नोस्टिक टीम का गठन किया गया है। इसमें जिला कृषि अधिकारी सुशील कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा के वैज्ञानिक डॉ. रमेश लाल, कृषि विकास अधिकारी हरि राम तथा कृषि विभाग कुल्लू के विषयवस्तु विशेषज्ञ शामिल हैं। डायग्नोस्टिक टीम ने शुक्रवार को रेरी, छोयल छोयल गदौरी गांव का का दौरा किया, जहां पर इस कीट का 10 फीसद प्रकोप पाया गया। इस दौरान कृषि विकास तथा अधिकारी भुंतर, मधुसूदन शर्मा भी मौजूद रहे। जिला कृषि अधिकारी



मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म कीट का पड़ रहा प्रकोप।

सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कीट के लार्वा मक्की की फसल को भारी क्षति पहुंचा सकते हैं और इसके प्रारंभिक लक्षणों में पत्तियों पर अनियमित छेद तथा बड़ी मात्रा में अपशिष्ट निकलता है। इससे मक्की की पत्तियों पर गोल और आयताकार छेद बन जाते हैं। डॉ. रमेश लाल ने बताया कि इनके अंडों का रंग भूरा तथा ये बालों से ढके होते हैं, किसान इसकी पहचान आसानी से कर सकते हैं। इन कीटनाशकों का करें छिड़काव क्लोरेंट्रानिलिप्रोएल 18.5 एससी (कोराजेन ) 0.4 मिलीलीटर प्रति लीटर या स्पिनटोरम लीटर या 11.7 एससी (डेलीगेट) 0.5 मिलीलीटर प्रतिलीटर एमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी (मिसाइल) 0.4 ग्राम प्रति लीटर। 120 लीटर पानी प्रति एकड़ तथा उससे ज्यादा दिन की प्रति एकड़ का प्रयोग फसल के लिए 200 लीटर पानी में कर सकते हैं। जिला डायग्नोस्टिक टीम प्रइस कीट के प्रभावी प्रबंधन के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान कर रही है।

# छात्र हितों को लेकर एबीवीपी का आंदोलन रहेगा जारी : अभिनव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई के अध्यक्ष एवं जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा कि छात्र हितों को लेकर एबीवीपी का आंदोलन जारी रहेगा।



ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में एबीवीपी लगातार छात्र हितों की मांगों को प्रमुखता से उठा रही है और आगामी समय में भी छात्र हितों को प्रमुखता से सरकार व विश्वविद्यालय प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पालमपुर में एबीवीपी हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। वहीं, बैठक में विभिन्न मुद्दों व आगामी आंदोलनों की जानकारी साझा की गई। अभिनव कश्यप ने बताया कि जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति छात्र संघ बैठक में विशेष रूप से मांग रखी गई कि छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव को प्रदेश सरकार बहाल करें और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द सुचारु रूप से लागू किया जाए।

इसके अलावा शिक्षण संस्थानों का राजनीतिक द्वेष से तालाबंदी करना प्रदेश सरकार बंद करे और शिक्षण संस्थानों की आधारभूत सरंचना को सुदृढ़ किया जाए। वहीं, बैठक में चर्चा की गई कि प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में मूल्यांकन प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जाए और प्रदेश में खनन माफिया व नशा तस्करों पर नकेल कस कर बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को जल्द भरा जाए और आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदेश सरकार जल्द जारी करें।

# बढ़े हुए पानी के टैरिफ को वापस ले सरकार

## नगर परिषद कुल्लू ने रखी मांग, कहा-आम जनता पर पड़ रहा आर्थिक बोझ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू शहर में बीते दिनों पानी के बढ़े हुए टैरिफ को लेकर जहां जनता विभाग व सरकार के समक्ष मांग रख रही हैं। वहीं, नगर परिषद कुल्लू ने भी अब बैठक में प्रस्ताव पारित किया है और सरकार से मांग रखी है कि पानी के बढ़े हुए टैरिफ को जल्द वापस लिया जाए क्योंकि इससे आम आदमी पर काफी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कुल्लू के अखाड़ा बाजार में नगर परिषद कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।



एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए नप कुल्लू के पदाधिकारी।

बैठक में सभी पार्षदों ने पानी के बिल में बढ़ोतरी का विरोध किया और सरकार से मांग रखी कि जल्द इस बढ़े हुए टैरिफ को वापस लिया जाना चाहिए। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि कुल्लू शहर में पानी की सप्लाई ग्रेविटी के आधार पर है, ऐसे में पानी के बिल में इतनी बढ़ोतरी बिलकुल भी जायज नहीं है, अभी तो जनता को मात्र 3 महीने का बिल दिया गया है, जो कि आम आदमी की पहुंच से बाहर है। ऐसे में जब बाकी 6 माह के बिल जारी होंगे, तो इससे आम जनता की जेब पर बुरा असर पड़ेगा।

नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार से भी चर्चा की जाएगी और मांग रखी जाएगी कि पानी के नए टैरिफ आम जनता की सुविधा के अनुसार ही तय किए जाने चाहिए, ताकि पानी जैसी मूलभूत सुविधा से आम जनता को वंचित न होना पड़े। इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू की ओर से एडीएम कुल्लू के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा गया है और सरकार से राहत देने की मांग की गई है।

# कंडाघाट पुलिस ने 5 ग्राम चिट्टे सहित दबोचे दो युवा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम कंडाघाट के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गाय बघाश लिंक रोड की तरफ से गाड़ी आ रही है, जिसमें दो युवक बैठे हैं। इनके पास काफी मात्रा में चिट्टा/हेरोईन है, जो कंडाघाट क्षेत्र में इसे बेचने की फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए तुरंत नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को चैक किया तथा उक्त गाड़ी में बैठे दो युवकों गौरव शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा निवासी गांव पुजारली डाकखाना व तहसील कंडाघाट जिला सोलन उम्र 33 वर्ष व दयाल दत पुत्र चैन सिंह निवासी गाव वाकना तनिहार डाकखाना वाकना तहसील कंडाघाट जिला सोलन उम्र 40 वर्ष को 5.15 ग्राम चिट्टा/हेरोईन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार उक्त दोनों आरोपियों में से एक आरोपी गौरव शर्मा पहले भी अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। इसके खिलाफ पुलिस थाना कंडाघाट में 2 मामले। इनमें एक मामला मारपीट का व दूसरा मामला चिट्टा तस्करी का है। इसके अतिरिक्त इस आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना चंडी मंदिर (पंचकूला) हरियाणा में भी मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला पंजीकृत है। इसमें इसके कब्जे से 13 ग्राम से ज्यादा चिट्टा/हरोईन बरामद किया गया था। मामले में जांच जारी है।

# 8 करोड़ से सुधरेगी शहर की पेयजल व्यवस्था

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** शहर में पेयजल व्यवस्था को सुधारने और लीकेज समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने जल शक्ति विभाग की मदद से टैंक रोड में अतिरिक्त स्टोरेज टैंक का निर्माण और तीन पाइप लाइनों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए 8 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जानी है। निगम ने विभाग को 20 प्रतिशत राशि जमा भी करवा दी है। अब इन कार्यों को सिरे चढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। एक तरफ टैंक रोड में करीब 18 लाख रुपए की लागत से टैंक का निर्माण शुरू हो चुका है, वहीं पाइप लाइन बदलने के लिए नई पाइपें खरीदी गई हैं।

शहर में पानी सप्लाई की पाइपों का जाल दशकों पुराना है। पुरानी पाइपों में जंग लगने से इसमें लीकेज बढ़ती जा रही है, ऐसे में हमेशा ही पानी किल्लत से जूझने वाले सोलन शहर में पानी सप्लाई की पाइपों में हो रही लीकेज से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस कारण पानी किल्लत विकराल रूप धारण कर लेती है। इस समस्या के समाधान के लिए निगम ने पुरानी पाइपों को बदलने का निर्णय लिया है। डीपीआर को मिली मंजूरी के बाद, अब शहर में पुरानी पाइपों को बदलने का कार्य आरंभ हो गया है। पाइपों को बदलने के साथ-साथ एक अतिक्ति स्टोरेज टैंक का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे निगम की स्टोरेज क्षमता में भी इजाफा होगा। पहले चरण में तीन लाइनों में पाइपों को बिछाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद शहर के अन्य हिस्सों में चरणबद्ध तरीके से कार्य होगा। पहले चरण में टैंक से जवाहर पार्क, टैंक से मोहन पार्क और टैंक से कथेड़ के लिए लाइन बिछाई जाएगी। पुरानी पाइपों के बदले नई पाइपें बिछाने व टैंक के निर्माण का फायदा लोगों को मिलेगा।




पेयजल व्यवस्था को सुधारने और लीकेज समस्या के समाधान के लिए पानी की लाइन बदलने को खरीदी नई पाइपें।

## 90 लाख लीटर पानी की जरूरत

**शहर** में रोजाना 90 लाख लीटर पानी की रोजाना जरूरत होती है। इसकी पूर्ति गिरि और अश्वनी योजना से की जाती है। यहां से भंडारण टैंक तक पानी पहुंचता है। सोलन में गर्मियों के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। इसके चलते शहर में समान रूप से पेजयल का वितरण नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम वार्डों में वाटर टैंकों का निमार्ण करना चाहती है। यदि वार्डों में वाटर स्टोरेज टैंक बन जाता है, तो इससे लोगों में एक समान मात्रा में पेयजल वितरण संभव होगा। टैंक बनने से पानी की स्टोरेज क्षमता भी बढ़ेगी। इसके चलते आपात स्थिति से निपटना भी आसान होगा। शहर में कुल 17 वार्ड हैं। योजना के तहत वार्ड-12, 13, 14 और 7 में वाटर टैंक बनाए जाने हैं।

> **शहर** में पुरानी पाइपों को बदला जाएगा व स्टोरेज टैंक का निर्माण होगा। इसके लिए आठ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस कार्य के बाद पानी की लीकेज पर अंकुश लगेगा और पेयजल व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा। इस कार्य के लिए जल शक्ति विभाग के पास जमा करवा दी गई है और विभाग ने टेंडर भी लगा दिए हैं।
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# भाजपा ने जल शक्ति विभाग पर उठाए सवाल प्रदर्शन के बाद दोगुना हुई पानी की सप्लाई

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**कहा-जल संकट नहीं बल्कि व्यवस्था का संकट**

भाजपा ने सोलन शहर में लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या और आपूर्ति को लेकर जल शक्ति विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने जल शक्ति विभाग पर आंकड़ों से जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विभाग यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि शूलिनी मेले तक जल आपूर्ति सामान्य, जबकि उन दिनों में हमेशा दिक्कत आती थी, उसके लिए विभाग की सराहना भी की। सच्चाई यह है कि सबसे गंभीर संकट 29 जून से 14 जुलाई के बीच आया, उस पर चर्चा न करते हुए उसे जानबूझकर छिपाया जा रहा है। सोलन की जनता को गुमराह किया जा रहा है। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि हाल ही में हुए प्रदर्शन के बाद विभाग की ओर से जल आपूर्ति में अचानक बड़ा सुधार देखने को मिला। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के तुरंत बाद शहर को 95 लाख लीटर पानी मिला और अगले दिन यानी सोमवार को यह मात्रा 1 करोड़ 10 लाख लीटर के करीब पहुंच गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गाद की समस्या जस की तस बनी हुई है, तो फिर अचानक यह सुधार कैसे संभव हुआ? भाजपा नेता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह जल संकट नहीं, बल्कि व्यवस्था का संकट है।



विभाग की ओर से पहले पानी की भारी किल्लत दिखाना और अब जरूरत से ज्यादा पानी देना, यह सिद्ध करता है कि जल संकट की आड़ में प्रशासनिक और तंत्रगत लापरवाही छुपाई जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि अब वे आंकड़ों और बयानबाजियों से भ्रमित न हो और इस मुद्दे को लेकर जवाबदेही तय करने के लिए आवाज उठाएं। भाजपा सोलन शहरी इकाई इस मसले को आगे भी प्रमुखता से उठाती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा साहिब ने स्वच्छता में लगाई लंबी छलांग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी गुंजित चीमा ने कहा कि हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि पांवटा साहिब ने स्वच्छता रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। 2023 में 66 शहरी स्थानीय निकायों में 47वां स्थान, 2024 में शानदार उछाल के साथ 12वां स्थान प्राप्त किया। यह सफलता नगर परिषद, सफाई कर्मियों और पांवटा साहिब के जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### लंबित कार्यों का जल्द किया जाएगा निपटारा

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में एक बार फिर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार पांवटा के एसडीएम गुंजित चीमा ने संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों का जल्द निपटारा किया जाएगा। यह उनकी प्राथमिकता होगी। बता दें कि पहले ईओ का कार्यभार नाहन के ईओ को दिया था, परंतु उनके सप्ताह में दो दिन आने के कारण नगर परिषद के कई कार्य पेंडिंग पड़ रहे थे और उनके द्वारा पांवटा नगर परिषद को समय नहीं दिया जा रहा था। इसके बाद एक बार फिर पांवटा नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार एसडीएम गुंजित चीमा को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि पांवटा नगर परिषद में लंबे समय से लंबित कार्यों को गति देने के लिए वह वार्ड अनुसार लोगों से मिलेंगे, ताकि लोगों की परेशानी को समझा और सुलझाया जा सके। पदभार संभालने के बाद एसडीएम पांवटा गुंजित चीमा ने कहा कि लोगों के कार्यों का निपटान जल्द करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। रुके विकास कार्यों को गति देने पर उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा चुने गए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों के साथ मिलकर पांवटा में सभी वार्डों के कार्यों को गति दी जाएगी।

### ईको क्लब व एनर्जी क्लब की अध्यक्ष बनी आंचल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, ईको क्लब व एनर्जी क्लब के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, ईको क्लब व एनर्जी क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर क्लब और सोसायटी से जुड़ी हुई गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि नए सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव का चुनाव किया गया। रेड रिबन क्लब व रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष प्रांचल व इको क्लब व एनर्जी क्लब की अध्यक्ष आंचल को चुना गया। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पिलाई एकजुटता की डोज

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** ब्लॉक कांग्रेस पच्छाद की मासिक बैठक शुक्रवार को सराहां रेस्टहाउस में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मुसाफिर ने प्रदेश में आई आपदा से जानमाल का जो नुकसान हुआ है, उस पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए केंद्र सरकार से आपदा में सड़कों, किसानों की फसलों, बागवानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई राहत पैकेज देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर मौके पर राहत सामग्री और राहत कार्यों का जायजा ले रहे है। वहीं, केंद्र में विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर हिमाचल में हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए हिमाचल का पक्ष रख रहे हैं। इससे उनका कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण मिलता है इसके साथ उन्होंने कहा कि हम पच्छाद की जो भी समस्या मुख्यमंत्री के सामने रखते हैं उसका भी वह तुरंत निराकरण करते हैं इसके लिए हम विशेष रूप से उनके आभारी हैं। उन्होंने पच्छाद कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से एकजुट रहने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि पिछले लगभग 8 महीनों से संगठन निष्क्रिय चल रहा है बिना कार्यकारिणी के संगठन में कोई भी कार्य नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से मांग की है कि जल्द नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाए।

# कंडाघाट एनएच पर महिला समूहों की निर्मित वस्तुएं बनीं आकर्षण

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट नगर पंचायत में दीनदयाल अंत्योदय योजना के शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों ने शुक्रवार को कालका-शिमला एनएच पर हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टॉल लगाया।

यह स्टॉल मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शुक्रवार को इस स्टॉल में तेजस्वी ग्रुप की महिलाओं ने चीड़ की पत्तियों से बनाई राखी, मोटे आनाज रागी के मोमोज, लस्सी, कई प्रकार के आचार, अरबी के पतीड और पत्ते, कीवी का जूस जैसी कई वस्तुओं का विक्रय किया। समूह की सामुदायिक आयोजिका कांता बंसल, शीला मेहता, सरोज ठाकुर, लक्ष्मी ने बताया कि मिशन के तहत नगर पंचायत कंडाघाट में 13 महिला समूह बने हैं।



हर सप्ताह एक या दो महिला समूह राजमार्ग पर इस तरह की हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टॉल लगा रहे हैं। राजमार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग और पर्यटक इसे बहुत पसंद कर रहे हैं। इन समूहों की महिलाएं इससे आर्थिक तौर से सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण, रिबोलविंग फंड और ऋण की व्यवस्था की जाती है।

# सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करना बंद करे सुक्खू सरकार: प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

संगड़ाह नोहराधार भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व पर्यटन निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने मिलकर पहले शिमला से पर्यटन निगम का कार्यालय धर्मशाला के लिए बदला और अब पर्यटन निगम के 16 होटल को भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार निजी हाथों में सोपने की तैयारी कर रही है, ताकि अपने मित्रों को फायदा पहुंचा जा सके।



रावत ने बताया कि पर्यटन निगम से सरकार को बहुत अच्छा पैसा मिल रहा है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री व पर्यटन निगम के अध्यक्ष इन पर्यटन निगम के सरकारी होटल को अपने मित्रों को देना चाहते हैं, ताकि उनके मित्र पर्यटकों से मनमानी ढंग से पैसा वसूल कर सकें। रावत ने मुख्यमंत्री एवं बाली से सवाल करते हुए पूछा है कि आप आए दिनों पैसे का रोना रोते हैं, तो फिर आप ऐसे समय में इन पर्यटन निगम के 16 सरकारी होटल को निजी हाथों में किस लिए सौप रहे हैं। प्रदेश की जनता आपसे जानना चाहती है। रावत ने बताया कि जिन पर्यटन निगम के कर्मचारियों ने दिन-रात घाटे को उभारने के लिए मेहनत की है उनका क्या होगा। इस पर भी सरकार को गहनता से विचार करना चाहिए। यदि सरकार किसी को नौकरी दे नहीं सकती, तो सरकार को फिर नौकरी छीनने का भी कोई अधिकार नहीं है।

# 31 अगस्त तक पहाड़ियों की कटाई पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बरसात के मौसम के दौरान संपूर्ण जिले में आपदा न्यूनीकरण, आपदा की बहाली से संबंधित कार्यों को छोड़कर अन्य सभी निर्माण गतिविधियों, निजी विकास अथवा किसी भी गैर जरुरी कार्यों के लिए पहाड़ियों की कटाई पर 31 अगस्त तक प्रतिबंध लगाने के संबंधि आदेश जारी किए हैं। डीसी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आपदा न्यूनीकरण, आपदा प्रभावित बुनियादी ढ़ांचे की बहाली और सड़क, पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा आपातकालीन सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिताओं से संबंधित कार्यों के अलावा अन्य सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों पर मानव जीवन, आवासों और महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जिले के नाजुक पारिस्थितिक पर्यावरण को संरक्षित करने व क्षति को न्यूनतम करने के उद्देश्य से पहाड़ियों की कटाई पर 31 अगस्त तक प्रतिबंध रहेगा।

# आपदा में सहायता के लिए आगे आई प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश के पेंशनर भी आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आए हैं। एसोसिएशन नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पिछले दिनों राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिली और पेंशनर की मांगों के बारे में जेसीसी के गठन और वार्ता करने और 3 प्रतिशत डीए देने का आग्रह किया।



इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने बजट सेशन के दौरान की थी, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं व बकाया राशि के बारे में विस्तार से सरकार के साथ चर्चा हो सके। राज्य के नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविदत्त भारद्वाज ने बताया कि जहां प्रदेशभर के पेंशनर्स अपनी एक दिन की बेसिक पेंशन मुख्यमंत्री राहत कोष में खुले मन दान करेंगे, उसमें जिला सिरमौर भी पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने दूसरे सभी कर्मचारी संगठनों से भी मांग की कि वे भी आपदा की इस घड़ी में राहत के लिए सरकार की मदद करें। भारद्वाज ने कहा कि इस आपदा से जहां लोगों ने अपने घर बगीचे, खेत आदि सब गंवा दिए और दर्जनों लोगों ने इस आपदा में अपनी जान गंवा दी, ऐसे में दर्जनों गांवों वीरान हो गए हैं। आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का जीवन पुन: पटरी पर लाने के लिए वर्षों का समय लग जाएगा। आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवन को पटरी पर लाने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। हर व्यक्ति को छोटी-छोटी सहायता प्रदान करके अपना योगदान देना चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक दिन की बेसिक पेंशन राहत आपदा कोष में देने का निर्णय लिया है।

# विश्व युवा कौशल दिवस समारोह मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय, कुमारहट्टी, सोलन में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अजय सिंगल रजिस्ट्रार ने किया, जबकि समापन पर कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा मुख्यातिथि शामिल रहे।

इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस का विषय एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण है। फिजियोथेरेपी के छात्रों ने इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के विषय को दर्शाते हुए एक सुंदर रंगोली और पोस्टर बनाया। इस प्रकार के आयोजन से न केवल युवा पीढ़ी को नए कौशल सीखने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें अपने करियर को लेकर बेहतर दिशा और मार्गदर्शन भी मिलता है। नैक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा द्वारा अध्यक्ष, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

# डाबर इंडिया लिमिटेड बद्दी ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

डाबर इंडिया लिमिटेड बद्दी यूनिट की ओर से मंडी जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रक को उपमंडल अधिकारी नालागढ़ राजकुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राहत प्रयास डाबर इंडिया लिमिटेड के द्वारा मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर किया गया है, ताकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके।

डाबर का मानना है कि किसी भी संकट की घड़ी में सबसे जरूरी होता है इंसानियत का साथ निभाना, जब लोग कठिनाइयों से जूझ रहे होते हैं, तब मदद के लिए बढ़ाया हाथ उनके लिए बड़ी उम्मीद बन सकती है। डाबर की यह पहल सिर्फ राहत सामग्री भेजने के साथ-साथ एकजुटता, सहानुभूति और भरोसे का संदेश है। डाबर हमेशा समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है और आगे भी ऐसे हर मौके पर अपनी भूमिका निभाता रहेगा।




प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री रवाना करते डाबर इंडिया प्रबंधक और एसडीएम नालागढ़।

एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने डाबर इंडिया लिमिटेड के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय डाबर द्वारा किया गया सहयोग समाज के लिए प्रेरणादायक है। डाबर की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय और सहायक सिद्ध होगी। डाबर की ओर से इस अवसर पर बाढ़ पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए एचआर प्रमुख रितेश सिंह ने बताया कि मंडी जिले में आई इस प्राकृतिक आपदा ने अनेक परिवारों को कठिन परिस्थितियों में डाल दिया है। डाबर इस दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है और हमारा प्रयास है कि हम हर संभव राहत पहुंचाकर उन्हें संबल प्रदान करें। डाबर इंडिया लिमिटेड ने भविष्य में भी समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने की प्रतिबद्धता जताई है।

# बालेश्वर की घटना पर आक्रोशित एबीवीपी सोलन ने किया प्रदर्शन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोलन के कार्यकर्ता कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ओडिशा के बालेश्वर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सक्रिय कार्यकर्ता सौम्याश्री बिशी के साथ विभागाध्यक्ष द्वारा की गई अमानवीय प्रताड़ना से आहत होकर उनके आत्मदाह की हृदय विदारक घटना ने संपूर्ण छात्र समुदाय को झकझोर कर रख दिया है।

यह न केवल एक छात्रा की व्यक्तिगत पीड़ा है, बल्कि यह देश के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के अधिकारों पर हो रहे हमलों की गंभीर चेतावनी है। इस गंभीर एवं संवेदनशील विषय को लेकर एबीवीपी सोलन ने एक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने सौम्याश्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। यह अत्यंत खेदजनक है कि इस लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन में कुछ शिक्षकों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप किया गया। इससे छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ। यह स्थिति चिंताजनक है और यह स्पष्ट करती है कि अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संस्थागत अंकुश लगाने की कोशिश हो रही है। अभाविप यह स्पष्ट करना चाहती है कि वह सौम्याश्री को न्याय दिलाने और संपर्ण छात्र समुदाय के स्वाभिमान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**विकास** भारती बस अड्डे से गंबर तक एंबुलेंस मार्ग की आधारशिला रखी

# कसौली का विकास करना प्राथमिकता: विनोद

**अनंत ज्ञान, कसौली**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। विनोद सुल्तानपुरी गत दिवस विकास सोलन खंड की ग्राम पंचायत भारती में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

विधायक ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत भारती के रहोग गांव में गवाली से मोक्षधाम तक संपर्क मार्ग तथा भारती बस अड्डे से गंबर तक एंबुलेंस मार्ग की आधारशिला रखी। उन्होंने महिला मंडलों का निरीक्षण किया और उन्हें कार्यों के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने तदोपरांत राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला भारती का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि लोगों के कल्याणार्थ प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं।




रहोग गांव में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखते विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवश्यकता व मांग अनुसार विकास के कार्य किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र के सभी लोगों तक सुविधाएं पहुंचाई जा सके।

विनोद सुल्तानपुरी ने इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा भी रोपित किया। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण में आगे आने और अधिक से अधिक पौधे रोपित करने का आग्रह किया। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर यूको आरसेटी द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

इसमें स्वयं सहायता समूह, महिला मंडलों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कृषि उपज मंडी समिति सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, ग्राम पंचायत भारती की प्रधान मीना राम ठाकुर, ग्राम पंचायत हरिपुर के उपप्रधान अफजल बेग, बीडीसी सदस्य देवेंद्र शर्मा, नियाज मुहम्मद, पवन ठाकुर, रन सिंह ठाकुर, बलदेव ठाकुर, खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश कुमार शर्मा, यूको आरसेटी की निदेशक मीनू बारिया, अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक तमन्ना मोदगिल, तहसील कल्याण अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में प्रतिभाया: प्रभा-प्रतिभा की चमक का आयोजन



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में प्रतिभाया: प्रभा-प्रतिभा की चमक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में आयोजित देवदार हाउस शो, प्रतिभाया: प्रभा प्रतिभा की चमक, कलात्मक अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक चेतना का एक मनोरम उत्सव था।

शाम की शुरुआत भारतीय संगीत के छात्रों द्वारा राग वृंदावनी सारंग की मधुर प्रस्तुति से हुई, जिसने एक शांत और भावपूर्ण माहौल तैयार किया। आखिर क्यों नामक एक हिंदी लघु नाटिका ने मुख्य मंच संभाला। इसमें कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर मुद्दे को उठाया गया। इस प्रभावशाली प्रस्तुति ने गहरी भावनाओं को जगाया और दर्शकों को इस ज्वलंत सामाजिक सरोकार और इसके नैतिक निहितार्थों पर चिंतन करने के लिए प्रेरित किया। एक विद्युतीय पाश्चात्य संगीत प्रस्तुति ने दर्शकों को अपनी ऊर्जा और लय से मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक जीवंत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने ज्ञान और बुद्धि के शाश्वत प्रकाश का सम्मान करते हुए शाम को एक आध्यात्मिक आयाम प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन स्कूल गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### हिसार में ग्रामीणों ने जलघर को जड़ा ताला

**अनंत ज्ञान, हिसार।** जिले के हांसी क्षेत्र के गांव ढाणी कुतुबपुर में ग्रामीणों ने पीने के पानी की किल्लत के चलते गांव के जलघर को ताला जड़ दिया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद ग्रामीणों ने हांसी कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंच एसडीओ आशीष कुंडु तथा जेई मोहित कुमार को जलघर पर लगाए गए ताले की चाबी व कार्यकारी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को बताया कि उनके गांव के जलघर में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई एक मोटर पिछले 10 दिनों से तथा एक मोटर पिछले पांच दिनों से जली हुई है। इस कारण उनके गांव में पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की सप्लाई नही आ रही है। गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के जलघर में पिछले करीब 10 सालों से फिल्टर नहीं लगाए गए है, जिसके कारण हमारे घरों में दूषित व मिट्टी युक्त पेयजल सप्लाई आती है। ग्रामीणों का कहना था कि जलघर में फिल्टर लगाने के लिए जेई मोहित कुमार को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक जलघर में फिल्टर नहीं लगाए गए है जिसके चलते ग्रामीणों को दूषित पानी पीना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जलघर में एमरजेंसी में पानी की आपूर्ति के लिए एक अस्थायी ट्यूबवैल लगाया हुआ है जिसका पानी खारा है। एमरजेंसी में या टैंक में पानी ना होने की स्थिति में यह ट्यूबवेल चलाया जाता है, लेकिन अब नहर में पानी आने के बावजूद भी जलघर पर तैनात कर्मचारी अपनी मर्जी से खारा पानी का ट्यूबवैल चला देते है। ग्रामीणों ने जलघर पर तैनात कर्मचारियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए तथा इन कर्मचारियों को तबादला किए जाने की मांग की।

### किसानों को अब ऑनलाइन मिलेगी खाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने खाद की कालाबाजारी को रोकने के लिए ऑनलाइन खाद बिक्री की योजना तैयार की है। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल के जरिये किसानों को ऑनलाइन खाद मुहैया कराई जाएगी। 31 जुलाई से पहले पोर्टल के जरिये खाद मिलना शुरू हो जाएगी। सहकारी समितियों की डिमांड में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब 40 फीसदी की जगह 50 फीसदी खाद का वितरण सोसायटियों के जरिये होगा। किसानों को अब खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा और न ही खाद की किल्लत झेलनी पड़ेगी। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसान कहीं से भी आसानी से खाद ले सकेंगे। इसके साथ ही सरकार ने खाद वितरण नीति में भी बदलाव किया है। पहले सोसायटी में 40 प्रतिशत खाद दी जाती थी और प्राइवेट खाद एजेंसियों को 60 प्रतिशत। किसानों की सुविधा को देखते हुए और गांव के किसानों को खाद के लिए बाहर न जाना पड़े, इसको लेकर अब सोसायटियों को 50 प्रतिशत खाद दी जाएगी। यदि कोई किसान सोसाइटी से खाद लेगी और वह खाद के पैसे को 6 महीने के अंदर-अंदर वापिस करती है, तो उस किसान से खाद की रकम का कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को बताया कि बारिश के समय डीएपी व यूरिया खाद की डिमांड बढ़ जाती है। यूरिया और डीएपी के लगातार रैक आ रहे हैं। किसानों को खाद की किसी तरह की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। 16 जुलाई को डीएपी खाद का रैक रोहतक आया है, जहां से डीएपी खाद को झज्जर, पलवल, गुरुग्राम, फरीदाबाद व मेवात में वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार 17 जुलाई को हिसार में खाद का रैक पहुंचा है, इस खाद को फतेहाबाद, भिवानी, सिरसा तथा 18 को करनाल, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र में वितरित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को खाद-बीज इत्यादि में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं।

### दिल्ली-बेंगलुरु के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली और बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल हैं। राजधानी दिल्ली में 5 दिन के भीतर बम धमकी का यह चौथा मामला है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची हैं। सावधानी के तौर पर स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। इनके अलावा, दिल्ली यूनिवर्सिटी के 3 कॉलेजों को भी बम की धमकी मिली है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने 7 माह में जबरन निकाले 14 लाख अफगानी

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान में जनवरी से अब तक 14 लाख से ज्यादा अफगानों को जबरन निकाल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक ईरान और अफगानिस्तान की सीमा पर हर दिन करीब 20 हजार अफगान शरणार्थी जबरन वापस भेजे जा रहे हैं। ये सिलसिला पिछले महीने ईरान-इजराइल के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद तेजी से बढ़ा। ईरान ने 24 जून से 9 जुलाई के बीच, यानी महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर कर दिया। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, नहीं तो उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अफगानी इजराइल और अमेरिका के लिए जासूसी, आतंकी हमले और ड्रोन बनाने में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान में बाढ़ में फंसे 7 लोग किए रेस्क्यू

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान के राजसमंद में एक वैन में तीन बच्चों समेत सात लोग बाढ़ में फंस गए। वैन से निकले कुछ लोग किनारे जाने की कोशिश में पेड़ पर फंस गए थे। करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी को बचा लिया गया। वहीं, वाराणसी में गंगा उफान पर है। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों में बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप नहीं जाएंगे पाकिस्तान

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान दौरे को लेकर पाकिस्तानी मीडिया के दावों को व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान का झूठ एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। व्हाइट हाउस ने ट्रंप की यात्रा योजना को लेकर साफ कहा कि फिलहाल राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा की कोई योजना नहीं है। बता दें कि जॉर्ज डब्ल्यू बुश 2006 में पाकिस्तान का दौरा करने वाले अंतिम अमेरिकी राष्ट्रपति थे। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र विधानसभा मारपीट मामले में 2 अरेस्ट

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा और एनसीपी (शरद पवार) विधायकों के समर्थकों के बीच मारपीट मामले में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने अब तक 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, वीरवार को महाराष्ट्र विधानसभा की लॉबी में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थक भिड़ गए थे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें दोनों विधायकों के समर्थक आपस में गाली-गलौज और हाथापाई करते दिखे। इसके विरोध में एनसीपी (शरद गुट) के समर्थकों ने वीरवार रात मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया था। मारपीट की वजह सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

# गीता स्थली ज्योतिसर बनेगा विश्व का ऐतिहासिक पर्यटन स्थल : सीएम सैनी

## मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का किया निरीक्षण

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा की गीता स्थली ज्योतिसर विश्व का भव्य, यादगार और ऐतिहासिक स्थल बनेगा। इस गीता स्थली को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ज्योतिसर को विकसित करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से करीब 250 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। ज्योतिसर को विश्व का भव्य, दिव्य, यादगार और ऐतिहासिक स्थल बनाया जाएगा। ज्योतिसर अनुभव केंद्र में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को कुरुक्षेत्र के इतिहास के जीवंत दर्शन हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जिला कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर अनुभव केंद्र का दौरा कर स्वागत कक्ष, महाकाव्य सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरुवंशावली, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी उपस्थित रहे। पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ज्योतिसर अनुभव केंद्र के साथ-साथ अन्य कक्षों के छोटे-छोटे निर्माण कार्य को पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि ज्योतिसर अनुभव केंद्र को पर्यटकों के लिए खोला जा सके। ज्योतिसर अनुभव केंद्र को विश्व दर्शनीय स्थल बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि तमाम विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए, ताकि ज्योतिसर अनुभव केंद्र में पर्यटक महाभारत और कुरुक्षेत्र के इतिहास के दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से गीता के उपदेश दिए। इस पावन धरा के इतिहास को जहन में रखते हुए सरकार की तरफ से ज्योतिसर में विकास कार्यों को तेज गति के साथ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिली है। इस देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए सरकार की तरफ से ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित प्रोजेक्ट पर करीब 250 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस ज्योतिसर गीता स्थली को विश्व का सबसे दर्शनीय ऐतिहासिक स्थल बनाया जा रहा है।

# अंबाला छावनी सिविल अस्पताल में 100 बिस्तर के भवन का निर्माण कार्य शुरू : विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी सिविल अस्पताल में 100 बिस्तर के भवन का निर्माण कार्य पुनः शुरू कर दिया गया है। यह भवन अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से लैस होगा जिसे क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) की तर्ज पर बनाया जाएगा और यहां मरीजों को बेहतरीन उपचार मिलेगा।



उन्होंने बताया कि इस 100 बिस्तर के भवन के निर्माण होने से अंबाला छावनी सिविल अस्पताल की क्षमता 200 बिस्तर की हो जाएगी। इसके अलावा, इस नए भवन का डिजाइन इस प्रकार से तैयार किया गया है कि सामान्य मरीजों को संक्रमण का खतरा न उठाना पड़े।

विज ने बताया कि पहले भवन का निर्माण कार्य, माननीय हाईकोर्ट में केस होने की वजह से रुक गया था, जिसके बाद ऑर्बिटेशन में जाने पर दोबारा से निर्माण कार्य के अब टेंडर हुए हैं। अब 14.79 करोड़ रुपए की लागत से भवन का शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

**गंभीर मरीजों को सेंटर में मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं**

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सिविल अस्पताल में 100 बिस्तर की ही सुविधा है, लेकिन लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या के कारण अस्पताल में बिस्तर की कमी महसूस होने लगी थी, इसीलिए नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। सात मंजिला नए भवन में ये सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नई बिल्डिंग में कुल सात फ्लोर होंगे, जिनमें दो बेसमेंट फ्लोर होंगे, इसमें एक फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग होगी, जबकि दूसरे फ्लोर पर एसी प्लांट व गैस प्लांट लगाया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर में रजिस्ट्रेशन-कम-रिसेप्शन सेंटर, इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध होगी, शौचालय व अन्य सुविधाएं होंगी। पहले फ्लोर पर इमरजेंसी वार्ड होंगे, जिनमें 28 बेड होंगे। दूसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव आईसीयू (इनटेंसिव केयर यूनिट)। तीसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे। चौथे फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे तथा जीवन रक्षक क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) साबित होगी।

# चंडीगढ़ में हुई पहली बार पेपरलेस कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा शुक्रवार को दो दिवसीय क्षेत्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि यह चंडीगढ़ में आयोजित अपनी तरह की पहली पूर्णतः पेपरलेस कार्यशाला है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देना है। यह आयोजन स्वास्थ्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ के कुशल मार्ग-दर्शन में किया गया। सोसासटी के परियोजना निदेशक ने बताया कि यह कार्यशाला पूर्ण रूप से पेपरलेस रही, जो सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य रूपांतरण की सोच के अनुरूप है। इस कार्यशाला में एनएसीओ के वरिष्ठ अधिकारी एवं सीडीसी इंडिया, एनएआईडीएस, आईटीईसीएच इंडिया जैसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और लद्दाख सहित आसपास के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

डॉ. सुमन सिंह, निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, यूटी चंडीगढ़ ने विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण समितियों, नाको एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधित्व कर रहे सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनएसीओ द्वारा आयोजित क्षेत्रीय क्षमता निर्माण कार्यशालाओं की श्रृंखला की चौथी और अंतिम कार्यशाला है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डेटा विश्लेषण और वैज्ञानिक लेखन में क्षमताओं को सुदृढ़ करना है।

# फरीदाबाद में नाबालिग को बस ने कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिल्लौच में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद किशोर सड़क पर गिर पड़ा और बस उसे घसीटती हुए निकल गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल किशोर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव फतेहपुर बिल्लौच निवासी आजाद फौगाट का 15 वर्षीय बेटा बॉबी करीब 10 बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। जब वह फतेहपुर बिल्लौच-डीग रोड पर पहुंचा, तभी एक तेज गति से आ रही बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बॉबी बाइक समेत सड़क पर जा गिरा और बस का पिछला पहिया उसके ऊपर चढ़ गया।

# गन्ना उत्पादक किसानों के एरियर का जल्द किया जाए भुगतान: राणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के गन्ने की बिक्री होते ही जल्द भुगतान किया जाए और किसानों के बकाया भुगतान का भी शीघ्र निपटारा किया जाए।

**बोले सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयासरत**

राणा शुक्रवार को विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशक राजनारायण कौशिक आदि उपस्थित थे।

राणा ने अधिकारियों से नारायणगढ़ शुगर मिल से संबंधित गन्ना उत्पादकों के बकाया भुगतान के बारे में विस्तार से चर्चा की और इस दिशा में यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिल में गन्ना पिराई का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए और किसानों के गन्ने का भुगतान भी साथ-साथ करते रहें।

राणा ने बैठक के बाद कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति संकल्पबद्ध है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की खेती की लागत कम हो और उनकी पैदावार लगातार बढ़ती रहे। खेत की मिट्टी की सेहत अच्छी रखने के लिए प्रयोगशालाओं में जांच करने के बाद किसानों को फसल की बिजाई की सलाह दी जा रही है। अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## देश-विदेश

# आरएसएस और माकपा लोगों के बारे में नहीं सोचते : राहुल गांधी

**एजेंसी, कोट्टायम**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और माकपा लोगों के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई जनता के बारे में नहीं सोचता और उनसे नहीं जुड़ पाता तो वह नेता नहीं बन सकता। शुक्रवार को राहुल गांधी केरल के कोट्टायम में राज्य के पूर्व सीएम ओमान चांडी की दूसरी पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल हुए।



राहुल गांधी ने कहा कि मेरी संघ और माकपा से वैचारिक लड़ाई है, लेकिन मेरी सबसे बड़ी शिकायत ये है कि ये लोगों के बारे में नहीं सोचते। उनके मन में जनता के लिए कोई भावना नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि 'मेरी यही सबसे बड़ी शिकायत है कि अगर आप राजनीति में हैं तो लोग क्या सोचते हैं, उसे महसूस करें। उनकी बात सुनें और उन तक पहुंचने की कोशिश करें, लेकिन ये ऐसा नहीं करते।' (अनंत ज्ञान)

**केंद्र सरकार मेरे बहनोई को 10 साल से परेशान कर रही**

**हरियाणा** के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इसे लेकर ही राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा है। एक्स पर साझा एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप-पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है।

# आईएनएस निस्तार नौसेना में शामिल

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** देश में बना पहला डाइविंग सपोर्ट जहाज आईएनएस निस्तार शुक्रवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इसे समुद्र के अंदर 300 मीटर तक रेस्क्यू अभियान के लिए बनाया गया है। इस जहाज का वजन 10,000 टन से ज्यादा है। साथ ही 118 मीटर लंबा है। आईएनएस निस्तार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है। विशाखापट्नम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएनएस निस्तार नौसेना को सौंपा गया। ऐसा जहाज दुनिया के चुनिंदा देशों के पास है। इसके कमीशन होने के बाद भारत क्षेत्र का 'सबमरीन रेस्क्यू पार्टनर' बन गया है। (अनंत ज्ञान)

# शिकागो में हजारों अमेरिकी ट्रंप की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**




अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विवादास्पद नीतियों के खिलाफ अमेरिका में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। अप्रवासियों को डिपोर्ट करने और गरीबों के लिए मेडिकेड सुविधाओं में कटौती के विरोध में 1600 से ज्यादा जगहों पर प्रदर्शन आयोजित हुआ। इन प्रदर्शनों को गुड ट्रबल लिव्स ऑन नेशनल डे ऑफ एक्शन नाम दिया गया है, जो दिवंगत सांसद और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जॉन लुइस को समर्पित है। आयोजकों ने लोगों से प्रदर्शनों को शांतिपूर्ण रखने की अपील की। शिकागो इन विरोध-प्रदर्शन का मुख्य सेंटर था। दोपहर में शहर के डाउनटाउन में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए। शिकागो में आयोजित रैली में एक कैंडल मार्च निकाला गया। पब्लिक सिटिजन ग्रुप की को-प्रेसिडेंट लिसा गिल्बर्ट ने मंगलवार को कहा था कि हम अपने देश के इतिहास के सबसे डरावने दौर से गुजर रहे हैं। हमें सरकार में बढ़ती तानाशाही रवैये और कानून के उल्लंघन का सामना करना पड़ रहा है, जो हमारी लोकतांत्रिक आजादी और अधिकारों को चुनौती दे रहा है। (अनंत ज्ञान)

**मेडिकेड सुविधाओं में कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन**

# पाकिस्तान में बारिश-बाढ़ से एक दिन में 63 मौतें

## जून माह से अब तक 250 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके, सैकड़ों लापता

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में एक बार फिर जबरदस्त बारिश और बाढ़ का प्रकोप देखने को मिल रहा है। बारिश और बाढ़ से यहां एक दिन में 63 लोगों की मौत हो गई है। खासकर पंजाब प्रांत में मानसून शुरू होने के बाद से ही सड़कें पानी से लबालब हैं। इसके अलावा खैबर पख्तूनख्वा और कुछ अन्य प्रांतों में भी बाढ़ की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बताया गया है कि पूरे देश में जून से ही मानसून-पूर्व जो बारिश शुरू हुई थी, उसके बाद से ही स्थितियां बिगड़ने लगी थीं। तबसे लेकर अब तक पड़ोसी मुल्क में बारिश-बाढ़ से 250 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग लापता हुए हैं। मृतकों में बड़ी संख्या बच्चों की है। (अनंत ज्ञान)



# महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना जरूरी : भागवत

**एजेंसी, पुणे**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और उन्हें पुरानी व पिछड़ी सोच वाली परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। (अनंत ज्ञान)



**महिलाएं हर समाज का सबसे अहम हिस्सा**

**मोहन** भागवत ने कहा, 'महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं। महिलाएं परिवार, समाज और देश का सबसे अहम और अभिन्न अंग हैं।

# सेंसेक्स 502 अंक गिरकर 81,758 पर बंद, निफ्टी भी 143 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 18 जुलाई को सेंसेक्स 502 अंक गिरकर 81,758 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 143 अंक की गिरावट रही, यह 24,968 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 5.24 फीसदी गिरकर 1,099.10 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 7.40 फीसदी गिरकर 1,073.95 रुपए पर आ गया। वहीं, एनएसई पर शेयर 5.26 फीसदी गिरकर 1,098.70 रुपए पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 6.36 फीसदी गिरकर 1,086 रुपए पर आ गया। सेंसेक्स और निफ्टी कंपनियों में यह शेयर सबसे अधिक पिछड़ने वाला रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 18,808.81 करोड़ रुपए टकर 3,40,882.52 करोड़ रुपए रह गया। (अनंत ज्ञान)

**सोने के दाम में 790 और चांदी के दाम में 1700 रुपए का उछाल**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार (18 जुलाई) को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 790 रुपए बढ़कर 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,453 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1700 रुपए बढ़कर 1,12,700 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,000 रुपए पर थी। वहीं, 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



## फैसला

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपीलकर्ता महिला को राहत देने से किया इनकार**

# पति से शारीरिक संबंध न बनाना तलाक का आधार

**एजेंसी, मुंबई**

तलाक के एक मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि पति से शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना और उस पर विवाहेतर संबंध का संदेह करना तलाक का आधार है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली महिला को राहत देने से इनकार कर दिया है। बता दें कि पारिवारिक अदालत ने मामले में पति की तलाक याचिका को स्वीकार कर लिया था।

बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि महिला के आचरण को उसके पति के प्रति क्रूरता माना जा सकता है। इसके बाद महिला ने पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था। इसमें महिला ने मांग की थी कि पारिवारिक अदालत का आदेश खारिज किया जाए। साथ ही महिला ने अदालत से पति को उसे एक लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश देने की भी मांग की थी।



बता दें कि महिला का विवाह 2013 में हुआ था, लेकिन दिसंबर 2014 में वे अलग रहने लगे थे। (अनंत ज्ञान)

**पति को उसके दोस्तों के सामने अपमानित करना भी है क्रूरता**

**अपनी** याचिका में पति ने शारीरिक अंतरंगता से इनकार करना, विवाहेतर संबंध होने का संदेह करना और परिवार, दोस्तों और कर्मचारियों के सामने उसे शर्मिंदा करके मानसिक पीड़ा पहुंचाना के आरोप लगाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा, अपीलकर्ता महिला का पुरुष के कर्मचारियों के साथ व्यवहार निश्चित रूप से उसे दर्द पहुंचाएगा। पुरुष को उसके दोस्तों के सामने अपमानित करना भी उसके प्रति क्रूरता है। अदालत ने कहा कि पुरुष की दिव्यांग बहन के साथ महिला का उदासीन और रूखा व्यवहार भी उसे और उसके परिवार के सदस्यों को दर्द देगा। इस आधार पर अदालत ने महिला की याचिका खारिज करते हुए कहा कि दंपती के बीच का विवाह बगैर किसी सुधार की संभावना के टूट चुका है।


# यूएस में भारतीय मूल के व्यवसायी पर वीजा धोखाधड़ी का आरोप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यवसायी पर वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इसके अलावा, तीन पुलिस प्रमुखों सहित चार अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर भी लुइसियाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, कैलिफोर्निया के ओकडेल निवासी चंद्रकांत पटेल, चाड डॉयल, ग्लिन डिक्सन, टेबो ओनिशिया और सिटी मार्शल माइकल स्लेनी पर बुधवार को ला-फेयेट में अभियोग लगाया गया। उन पर अमेरिकी सरकार के यू वीजा कार्यक्रम के तहत अप्रवासियों के वीजा दावों का समर्थन करने के लिए झूठी अपराध रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया गया था। दस्तावेजों के मुताबिक, अप्रवासियों ने भारतीय मूल के व्यवसायी चंद्रकांत पटेल से संपर्क किया, ताकि पुलिस रिपोर्ट में उनका नाम पीड़ितों के रूप में दर्ज किया जा सके। उन्होंने खुद को डकैती का पीड़ित बताने के लिए उसे कहा था। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट पर यू-वीजा के बारे में जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, यू वीजा उन अप्रवासियों के लिए तय किया गया है जो अपराध पीड़ित हों, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण का सामना किया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो


### रवि शास्त्री बोले-बतौर बल्लेबाज चौथा टेस्ट न खेलें ऋषभ पंत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। मैच से पहले भारतीय टीम के उप-कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टीम के उप-कप्तान को तब तक एक बल्लेबाज के रूप में नहीं खेलना चाहिए, जब तक कि वह चौथे टेस्ट से पहले मैच के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी लेने के लिए आश्वस्त न हो जाएं। तीसरे टेस्ट में पंत ने 74 और 9 रन की पारी खेली थी। खेल के दौरान उन्हें बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। वह मैच के बाकी समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। शुक्रवार को आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अगर पंत विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो उन्हें विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरना चाहिए, क्योंकि उन्हें क्षेत्ररक्षण करना होगा और अगर वह क्षेत्ररक्षण करते हैं, तो स्थिति और खराब हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि दस्तानों के साथ कम से कम कुछ सुरक्षा तो मिलती है। बिना दस्तानों के अगर उन्हें कोई ऐसी चीज लग जाती है जो उन्हें चुभती है, तो यह बहुत अच्छा नहीं होगा। इससे चोट और बिगड़ जाएगी।' (अनंत ज्ञान)



### मैनचेस्टर में टेस्ट सीरीज बराबर करेगा भारत : मोहम्मद कैफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा भारतीय टीम का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में वापसी कर सकती है। उन्होंने यह भी माना कि हार के बाद घबराहट से टीम का लय बिगड़ सकता है। कैफ ने विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी के बावजूद भारतीय टीम की मजबूती की तारीफ की और कप्तान गिल के नेतृत्व और बल्लेबाजी की सराहना की। कैफ ने टीम के सिलेक्शन की वकालत की और टीम प्रबंधन को हार के बाद जल्दबाजी में फैसले न लेने की सलाह दी। उन्होंने करुण नायर जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा और मौजूदा प्लेइंग इलेवन को समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'आपने चार दिन तक अच्छा क्रिकेट खेला और पांचवें दिन हार गए। इसका मतलब यह नहीं कि आप अपनी योजनाएं बदल दें।' कैफ ने जसप्रीत बुमराह के अगले महत्वपूर्ण टेस्ट में खेलने की संभावना और बल्लेबाजी टीम के फॉर्म में होने पर कहा, '2-2 से सीरीज बराबर होने की अच्छी संभावना है, भारत को बस शांत रहकर समझदारी से खेलना होगा।' सीरीज में भारत के प्रदर्शन पर कैफ ने कहा, 'भारत ने पिछले 15 में से 12-13 दिन तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार क्रिकेट खेला। (अनंत ज्ञान)



### इगा का खूबसूरत अंदाज

**पोलैंड।** टेनिस स्टार खिलाड़ी इगा स्विटेक को घूमने-फिरने का खूब शौक है। इगा ने बचपन से ही टेनिस में खुद को तरासना शुरू कर दिया। इगा अपने सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव हैं। यही कारण है कि इंस्टाग्राम पर उनके 1 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स हो चुकी है।



# मैनचेस्टर में पूरा होगा लॉर्ड्स का बदला

## कप्तान शुभमन गिल को बदलना होगा 89 साल का इतिहास

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

टेस्ट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसके लिए दोनों टीमों ने तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। इससे पहले लॉर्ड्स टेस्ट में मिली 22 रन की करीबी हार के बाद खिलाड़ियों ने दो दिन आराम दिया और गुरुवार से एक बार फिर नेट्स में प्रैक्टिस शुरू कर दी। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया का लक्ष्य मैनचेस्टर टेस्ट में जीत दर्ज कर सीरीज में दो-दो की बराबरी करना होगा, ताकि द ओवल में वह जीत की दावेदारी पेश कर सके। लेकिन भारतीय टीम का इतिहास मैनचेस्टर में उनके बिल्कुल भी साथ नहीं है। भारत इस मैदान पर जीतना तो दूर ड्रॉ करवाने के लिए भी संघर्ष करती दिखी है। (अनंत ज्ञान)



**मैनचेस्टर टेस्ट में भारत बदलना चाहेगा इतिहास**

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल हर हाल में मैनचेस्टर टेस्ट में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-2 की बराबरी करना चाहेंगे, लेकिन उसके लिए भारतीय खिलाड़ियों को एजबेस्टन वाला प्रदर्शन मैनचेस्टर में दोहराना होगा। दरअसल, भारत ने पहली बार इस मैदान पर साल 1936 में टेस्ट मैच खेला था, जिसके बाद से अब तक कुल 9 टेस्ट टीम इंडिया इस मैदान पर खेल चुकी है। इसमें से चार मैचों में उन्हें हार मिली है तो पांच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारत ने आखिरी बार मैनचेस्टर में टेस्ट मैच साल 2014 में खेला था, जिसमें उन्हें पारी और 56 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। अब गिल को सीरीज बचाने के लिए इतिहास बदलना होगा।

### कैसी रहती है मैनचेस्टर की पिच?

**मैनचेस्टर** की पिच दिन-प्रतिदिन बदलती रहती है। यानी शुरुआती दो दिनों पर यहां पर बल्लेबाजी करना आसान होता है, लेकिन नई गेंद से गेंदबाजों को पिच से अतिरिक्त उछाल और स्विंग मिलती है, लेकिन एक बार गेंद पुरानी होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है। वहीं, तीसरे और चौथे दिन पिच पर दरारें विकसित होती हैं, जिससे स्पिन गेंदबाज धीरे-धीरे हावी होते हैं। वहीं, तेज गेंदबाजों को पिच से असामन उछाल और सीम मूवमेंट मिलती है, जबकि मैच के पांचवें अगर खेल पहुंचता है तो यहां पर बल्लेबाजी करना किसी बुरे सपने से कम नहीं होगा। मैच के पांचवें दिन स्पिनरों को टर्न और उछाल मिलता है, जबकि अगर पांचवें दिन 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा टीमें करती हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है।

### क्या हो सकता है संभावित स्कोर?

**मैनचेस्टर** टेस्ट भारतीय टीम के लिए करो या मरो वाला हो सकता है, क्योंकि इस मैदान पर हार न सिर्फ उनके शर्मनाक इतिहास को जारी रखेगी, बल्कि सीरीज भी भारत गंवा बैठेगा। ऐसे में टीम को गेंद और बल्ले दोनों डिपार्टमेंट में शानदार प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में पहली पारी में संभावित स्कोर की बात करें तो अगर भारत पहले बैटिंग करता है तो वह 425 से 460 के बीच स्कोर खड़ा कर सकता है। वहीं, इग्लैंड पहले बैटिंग करते हुए 390 से 430 के बीच स्कोर बोर्ड पर रन लगा सकता है। वहीं, अगर चौथी पारी में भारत को 200 से 250 रन का लक्ष्य मिलता है तो टीम के लिए इसे हासिल करना मुश्किल हो सकता है, जबकि इंग्लैंड इस टारगेट को 7 से 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर सकती है। वहीं, जीत प्रडिक्शन की बात करें तो इस मैच में इंग्लैंड की टीम फेवरेट नजर आ रही है, क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक इस मैदान पर एक भी जीत हासिल नहीं की है। अब देखना दिलचस्प होगा कि शुभमन एंड कंपनी इतिहास बदलने में कामयाब रहती है, या फिर इंग्लैंड मुकाबले को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाती है।

# आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए प्रतिका रावल पर लगा जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल पर इंग्लैंड के खिलाफ पहले महिला वनडे मुकाबले में आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह मैच बुधवार को साउथैम्प्टन में खेला गया था। रावल पर आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो किसी खिलाड़ी, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

इस उल्लंघन के साथ, रावल के अनुशासनिक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ दिया गया है। यह उनका पिछले 24 महीनों में पहला अपराध था। रावल को दो अलग-अलग घटनाओं में अनुचित शारीरिक संपर्क का दोषी पाया गया। पहली घटना 18वें ओवर में हुई, जब वह सिंगल दौड़ते समय इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर से टकरा गईं। दूसरी घटना अगले ओवर में हुई,जब आउट होकर पवेलियन लौटते समय उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन से टकराव किया।

**इंग्लैंड महिला टीम पर धीमे ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना**

इस बीच, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमे ओवर रेट के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। तय समय में ओवर पूरे न करने के कारण उन्हें एक ओवर पीछे पाया गया। यह कार्रवाई आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत की गई है, जिसमें धीमे ओवर रेट की स्थिति में प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपने अपराध स्वीकार किए और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रेफरी सारा बार्टलेट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया। इस वजह से किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। चार्ज लगाने वाले अंपायरों में सुए रेडफर्न, जैक्लिन विलियम्स, थर्ड अंपायर एना हैरिस, और फोर्थ अंपायर रॉब व्हाइट शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# लॉर्ड्स में शुभमन गिल से हुई बड़ी गलती को संजय मांजरेकर ने बताया नेगेटिव हरकत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और इग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में एक ऐसा विवाद भी हुआ, जो अब तक चर्चा का विषय बना हुआ है। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि शुभमन गिल ने जैक क्रॉली के साथ बहस में आक्रामक रवैया दिखाया, लेकिन इसका उनकी बल्लेबाजी पर नेगेटिव प्रभाव पड़ा। भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार गई। टेस्ट में शुभमन गिल और जैक क्रॉली के बीच तीखी बहस ने तीसरे दिन के खेल को रोमांचक बनाया। इंग्लैंड ने चौथे दिन इसका



बदला लिया। मांजरेकर ने विराट कोहली की तुलना में शुभमन गिल की मानसिकता पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि कोहली दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते थे, जबकि गिल का रवैया, जैसे क्रॉली के साथ बहस, उनकी बल्लेबाजी पर नेगेटिव असर डाल रहा है। उन्होंने कहा कि गिल के लिए जैक क्रॉली के साथ बहस एक नया अनुभव था। भारतीय खिलाड़ियों को आजकल विदेशी टीमों से आमतौर पर दोस्ताना व्यवहार मिलता है, इसलिए गिल इस आक्रामक माहौल के लिए तैयार नहीं थे और अनिश्चित दिखे। मांजरेकर ने यह भी संकेत दिया कि गिल ने लॉर्ड्स में अपना आक्रामक रूप शायद इसलिए दिखाया होगा क्योंकि उन्होंने बर्मिंघम में पिछले टेस्ट में 269 और 161 रन की पारी खेली थी। (अनंत ज्ञान)

# यूरोपीय दौरा: बेल्जियम ने भारत-ए हॉकी टीम को 3-1 से हराया

**एजेंसी, एंटवर्पन ( बेल्जियम )**

यूरोपीय दौरे के तहत भारत-ए पुरुष हॉकी टीम को बेल्जियम के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एंटवर्पन के स्पोर्टसेंट्रम विलरिज्कसेप्लेन मैदान में खेला गया। भारतीय टीम की ओर से एकमात्र गोल कप्तान संजय ने किया।

बेल्जियम ने मुकाबले की तेज शुरुआत करते हुए पहले ही क्वार्टर में तीन गोल दाग दिए और भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। हालांकि, इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बरतते हुए बेहतर खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। अंतिम क्वार्टर में भारत की ओर से एकमात्र गोल हुआ।



**कप्तान संजय ने भारत के लिए एकमात्र गोल किया**

मैच के बाद टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि शुरुआत थोड़ी कमजोर रही, लेकिन कुल-मिलाकर प्रदर्शन अच्छा था। हमने जल्दी गोल गंवाए, लेकिन इसके बाद वापसी करते हुए खेल को नियंत्रित किया। गेंद की पोजिशनिंग बेहतर थी और हमने कई मौके बनाए, अब हमें फिनिशिंग पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए उन पर काफी दबाव होता है। बावजूद इसके, ये युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ खेल रहे हैं। यह दौरा इनके विकास के लिए बेहद अहम है। अब हमें विश्व नंबर-1 टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ अगला मुकाबला खेलना है। ऐसे अनुभव भविष्य में इन खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद साबित होंगे। (अनंत ज्ञान)

# फिडे महिला वर्ल्ड कप: प्री-क्वार्टर फाइनल में चार भारतीय खिलाड़ी टाईब्रेक में पहुंचीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फिडे महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भारत की चारों महिला शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, आर वैषाली, कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली अपने-अपने मुकाबले टाईब्रेक में खेलने को मजबूर हो गई हैं।



दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की झू जिनर ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए दिव्या देशमुख को मात दी और मुकाबला टाईब्रेक में पहुंचा दिया। दिव्या ने बुधवार को सफेद मोहरों से खेलते हुए झू के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी और उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन ब्लैक मोहरों से खेलते हुए एक अनौपचारिक स्कॉच ओपनिंग में मिडिल गेम के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ गई और फिर एंडगेम में वापसी करना उनके लिए असंभव हो गया।

वहीं, आर. वैषाली ने कजाकिस्तान की मेरुर्ट कामालिदेनोवा के खिलाफ एक और ड्रॉ खेला। उन्होंने भी ब्लैक मोहरों से खेलते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचाया। अनुभवी कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली ने क्रमश: स्विट्जरलैंड की अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक और रूस की कैटेरीना लगनो के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ किया। इस बीच, चीन की तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। लेई टिंगजी ने उज्बेकिस्तान की उमिदा ओमोनोवा के खिलाफ आसानी से ड्रॉ किया, सॉन्ग यूसिन ने जॉर्जिया की लेला जावाखिशविली से भी ड्रॉ किया, जबकि तान झोंगयी ने यूलिया ऑस्मक को हराकर दूसरे गेम में आराम से ड्रॉ कर मुकाबला अपने नाम किया।

दिन की सबसे बड़ी उलटफेर स्थानीय खिलाड़ी नाना डजागनिडजे ने की, जिन्होंने यूक्रेन की मारिया मुझचुक को हराकर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। गौरतलब है कि इस विश्व कप के जरिए तीन खिलाड़ियों को 2026 की पहली छमाही में होने वाली फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### ग्लोबल सुपर लीग

# बारिश से स्टैग्स-राइडर्स के बीच मुकाबला रद्द

**एजेंसी, गुयाना।** एक्सॉनमोबिल गुयाना ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) के ग्रुप स्टेज का अंतिम मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे गत चैंपियन रंगपुर राइडर्स लगातार चौथी जीत दर्ज करने से चूक गई। प्रोविडेंस स्टेडियम में वीरवार रात भारी बारिश के कारण राइडर्स और प्वाइंट टेबल में सबसे नीचे चल रही सेंट्रल स्टैग्स के बीच मुकाबला पहले 17 ओवर प्रति पारी तक सीमित किया गया, फिर और घटाकर 14 ओवर किया गया, लेकिन बारिश की दोबारा वापसी के कारण मैच को रद्द कर दिया गया। इस दौरान सिर्फ राइडर्स की पारी ही पूरी हो सकी। राइडर्स की टीम मुकाबले से पहले एक अच्छी तैयारी या चुनौती की उम्मीद कर रही थी, लेकिन उन्हें स्टैग्स के गेंदबाजों से कड़ी टक्कर मिली। मुश्किल होती पिच और भीगे मैदान पर सैफ हसन और माहिदुल इस्लाम अंकों ही दोहरे अंक में पहुंच सके। पूरी टीम मात्र 13.5 ओवर में 79 रन पर सिमट गई।

हालांकि, बारिश ने राइडर्स को और शर्मिंदगी से बचा लिया, क्योंकि स्टैग्स की टीम को बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिल पाया और मुकाबला बिना नतीजे के समाप्त हो गया। सेंट्रल स्टैग्स का निराशाजनक अभियान इस प्रदर्शन से कुछ हद तक सकारात्मक अंत तक पहुंचा, जहां उनके गेंदबाजों ने विशेषकर निचले क्रम पर कहर ढाया। एंगस शॉ, जैडन लेनॉक्स और ब्लेयर टिकनर ने तीन-तीन विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम

# अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लास वेगास में चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम 2025 में भारत के अर्जुन एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

वहीं दूसरी ओर, भारत के ही आर प्रज्ञानंद को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ उनका मैच बेहद रोमांचक रहा, जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों प्रारूपों में जीतों के आदान-प्रदान के बाद आर्मागेडन तक पहुंचा। इस टूर्नामेंट का यह पहला आर्मागेडन मुकाबला था, जिसमें कारुआना ने काले मोहरों से बाज़ी मार ली। अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला अब सेमीफाइनल में लेवोन आरोनियन से होगा, जिन्होंने हिकारू नाकामुरा को टाईब्रेक में हराया। इस बीच, निचली ब्रैकेट में भारत के विदित गुजराती को मैग्नस कार्लसन ने हराते हुए इंटरमीडिएट मैच स्टेज-1 में प्रवेश किया है। इस चरण में कार्लसन का मुकाबला अब प्रज्ञानंद से होगा। (अनंत ज्ञान)

**कारुआना ने प्रज्ञानंद को रोमांचक मुकाबले में हराया**

# डिओगो वुल्व्स हॉल ऑफ फेम में शामिल

**एजेंसी, लंदन**

वुल्व्स फुटबॉल क्लब ने पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी डिओगो जोटा को अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने की घोषणा की। यह सम्मान उन्हें मैदान पर उनकी शानदार उपलब्धियों और उनके असामयिक निधन से फुटबॉल जगत पर पड़े गहरे प्रभाव को श्रद्धांजलि स्वरूप दिया गया है।



क्लब के अनुसार, जोटा और उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा जो स्वयं भी पेशेवर फुटबॉलर थे, का 3 जुलाई को स्पेन के जमोरा में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। आंद्रे की उम्र मात्र 25 वर्ष थी। वुल्व्स की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हॉल ऑफ फेम का संचालन एक स्वतंत्र समिति करती है, जिसकी अध्यक्षता क्लब के दिग्गज खिलाड़ी जॉन रिचर्ड्स करते हैं। आमतौर पर किसी खिलाड़ी को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का निर्णय लंबी चर्चा के बाद लिया जाता है, लेकिन इस दुखद घटना के मद्देनज़र यह निर्णय सर्वसम्मति से और त्वरित रूप से लिया गया। डिओगो जोटा ने जुलाई 2017 में एटलेटिको मैड्रिड से वुल्व्स में शामिल होकर कुल 131 मैचों में 44 गोल किए थे। उन्होंने 2017-18 सीजन में टीम को चैंपियनशिप खिताब जिताने और प्रीमियर लीग में प्रमोशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

क्लब ने अपने बयान में कहा कि क्लब के म्यूजियम के इस सबसे प्रतिष्ठित हिस्से में शामिल करने के लिए आमतौर पर हफ्तों या महीनों तक चर्चा होती है। लेकिन इस मामले में निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, यह दर्शाता है कि प्रशंसकों और फुटबॉल जगत में उनके लिए कितनी भावनाएं जुड़ी थीं और उन्होंने कितना गहरा प्रभाव छोड़ा है। वुल्व्स क्लब ने यह भी बताया कि वे जोटा और आंद्रे की याद में दो आगामी घरेलू मुकाबलों (9 अगस्त को सेल्टा विगो के खिलाफ अंतिम प्री-सीजन फ्रेंडली और एक सप्ताह बाद मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ प्रीमियर लीग ओपनर) में श्रद्धांजलि देंगे। (अनंत ज्ञान)

## आलोचकों को दिया करारा जवाब, 'मोस्ट वैल्यूड प्लेयर' बने जडेजा

# रवींद्र जडेजा के मुरीद हुए कोच गौतम गंभीर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगभग छह घंटे बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रनों से हराया और सीरीज में 1-2 से बढ़त हासिल कर ली। जडेजा के दमदार प्रदर्शन की अब मुख्य कोच गौतम गंभीर, सहायक कोच रेयान डेशकाटे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने तारीफ की है।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को भारतीय ड्रेसिंग रूम का एक खास वीडियो साझा किया, जिसमें भारतीय दिग्गजों को जडेजा की प्रशंसा करते देखा जा सकता है। इसी के साथ जडेजा को मोस्ट वैल्यूड प्लेयर (एमवीपी) का तमगा भी मिला। गंभीर ने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था। जडेजा का प्रदर्शन शानदार था।' (अनंत ज्ञान)

### डेशकाटे ने भी की जडेजा की तारीफ

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 36 वर्षीय ऑलराउंडर जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में 181 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर नाबाद रहे। नंबर सात पर बल्लेबाजी करने उतरे जडेजा को बुमराह और सिराज का साथ मिला, लेकिन वह भारत को जीत नहीं दिला सके। तीनों ने 34 से ज्यादा ओवर तक संघर्ष किया और इंग्लैंड के गेंदबाजों को निराश किया। डेशकाटे ने कहा कि उनकी बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में, उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जो निरंतरता और शांति दिखाई है... मैं उन्हें इतने वर्षों से देख रहा हूं और जिस तरह से उन्होंने अपने खेल को निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है, वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।

### चौथी पारी में सर्वाधिक गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय

**जडेजा** लॉर्ड्स में चौथी पारी में सबसे गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया। धोनी ने साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ इस मैदान पर चौथी पारी में 159 गेंदें खेली थीं। इस मामले में शीर्ष पर अजीत अगरकर हैं, जिन्होंने 2002 में 190 गेंदें खेली थीं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। इतने अनुभव के साथ,वह आमतौर पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में टीम की जरूरत के अनुसार प्रदर्शन करते हैं। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।